वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

रविवार, 08 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 38, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 को प्राथमिकता देगा भारत

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 स्वदेशी चिप डिजाइन, उत्पादन, पारिस्थितिकी साझेदार को आकर्षित करने व प्रतिभा के विकास को प्राथमिकता देगा। } 14

## घाटी में 2023 से बढ़ी पर्यटकों की संख्या : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के कारण पर्यटन उद्योग को लगे झटके के बीच जम्मू-कश्मीर आने के लिए देशभर से पर्यटकों का उत्साह कम नहीं हुआ है। } 16

# उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी

## मुख्यमंत्री ने गुरु गोरखनाथ महाविद्यालय में किया पौधरोपण

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने उत्तराखंड प्रवास के दूसरे दिन गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय बिथ्याणी (यमकेश्वर) का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय परिसर में आम का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर सेना की 127 गढ़वाल इन्फेंट्री बटालियन के जवानों ने भारत मां की जय के नारों से माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों ने भी भारत माता के साथ-साथ सीएम योगी के समर्थन में नारे लगाए। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण भी किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने अपने गुरु राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। विद्यालय परिवार की तरफ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारत की सबसे मजबूत मुद्रा बन गया है विश्वास : मोदी

## ❍ दो दिवसीय यात्रा पर मलेशिया पहुंचे प्रधानमंत्री ❍ भारत-मलेशिया के बीच जीवंत सेतु हैं भारतीय

एजेंसी



कुआलालंपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है और यह बात ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) समेत विभिन्न देशों के साथ हाल में हुए व्यापार समझौतों में परिलक्षित होती है।

मोदी ने भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय प्रवासी भारत और मलेशिया के बीच एक जीवंत सेतु का काम करते हैं और उन्होंने द्वीपसमूह राष्ट्र में एक नये वाणिज्य दूतावास और छात्रों को भारत में अध्ययन करने में सक्षम बनाने के लिए तिरुवल्लुवर छात्रवृत्ति की घोषणा की। शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर कुआलालंपुर पहुंचे मोदी ने विभिन्न देशों के साथ भारत द्वारा किए गए व्यापार समझौतों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ और अमेरिका के भारत के साथ व्यापारिक समझौते हुए हैं और विश्वास भारत की सबसे मजबूत मुद्रा बन गया है। उन्होंने कहा कि मलेशिया में भारतीय मूल के लगभग 30 लाख लोग रहते हैं, जो विश्व में भारतीय मूल के लोगों का दूसरा सबसे बड़ा समुदाय है, जिनमें से ज्यादातर लोग तमिल मूल के हैं। भारतीय समुदाय के सदस्यों का विभिन्न भाषाओं में अभिवादन करते हुए, प्रधानमंत्री ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम की गायन प्रतिभा, विशेष रूप से दिग्गज अभिनेता एम जी रामचंद्रन (एमजीआर) के तमिल गीतों के प्रति उनके प्रेम को उजागर किया। मोदी ने कहा तमिल भाषा भारत की ओर से विश्व को दिया गया उपहार है। तमिल साहित्य शाश्वत है और तमिल संस्कृति वैश्विक है। तमिल लोगों ने अपनी प्रतिभा से मानवता की सेवा की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### टी-20 वर्ल्डकप : भारत ने अमेरिका को हराया

मुंबई। कप्तान सूर्यकुमार यादव की नाबाद 84 रन की अर्धशतकीय पारी से भारत ने शनिवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी टी20 विश्व कप के शुरूआती मैच में अमेरिका को 29 रन से हरा दिया। भारत ने सूर्यकुमार की पारी से शीर्ष और मध्यक्रम की नाकामी के बावजूद नौ विकेट पर 161 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में अमेरिका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 132 रन ही बना सकी। भारतीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने एक और मोहम्मद सिराज ने 18 रन देकर दो विकेट झटके। सिराज दोनों गेंदबाजों में सबसे ज्यादा खतरनाक थे। उन्होंने दोनों सलामी बल्लेबाज एंड्रीज गॉस (06) और साईतेजा मुक्कमल्ला (02) को आउट किया।

### ट्रक की चपेट में आने से छह लोगों की मौत

मथुरा। यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कंटेनर ट्रक के बस से टकरा जाने से छह लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना मथुरा जिले के सुरीर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो बजकर 45 मिनट पर हुई। सुरीर पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब नोएडा से कानपुर जा रही एक बस को बीच में एक यात्री के शौचालय जाने के कारण रोका गया था। उन्होंने बताया कि एक कंटेनर ने बस को बगल से टक्कर मार दी, जिससे बस से उतरकर सड़क पर खड़े छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# भारत के लिए खुला तीन हजार अरब डॉलर का अमेरिकी बाजार

## ❍ भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमत ❍ व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे दोनों देश

एजेंसी



(फाइल फोटो)

नयी दिल्ली/वाशिंगटन। भारत और अमेरिका ने शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा पर पहुंचने की घोषणा की जिसके तहत दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे।

अमेरिका, भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को मौजूदा 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। वहीं भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत शृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं। दोनों देशों के एक संयुक्त बयान के मुताबिक, भारत ने अगले पांच साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान और विमान कलपुर्जे, कीमती धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोयला खरीदने का इरादा जताया है। बयान के मुताबिक, अमेरिका और भारत को पारस्परिक और द्विपक्षीय रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते के लिए रूपरेखा तैयार करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से रूसी तेल की खरीद पर पिछले वर्ष अगस्त में भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क को हटा दिया है। ट्रंप ने कहा कि भारत ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारत ने रूस से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तेल आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। आदेश में कहा गया है, सात फरवरी, 2026 को स्थानीय समयानुसार रात 12:01 बजे या उसके बाद उपभोग के लिए आयातित या गोदाम से उपभोग के लिए निकाले गए उत्पादों के संबंध में, अमेरिका में आयातित भारतीय उत्पादों पर कार्यकारी आदेश 14329 के तहत लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त मूल्य-आधारित शुल्क लागू नहीं होंगे। इस बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अंतरिम व्यापार समझौता किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर खोलकर मेक इन इंडिया को मजबूत करेगा और महिलाओं एवं युवाओं के लिए रोजगार सृजित करेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अंतरिम समझौते से भारतीय निर्यातकों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई), किसानों और मछुआरों के लिए 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर का बाजार खुलेगा। इसका कारण भारतीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

### 44 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर जवाबी शुल्क शून्य : गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के तहत अमेरिका को होने वाले लगभग 44 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर शून्य जवाबी शुल्क लगेगा। इस समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारत और अमेरिका ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

### एमएसएमई को वैश्विक मूल्य शृंखलाओं से जुड़ने में मिलेगी मदद : सीतारमण




नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत-अमेरिका अंतरिम समझौता ढांचा भारतीय एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) को वैश्विक मूल्य शृंखलाओं से जुड़ने में मदद करेगा और इससे व्यवसायों तथा उपभोक्ताओं के लिए लागत कम होगी। इस ढांचे के तहत दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई ...शेष पृष्ठ 14 पर

# एपस्टीन फाइल से यूरोप में भूचाल

## ❍ जांच के घेरे में कद्दावर हस्तियां ❍ कई राजनेताओं पर गहराया संकट

एजेंसी




लंदन। एपस्टीन फाइल जारी होने के बाद यूरोप के विभिन्न देशों की कई नामचीन हस्तियां जांच के घेरे में हैं। इनमें एक प्रिंस, कई राजनेता, राजदूत और विभिन्न क्षेत्रों के नामी गिरामी चेहरे शामिल हैं। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा बड़ी संख्या में जारी एपस्टीन फाइल ने यूरोप के राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक अभिजात वर्ग को स्तब्ध कर दिया है। कई लोग अचानक नकारात्मक कारणों से सुर्खियों में आ गए हैं, कई का करियर असमय खत्म हो गया और कुछ के खिलाफ आपराधिक, राजनीतिक जांच में तेजी आई है। वाशिंगटन में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन को बर्खास्त कर दिया गया और उन्हें जेल जाना पड़ सकता है। मैंडेलसन की नियुक्ति पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर को नेतृत्व संकट का सामना करना पड़ रहा है। नॉर्वे, स्वीडन और स्लोवाकिया में कई कद्दावर हस्तियों की साख को धक्का लगा है। नवीनतम फाइल से पहले ही, महाराजा चार्ल्स तृतीय के भाई एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर ने अपना सम्मान, राजसी पदवी और करदाताओं द्वारा वित्त पोषित हवेली खो दी। पूर्व प्रिंस एंड्रयू के अलावा, उनमें से किसी पर भी यौन उत्पीड़न का दावा नहीं किया गया है। यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध के कारण उन्हें हटा ...शेष पृष्ठ 14 पर

### एसटीएफ ने फर्जी आईबी उपनिदेशक को दबोचा

बिजनौर। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की टीम ने यहां खुद को खुफिया ब्यूरो (आईबी) का उपनिदेशक बताकर अधिकारियों पर धौंस जमाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान मनोज चौहान निवासी मोहम्मदपुर त्रिलोकवाला थाना नगीना देहात (बिजनौर) के रूप में हुई है। एसटीएफ की मेरठ इकाई के निरीक्षक रविंद्र कुमार ने शनिवार को बताया कि शिकायत के आधार पर शुक्रवार शाम धामपुर में नगीना मार्ग पर आईबी के फर्जी उपनिदेशक मनोज चौहान को गिरफ्तार किया गया।

# उत्तराखण्ड के विकास की दिशा तय करेगा बजट

प्रमुख संवाददाता

❍ चम्पावत में बजट-पूर्व जनसंवाद जनता की सहभागिता से गढ़ी जा रही आर्थिक नीति



चम्पावत। उत्तराखण्ड के आगामी बजट को जनअपेक्षाओं और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा एनएचपीसी सभागार, बनबसा में बजट-पूर्व जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुए इस संवाद में विकास, आत्मनिर्भरता और सहभागी शासन की अवधारणा पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्यमंत्री के अपर सचिव मनमोहन मैनाली ने किया। वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने राज्य की आर्थिक प्रगति का आंकड़ों सहित विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि पिछले पाँच वर्षों में पूंजीगत व्यय में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2021-22 में 7,534 करोड़ रहा कैपिटल आउटले बढ़कर वर्तमान में 14,765 करोड़ ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खेल निदेशक उप्र डॉ. आरपी सिंह व विशिष्ट अतिथि बीबीडी ग्रुप की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता ने किया

# अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन

विशेष संवाददाता














फोटो : समीर भटनागर

लखनऊ। अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन शनिवार को अत्यंत गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा सात तक के विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय की अध्यक्षा व बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत विद्यालय गीत से हुई, जिसने वातावरण को गौरव और एकता की भावना से ओतप्रोत कर दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट ने अनुशासन, समन्वय व आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। तत्पश्चात खेल शपथ दिलाई गई, जिसके माध्यम से निष्पक्षता, ईमानदारी एवं खेल भावना के मूल्यों को सुदृढ़ किया गया। इसके बाद प्रस्तुत एडीजी लोगो फॉर्मेशन ने रचनात्मकता, सामूहिक प्रयास तथा टीमवर्क का प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण प्री-प्राइमरी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रिबन बैंड ड्रिल रहा, जिसने अपनी रंगीन एवं सौम्य प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उपरांत विभिन्न आयु वर्गों हेतु आयोजित स्प्रिंट दौड़, बाधा दौड़, हर्डल दौड़, रिले दौड़ तथा पिक एंड रन, क्रॉस द रिवर, एडवेंचर ट्रैक रेस जैसी रोचक एवं चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिताओं का ...शेष पृष्ठ 14 पर



# भारतीय ज्ञान प्रणाली हमारी सांस्कृतिक पहचान का आधार है : महेश द्विवेदी



विशेष संवाददाता (vol)

- बीबीडीयू में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय,लखनऊ के स्कूल ऑफ एजुकेशन द्वारा 4 एवं 5 फरवरी को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में समझना तथा आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में भारतीय ज्ञान परंपरा के सिद्धांतों एवं विचारों को सम्मिलित करने पर केंद्रित रहा।

बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता,प्रो चांसलर विराज सागर दास एवं बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. (डॉ.) श्री कृष्ण श्रीवास्तव, प्रति कुलपति प्रो. सतीश चंद्र शर्मा, कुलसचिव, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, डायरेक्टर आई.क्यू.ए.सी,विभिन्न स्कूलों के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। दीप प्रज्वलन एवं श्री गणेश वंदना के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी, उत्तर प्रदेश पुलिस एवं प्रख्यात लेखक-पत्रकार महेश द्विवेदी ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली हमारी सांस्कृतिक पहचान का आधार है तथा इसे शिक्षा से जोड़ना वर्तमान समय की आवश्यकता है। सम्मेलन के मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. डॉ. शिव वरन शुक्ला, निदेशक, संस्कृत शोध संस्थान, रायबरेली ने भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय शिक्षा दर्शन समग्र विकास पर आधारित है, जिसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 सशक्त बनाती है। उन्होंने आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश पर विशेष बल दिया।

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के सामूहिक सत्रों में प्रो. कृष्ण कुमार झा (स्कूल ऑफ इंडियन स्टडीज, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट, मॉरिशस), प्रो. भुवनेश शर्मा,पूर्व कुलपति, महार्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश एवं प्रो. रमेश प्रसाद पाठक,श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं एनईपी-2020 के संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान प्रणाली, संस्कृत, वैदिक परंपरा एवं समकालीन शिक्षा के समन्वय पर विस्तार से चर्चा की।

सम्मेलन में देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न तकनीकी सत्रों में सक्रिय सहभागिता की तथा अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।इस अवसर पर विभिन्न देशों से पधारे अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों द्वारा शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिससे सम्मेलन की वैश्विक अकादमिक सहभागिता और प्रभावशीलता सुदृढ़ हुई। यह प्रयास भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा प्रणाली एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में समझने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

सम्मेलन की संयोजक प्रो. (डॉ.) कनक द्विवेदी, हेड एवं डीन (इन चार्ज), स्कूल ऑफ एजुकेशन ने कहा कि यह सम्मेलन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा को अकादमिक विमर्श से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। समापन सत्र एवं पूरे कार्यक्रम के सफल आयोजन में बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, शोधार्थियों, वालंटियर्स एवं प्रशासनिक स्टाफ का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा।

सम्मेलन संयोजक प्रो. कनक द्विवेदी ने चांसलर,प्रो चांसलर,वाइस प्रेसिडेंट, कुलपति, प्रति-कुलपति, कुलसचिव,डीन स्टूडेंट वेलफेयर, विभिन्न स्कूलों के डायरेक्टर, डीन, विभागाध्यक्षों, आयोजन सचिव सुश्री नेहा शुक्ला एवं डॉ. मुदित कुमार वर्मा, स्कूल ऑफ एजुकेशन के समस्त शिक्षकगण, समिति के सदस्यों, सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, आयोजन समिति एवं सहयोगकताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शिक्षा प्रणाली में भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रभावी एकीकरण की दिशा में स्कूल ऑफ एजुकेशन, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ का एक सार्थक एवं महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध हुआ।

# रामपुर में जनता दर्शन बना जीवनदायिनी राहत केंद्र

## तीन माह में बने 90 अंत्योदय व 147 आयुष्मान कार्ड

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरकारी योजनाओं के साथ संवेदनशील प्रशासनिक इच्छाशक्ति जुड़ जाए तो वे ज़िंदगी बचाने और जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशहाली का जरिया बन जाती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इसी विजन को जमीन पर उतारने के लिए रामपुर जिला प्रशासन ने जनता दर्शन में अनूठी पहल शुरू की, जो पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल बन कर सामने आयी है। रामपुर ऐसा जिला बन गया है, जहां जनता दर्शन में न केवल आयुष्मान कार्ड बनाकर फरियादियों की गंभीर बीमारी का इलाज करवाया जा रहा, बल्कि उनकी पात्रता को चिह्नित कर अंत्योदय कार्ड बनवाकर योगी सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। डीएम रामपुर अजय कुमार द्विवेदी की अनूठी पहल ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंदों के जीवन में उम्मीदों की रोशनी भर दी है, जो दशार्ता है कि प्रशासन चाहे तो बदलाव संभव है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप रामपुर में सुबह 10 से 12 बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर में होने वाला जनता दर्शन अब केवल शिकायत सुनने का मंच नहीं, बल्कि पीड़ितों के लिए जीवनदायिनी राहत का केंद्र बन चुका है। गंभीर बीमारियों से जूझते, गरीबी के बोझ तले दबे लोग जब सरकारी मदद की आस लेकर यहां आते हैं, तो उन्हें आश्वासन नहीं, बल्कि तत्काल समाधान मिलता है। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने एक अभिनव व्यवस्था लागू की है। इसके तहत जिलाधिकारी कार्यालय में जनता दर्शन में जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा पीड़ित व्यक्ति की जांच की जाती है। इसके बाद गंभीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों के दस्तावेजों की जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा जांच की जाती है। पात्रता सुनिश्चित होने पर महज 7 दिनों के अंदर अंत्योदय कार्ड के साथ ही इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जाता है। इतना ही नहीं, कई मामलों में यह प्रक्रिया 3-4 दिनों में ही पूरी कर दी जा रही है। जिलाधिकारी की अनूठी पहल से इलाज के अभाव में मायूस लोग आयुष्मान कार्ड हाथ में लेकर मुस्कुराने लगते हैं। किसी को कैंसर के इलाज की जरूरत थी, तो कोई किडनी या गंभीर हृदय रोग से पीड़ित था। इलाज के लिए दर-दर भटकने के बाद जब प्रशासन ने न सिर्फ आयुष्मान कार्ड बनवाया, बल्कि राशन, आवास और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिलाया, तो पीड़ितों की आंखें नम हो उठीं। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि वर्ष 2011 की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना सूची में नाम न होने के कारण जो लोग अब तक योजनाओं से वंचित थे, ऐसे पात्र परिवारों की नियमानुसार जांच कर तत्काल अंत्योदय राशन कार्ड जारी किये जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य है कि सरकारी योजनाएं केवल आंकड़ों तक सीमित न रहें, बल्कि जरूरतमंद इंसान तक पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समाज के आखिरी व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के विजन को आत्मसात करते हुए जनता दर्शन में यह अनूठी पहल शुरू की गयी है। पिछले तीन महीनों में 90 पात्र लोगों के अंत्योदय और 147 आयुष्मान कार्ड बनवाए गए हैं।

जनता दर्शन में जिला अस्पताल के डॉक्टरों की मौजूदगी इस पहल को और प्रभावी बनाती है। मौके पर ही स्वास्थ्य परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाता है कि मरीज को तुरंत इलाज की सुविधा मिले। कई मामलों में उसी दिन आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराकर अस्पताल में भर्ती की प्रक्रिया शुरू करा दी जाती है। योगी सरकार की यह दूरदर्शी सोच और प्रशासनिक तत्परता आमजन के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यही वजह है कि जनता दर्शन में आने वाले लोग अब निराश नहीं, बल्कि उम्मीद के साथ आते हैं। रामपुर जिलाधिकारी की पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरीब-कल्याण केंद्रित शासन नीति का जीवंत उदाहरण है।

योगी सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति इलाज, भोजन और सम्मानजनक जीवन से वंचित न रहे। रामपुर में डीएम अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में यही संकल्प साकार होता दिख रहा है।

# विहिप चलायेगा नशा मुक्ति अभियान : मिलिंद परांडे

## 2023 में देश की 13 लाख महिलाएं लापता, लव जिहाद का हुईं शिकार

विशेष संवाददाता (vol)




- बजरंग दल की अखिल भारतीय बैठक का शुभारंभ

**लखनऊ।** विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल की दो दिवसीय अखिल भारतीय बैठक का शनिवार को शुभारंभ हुआ। एस आर इंस्टीट्यूशंस, सीतापुर रोड बीकेटी में आयोजित कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे एवं विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, बजरंगदल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापत, सह संयोजक विवेक ,पूज्य संत राम शरण दास जी महाराज, विश्व हिन्दू परिषद लखनऊ पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेंद्र की मौजूदगी रही। इस अखिल भारतीय बैठक में पूरे देश से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए जिसमें प्रत्येक प्रदेश की बजरंग दल की टोली उपस्थित रही।

कार्यक्रम में ही आयोजित पत्रकार वार्ता में विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केन्द्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने बताया युवाओं में बढ़ रहे नशे को लेकर चिंता जताई और कहा समाज के विभिन्न वर्गों में युवा वर्ग नशे की दिशा में बढ़ता जा रहा है समाज में कई प्रकार के नशे को अपना रहा है इसमें विशेष रूप से समाज को जागृत होकर युवाओं को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने अपने संवाद में कहा कि आज परिवारों का विघटन होता जा रहा है नई पीढ़ी के परिवारों में पारिवारिक कलह बढ़ती जा रही है यह बहुत ही चिंता का विषय है इसको लेकर समाज में आ रही कमियों को लेकर परिवार के बीच समन्वय की आवश्यकता है। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया ने कहा कि 2023 में देश की 13 लाख महिलाएं लापता हुईं। इनमें से एक बड़ा वर्ग लव जिहाद का शिकार हुआ है। केरल की हजारों लड़कियां लव जिहाद का शिकार हुई।

इस असंतुलन के पीछे कई अराजक तत्व योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहे हैं, जिनमें विशेष रूप से धार्मिक मतांतरण, लव जिहाद, बांग्लादेश और म्यांमार से हो रही मुस्लिम घुसपैठ, और हिन्दू समाज में घटती जन्मदर शामिल हैं।

## यूपी में बिजली आपूर्ति में व्यापक सुधार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली संकट अब बीते दौर की बात बन गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने बिजली की कमी से जूझने वाले राज्य की छवि को पीछे छोड़ते हुए ऊर्जा स्थिरता और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। प्रदेश में बिजली की मांग व आपूर्ति के बीच का अंतर लगातार घटा है और अब यह लगभग शून्य के स्तर पर पहुंच गया है। योगी आदित्यनाथ सरकार का मानना है कि मजबूत बिजली व्यवस्था ही मजबूत अर्थव्यवस्था की बुनियाद होती है। बेहतर बिजली आपूर्ति के चलते प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ा है, एमएसएमई सेक्टर को संबल मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में उत्तर प्रदेश की बिजली की कुल आवश्यकता 1 लाख 44 हजार 251 मिलियन यूनिट थी। योगी सरकार ने बिजली की मांग व आपूर्ति के अंतर को समाप्त करने के लिए नीतियों और प्रबंधन सुधारों का जो प्रयास किया, उसका असर दिखने लगा। वित्त वर्ष 2023-24 में आपूर्ति 1 लाख 48 हजार 287 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 1 लाख 64 हजार 786 मिलियन यूनिट हो गई। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ। इस अवधि में बिजली की कमी व्यावहारिक रूप से लगभग खत्म हो गई है। योगी सरकार ने बिजली उत्पादन और आपूर्ति के साथ साथ पारेषण व वितरण व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया। राष्ट्रीय ग्रिड के माध्यम से अधिशेष बिजली वाले राज्यों से उत्तर प्रदेश को समय पर बिजली उपलब्ध कराई गई। सर्वाधिक मांग (पीक ऑवर) के समय भी प्रदेश में बिजली आपूर्ति लगभग पूरी की गई, जिससे उद्योगों और घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिली। संशोधित वितरण क्षेत्र सुधार योजना (आरडीएसएस) के अंतर्गत जर्जर लाइनों को बदला गया, ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई गई और स्मार्ट मीटरिंग को बढ़ावा दिया गया। इससे वितरण कंपनियों के घाटे में कमी आई और बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ। ग्रामीण इलाकों में बिजली पहुंचाने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और सौभाग्य योजना के जरिए बड़े स्तर पर काम किया गया। गांवों और घरों तक बिजली पहुंचने से कृषि, कुटीर उद्योग और छोटे कारोबार को नई गति मिली है।

# यूपी बना देश में बाढ़ प्रबंधन का मॉडल स्टेट

- प्रदेश में 1,950 बाढ़ परियोजनाओं से 3.72 करोड़ लोगों को मिला प्रत्यक्ष लाभ
- वर्ष 2017 से अब तक 523 तटबंधों के निर्माण से 3,869 किमी क्षेत्र बना सुरक्षित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बाढ़ सुरक्षा और जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में मॉडल स्टेट के तौर पर सामने आया है। वर्ष 2017-18 से लेकर 2025-26 तक हर साल बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं की संख्या, सुरक्षित क्षेत्र और लाभान्वित जनसंख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश के आठ प्रमुख रिवर बेसिन गंगा, यमुना, गण्डक, सरयू, रामगंगा, राप्ती-रोहिन, सोन और गोमती नदियों के डूब क्षेत्र में वर्ष 2017 से अब तक 1,950 बाढ़ परियोजनाओं को पूरा किया जा चुका है। इसके साथ ही 3869 किलोमीटर क्षेत्र में 523 तटबंधों का निर्माण किया गया है, जिससे प्रदेश की लगभग 3.72 करोड़ से अधिक आबादी प्रत्यक्ष तौर पर लाभान्वित हुई है, साथ ही प्रदेश में सिंचाई व्यवस्था को भी सुदृढ़ आधार प्राप्त हुआ है।

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की ओर से वर्ष 2017-18 में जहां 74 बाढ़ नियंत्रण परियोजनाए संचालित की गई थीं, जिनकी संख्या वर्ष 2018-19 बढ़कर 111 हो गई। जिसके चलते प्रदेश में बाढ़ सुरक्षित क्षेत्र 0.65 लाख हेक्टेयर से बढ़कर लगभग 1.88 लाख हेक्टेयर पहुंच गया और इससे लाभान्वित जनसंख्या बढ़कर 22.03 लाख पहुंच गई। इसी क्रम में वर्ष 2019-20 में 151 और वर्ष 2020-21 में 196 परियोजनाओं के माध्यम से क्रमशः 2.88 और 5.01 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को बाढ़ से सुरक्षा प्रदान की गई। वहीं वर्ष 2021-22 में 167 परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में बाढ़ सुरक्षित क्षेत्र दोगुना बढ़कर 10.90 लाख हेक्टेयर पहुंच गया। जिसने प्रदेश के 46.26 लाख लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर राहत प्रदान की।

प्रदेश में बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं को निरंतर प्रगति देते हुए वर्ष 2022-23 में 283 परियोजनाओं के जरिए 3.64 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को बाढ़ सुरक्षा प्रदान की गई। वर्ष 2023-24 में प्रदेश में बाढ़ सुरक्षा कार्यों ने अब तक का सर्वोच्च स्तर छुआ। इस वर्ष 362 परियोजनाओं ने 10.79 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को सुरक्षा प्रदान की, जिससे 68.97 लाख लोगों को राहत मिली। वहीं वर्ष 2024-25 में 321 परियोजनाओं के संचालन से 4.97 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को बाढ़ सुरक्षा प्रदान की गई। इसी क्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 285 परियोजनाओं के माध्यम से बाढ़ सुरक्षित क्षेत्र में 4.33 लाख हेक्टेयर वृद्धि की गई और 55.69 लाख आबादी को बाढ़ सुरक्षा प्रदान की गई है। विभाग की इन परियोजनाओं के सफल संचालन से प्रदेश में लगभग 3.72 करोड़ से अधिक आबादी प्रत्यक्षतौर पर लाभान्वित हुई है।

# बीसी सखियों ने किया 40 हजार करोड़ का लेन-देन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में एक ग्राम पंचायत एक बीसी सखी योजना ने सफलता की नई कहानी लिखी है। बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट सखी (बीसी सखी) के रूप में काम कर रही ग्रामीण महिलाओं ने अब तक करीब 40,000 करोड़ का बैंकिंग लेन-देन किया है, जिसके जरिए 106 करोड़ से ज्यादा का लाभांश भी मिला है। राज्य में इस योजना के तहत अब तक 40 हजार बीसी सखियां तैनात की जा चुकी हैं, जिनके जरिए बैंक अब लोगों के घर तक पहुंचा है। ग्रामीणों को भी रोजमर्रा के बैंक संबंधित कामों में काफी सहूलियत मिल रही है। योजना से राज्य की हजारों महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हुई हैं और परिवार की जिम्मेदारी भी उठा रही हैं।

बीसी सखियां गांवों में लोगों की पैसे जमा करने और निकालने समेत खाते से लेन-देन, लोन के लिए आवेदन, मनी ट्रांसफर, आरडी व एफडी खुलवाने तक में मदद करती हैं। इससे ग्रामीणों को बैंक शाखा तक जाने की जरूरत नहीं पड़ रही। इस योजना की शुरूआत मई 2020 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की थी। इसका मकसद था कि गांवों के लोगों को बैंक की सुविधाएं उनके घर के पास मिल जाएं और स्थानीय महिलाओं को भी रोजगार के अवसर मिलें। इस सुविधा के शुरू हो जाने के बाद से ग्रामीणों को शहरों के चक्कर काटने से राहत मिली है। राज्य की 57,000 से अधिक ग्राम पंचायतों में बीसी सखियों की तैनाती का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत अभी तक 50,225 बीसी सखियों को प्रशिक्षण देकर प्रमाणित किया जा चुका है। इनमें से लगभग 40,000 बीसी सखियां वर्तमान में गांवों में काम कर रही हैं। बीसी सखी योजना ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है।

आज ये महिलाएं गांव में बैंकिंग की पहचान बन चुकी हैं और लोगों का भरोसा भी जीत रही हैं। योगी सरकार की यह योजना गांवों में बैंकिंग पहुंचाने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की मजबूत मिसाल बन रही है। इस योजना के तहत 106 करोड़ रुपये से ज्यादा का लाभांश भी अर्जित किया जा चुका है।

# राजित राम ने उद्यानिकी खेती से अयोध्या जिले का बढ़ाया मान

विशेष संवाददाता (vol)



- राज्य स्तर पर मिली पहचान, जन भवन में राज्यपाल ने किया सम्मानित

**अयोध्या।** जिले में एक प्रगतिशील किसान की सफलता की प्रेरणादायक कहानी ने सबका ध्यान खींचा है। तारुन विकासखंड के ग्राम सिहोरिया के निवासी राजित राम ने अपनी मेहनत, नई तकनीकों और योगी सरकार की किसान-समर्थक नीतियों के सहारे मात्र 4.09 हेक्टेयर भूमि पर अमरूद व शिमला मिर्च की खेती से पांच लाख रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ कमाया है। यह उपलब्धि न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने में सफल रही, बल्कि जिले के अन्य किसानों के लिए भी एक मिसाल बन गई है।

जिला उद्यान अधिकारी अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद अयोध्या में प्रगतिशील किसानों की आय बढ़ाने के लिए उद्यान विभाग लगातार कार्य कर रहा है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि वे पारंपरिक खेती से हटकर बागवानी और उच्च मूल्य वाली फसलों की ओर रुख करें। राजित राम जैसे किसान अब अन्य साथी किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। वे ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अपनी तकनीक और अनुभव साझा कर रहे हैं। बता दें कि योगी सरकार ने पिछले वर्षों में किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। ड्रिप इरिगेशन, मल्चिंग और अन्य सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं पर सब्सिडी, बागवानी मिशन के तहत सहायता और बाजार उपलब्धता बढ़ाने के प्रयासों से किसानों की स्थिति पहले से काफी मजबूत हुई है।

राजित राम ने बताया कि उन्होंने इस सीजन में 4.09 हेक्टेयर क्षेत्र में अमरूद व शिमला मिर्च की फसल लगाई। इसमें ड्रिप इरिगेशन, मल्चिंग, इंटरक्रॉपिंग और स्टेप क्रॉपिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का भरपूर उपयोग किया गया। सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (ड्रिप इरिगेशन) के कारण पानी की बचत हुई और फसल की गुणवत्ता बेहतर बनी। कुल निवेश लगभग 3.40 लाख रुपये रहा, जबकि उत्पादन से कुल आय 8.50 लाख रुपये हुई। इससे शुद्ध लाभ 5.10 लाख रुपये प्राप्त हुआ। उत्पादन में 20 टन अमरूद व 14 टन शिमला मिर्च शामिल थी। उन्होंने स्थानीय मंडियों के साथ-साथ मंडलीय स्तर पर भी विपणन किया, जिससे फसल का अच्छा भाव मिला। राजित राम की इस सफलता को राज्य स्तर पर भी सराहा गया। जन भवन में शुक्रवार को आयोजित फल-फूल एवं शाकभाजी प्रदर्शनी में उन्होंने भाग लिया, जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उनकी पीठ थपथपाई और उन्हें सम्मानित किया। यह सम्मान उनके नवाचारपूर्ण कार्य और किसानों की आय बढ़ाने में योगदान के लिए दिया गया। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे किसान प्रदेश की प्रगति के प्रतीक हैं और सरकार किसानों की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत है। अयोध्या जैसे पवित्र स्थल में जहां राम मंदिर के कारण पर्यटन और आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं, वहां बागवानी फसलों की मांग भी बढ़ी है। अमरूद व शिमला मिर्च जैसी फसलें न केवल स्थानीय बाजार में अच्छा दाम पाती हैं, बल्कि आसपास के शहरों में भी निर्यात की जा रही हैं। राजित राम कहते हैं कि मैंने लघु कृषक के रूप में औद्यानिक फसलों से शुरूआत की थी। पहले आर्थिक स्थिति सामान्य थी, लेकिन नवीन तकनीकों और सरकारी सहायता से आय कई गुना बढ़ गई। अब हमारी परिवार की स्थिति आशातीत रूप से बेहतर हो गई है। उनकी सफलता से सिहोरिया गांव और तारुन ब्लॉक के अन्य किसान भी प्रेरित हो रहे हैं।

# 2030 तक हरियाली युक्त होगा यूपी का 15 फीसदी भाग

## गांवों में पर्यावरण संरक्षण में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित कर रही ग्रीन चौपाल

विशेष संवाददाता (vol)

> मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर गांवों में ग्रीन चौपालें लगाई जा रही हैं। इसका उद्देश्य यूपी में हरियाली बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण है। इसके लिए ग्रीन चौपाल की भी मदद ली जाएगी। गांव स्तर पर प्रधान इसके अध्यक्ष बनाए गए हैं। प्रतिमाह ग्रीन चौपाल की कम से कम एक बैठक अनिवार्य रूप से हो रही है। अब तक 14,318 गांवों में ग्रीन चौपालों का गठन व आयोजन किया जा चुका है। उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्रीन चौपालों को चिह्नित भी किया जा रहा है।
> रामकुमार, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन विभाग उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2030 तक प्रदेश के हरित आवरण को 15 प्रतिशत तक लाने का निर्देश दिया है। यह लक्ष्य तभी हासिल होगा, जब पौधरोपण को जनांदोलन का स्वरूप दिया जा सके। सीएम के विजन को केंद्र में रखते हुए वन विभाग ने गांवों में ग्रीन चौपालों का गठन करने का निर्णय किया और इसके जरिए पर्यावरण संरक्षण में आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित की। विभिन्न विभागों के सहयोग से प्रत्येक ग्रामसभा स्तर पर ग्रीन चौपाल का गठन किया जा रहा है। अब तक 14,318 गांवों में चौपाल का गठन/आयोजन किया जा चुका है।

इन ग्रीन चौपालों में शामिल होने वाले लोगों से वर्ष 2026 में चलाए जाने वाले पौधरोपण अभियानों पर चर्चा करने के साथ-साथ उन्हें तैयारी से संबंधित जिम्मेदारियां भी सौंपी जा रही हैं। ग्रीन चौपालें ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों आदि को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दे रही हैं। ग्रीन चौपाल के अध्यक्ष ग्राम प्रधान, सेक्शन/बीट अधिकारी सदस्य सचिव तथा ग्राम पंचायत सचिव संयोजक बनाए गए हैं। इसके अलावा तीन ग्राम पंचायत सदस्य (न्यूनतम एक महिला सदस्य), स्वयं सहायता समूह की एक महिला प्रतिनिधि, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी सहायिका, प्रगतिशील कृषक, पर्यावरणविद/स्थानीय एनजीओ के प्रतिनिधि व जैव विविधता प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि चौपाल के सदस्य हैं। प्रदेश की हरियाली बढ़ाने के उद्देश्यों से प्रत्येक माह ग्रीन चौपाल की कम से कम एक बैठक अनिवार्य रूप से होनी है। इसमें विभिन्न विभागों की पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन आदि के प्रति स्थानीय स्तर पर विशेष प्रचार-प्रसार (नुक्कड़ नाटक, रैली, गोष्ठी) आदि का भी आयोजन हो रहा है। जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा ग्रीन चौपाल के कार्यों की निगरानी भी की जा रही है।

# बच्चों की कलात्मक सज्जा रही विशेष आकर्षण

## जन भवन में 57वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के दूसरे दिन बड़ी संख्या में आमजन ने किया अवलोकन

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में जन भवन प्रांगण, लखनऊ में 06 फरवरी, 2026 से आयोजित 57वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के दूसरे दिन आज बड़ी संख्या में दर्शकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित जैविक उत्पादों, प्राकृतिक फूलों से निर्मित भव्य एवं कलात्मक आकृतियों तथा उद्यानिकी नवाचारों को देखने के लिए सुबह से ही दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रदर्शनी में वंदे मातरम (बंकिम चंद्र चटर्जी की जयंती के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में), ऑपरेशन सिंदूर थीम पर आधारित सजावट, श्रीकृष्ण की बांसुरी, गोवर्धन पर्वत, भारत के संविधान की प्रतिकृति, नंदी एवं शिवलिंग, स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रीय ध्वज, बिरसा मुंडा, अहिल्याबाई होल्कर, गुरुकुल पाठशाला, रूफ टॉप गार्डनिंग, समुद्री जीवों की झांकी, तितली, गरुड़, विवाह मंडप, सारस पक्षी जोड़ा, सुदर्शन चक्र एवं शंख सहित अनेक विषयों पर आधारित पुष्प आकृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं, जो प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण बनी हुई हैं। प्रदर्शनी के अंतर्गत आयोजित चिकित्सा शिविर के माध्यम से आगंतुकों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सुविधा प्रदान की गई, जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया।

विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं एवं मालियों द्वारा की गई रचनात्मक एवं कलात्मक सज्जाएँ दर्शकों को आकर्षित कर रही हैं। स्कूली बच्चों ने प्रदर्शनी के माध्यम से पौधारोपण, जैविक खेती एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने आए कृषकों एवं आगंतुकों को विभागीय विशेषज्ञों एवं विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों से आए वैज्ञानिकों द्वारा पॉलीहाउस में सब्जी उत्पादन, शहद उत्पादन, हाइड्रोपोनिक्स, मशरूम उत्पादन, छत एवं गमलों में खेती तथा हाईटेक नर्सरी से संबंधित तकनीकी जानकारियाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही बागवानी फसलों से संबंधित साहित्य का निःशुल्क वितरण भी किया जा रहा है।

प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न कारागारों द्वारा उत्पादित शाकभाजियाँ, मौसमी रंग-बिरंगे पुष्प जैसे पेटूनिया, पैंजी, सिनेरेरिया, पालीएन्थस, स्वीट विलियम, एस्टर, गेंदा, गुलाब, डहेलिया, बोगनवेलिया के साथ-साथ कैक्टस, सक्यूलेंट्स, फलदार एवं शोभाकार पौधों की बोनसाई प्रदर्शित की गई हैं। इसके अतिरिक्त निर्यात योग्य पुष्पों जैसे लिलियम, कारनेशन, ट्यूलिप एवं जरबेरा की प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गई हैं।

आगंतुकों की सुविधा हेतु प्रदर्शनी परिसर में फूड जोन एवं निःशुल्क पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। जन भवन उद्यान में स्थित पंचतंत्र वाटिका, धन्वंतरि वाटिका, कमल ताल, चिड़ियाघर, नवग्रह, राशि, नक्षत्र वाटिका तथा मियावाकी वन भी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। जन भवन के छोटे लॉन में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों में कृषि नवाचार, जैविक उत्पाद, एआई एवं रोबोटिक तकनीक, औषधीय पौधों के साथ-साथ भारतीय सेना की राजपूत रेजीमेंट द्वारा प्रदर्शित ड्रोन, रोबोटिक्स, रक्षा उपकरणों, ब्रह्मोस मिसाइल की प्रतिकृतियों एवं अत्याधुनिक हथियारों ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एआई एवं रोबोटिक मॉडल, कृषि विश्वविद्यालयों के शोध-आधारित उत्पादों तथा ह्यवन जेल वन प्रोडक्ट्ह के अंतर्गत प्रदर्शित वस्तुओं की दर्शकों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

यह प्रदर्शनी उद्यानिकी, कृषि एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ नवाचार, संस्कृति एवं प्रकृति के सुंदर समन्वय का सशक्त संदेश भी प्रदान कर रही है। प्रदर्शनी जनसामान्य के अवलोकन हेतु 09 फरवरी, 2026 तक प्रतिदिन खुली रहेगी।

# केजीएमयू परिसर की मजारों पर प्रशासन का अल्टीमेटम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केजीएमयू परिसर स्थित मजारों को लेकर प्रशासन ने और सख्त रुख अख्तियार किया है। पहले नोटिस पर मजारें नहीं हटाई गईं। अब दूसरा व अंतिम नोटिस जारी करने की तैयारी में है। इसके बाद प्रशासन कड़ी कार्रवाई की जाएगी। केजीएमयू परिसर में छह मजार हैं। क्वीन मेरी के मुख्य गेट, रेस्पिरेटरी मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी, ट्रॉमा सेंटर परिसर, आथोर्पेडिक सुपर स्पेशियलिटी भवन और टीजी हॉस्टल परिसर के निकट मजार है। बीते 23 जनवरी को परिसर में मौजूद पांच मजारों को हटाने के लिए नोटिस चस्पा किए थे। नोटिस में स्पष्ट किया गया था कि विश्वविद्यालय परिसर की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तय समय सीमा के भीतर स्वयं मजार हटाने को कहा गया था। नोटिस की मियाद पूरी हो गई है। मजार की देखभाल करने वालों की तरफ से कोई पहल नहीं की गई है। ऐसे में अब केजीएमयू प्रशासन दूसरा नोटिस जारी कर अंतिम चेतावनी दी जाएगी। इसके बाद भी यदि आदेश का पालन नहीं हुआ तो वैधानिक और प्रशासनिक स्तर पर कठोर कदम उठाए जाएंगे। इन मजारों से आवागमन बाधित होता है। आसपास काफी अतिक्रमण भी है। लिहाजा केजीएमयू प्रशासन ने मजार हटाने का फैसला किया है। इसके लिए पहला नोटिस दिया गया था। अब दूसरा मौका देते हुए सोमवार को एक बार फिर से नोटिस जारी किया जाएगा।

वर्जन परिसर में अवैध कब्जों को हटाने के लिए लगातार कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। अब तक तीन अवैध स्थल खाली कराए जा चुके हैं। इनमें नेत्र विभाग के पीछे 20 हजार, जगतनारायण रोड पर 70 हजार और शताब्दी-2 भवन के पीछे 60 हजार स्कवायर फिट जमीन खाली कराई जा चुकी है। अब बचे हुए छह स्थलों को खाली कराया जाना है। इस दिशा में तेजी से प्रयास किया जा रहा है।




# बिजली कर्मचारियों का निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने कहा है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का नवंबर 2024 में लिया गया एकतरफा निर्णय ऊर्जा निगमों में कार्य वातावरण को गंभीर रूप से प्रभावित कर चुका है। समिति के अनुसार इस निर्णय के कारण कर्मचारियों में असंतोष बढ़ा है और उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा है। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि बिजली कर्मी पिछले 437 दिनों से आंदोलनरत हैं, इसके बावजूद उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन द्वारा नियमित कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं के विरुद्ध उत्पीड़नात्मक कार्रवाई की जा रही है, जिससे ऊर्जा निगमों में तनाव और टकराव का वातावरण बन गया है तथा विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। समिति ने इसे अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति बताया है। संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि आंदोलन के नाम पर कर्मचारियों के खिलाफ की गई सभी दमनात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाहियां वापस कराई जाएं। समिति ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिजली व्यवस्था में हुए सुधार आगे भी जारी रहेंगे और कर्मचारी उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे। संघर्ष समिति ने प्रदेश के बिजली कर्मियों से अपील की है कि निजीकरण विरोधी आंदोलन के दौरान भी उपभोक्ता सेवाओं को प्राथमिकता दें तथा सरकार द्वारा लागू बिजली बिल राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग करें। निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के 437वें दिन शनिवार को प्रदेश के सभी जनपदों में बिजली कर्मियों द्वारा व्यापक विरोध प्रदर्शन किया गया।

# पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व का परिणाम है भारत अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौताः सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत-अमेरिका में प्रस्तावित द्विपक्षीय समझौते के अंतर्गत जारी टैरिफ ज्वाइंट स्टेटमेंट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत अमेरिका के साथ एक अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक फ्रेमवर्क तक पहुंच गया है, जो भारतीय निर्यातकों व एमएसएमई के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार करता है और साथ ही भारत के कृषि क्षेत्र, खाद्य सुरक्षा, हमारे किसानों के हितों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती से रक्षा करता है। यह मेक इन इंडिया को मजबूती देने के साथ ही महिलाओं व युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करता है। मुख्यमंत्री ने इस समझौते को आगे बढ़ाने में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका भी धन्यवाद ज्ञापित किया है।

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के अंतर्गत जारी टैरिफ ज्वाइंट स्टेटमेंट ने उत्तर प्रदेश की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण नीतिगत संकेत दिया है। ज्वाइंट स्टेटमेंट में भारतीय उत्पादों पर अमेरिकी टैरिफ को औसतन 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत और चुनिंदा श्रेणियों में शून्य किए जाने का प्रावधान ऐसे समय सामने आया है, जब राज्य सरकार श्रम-प्रधान उद्योगों, एमएसएमई और क्लस्टर आधारित विनिर्माण को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। स्टेटमेंट में 30 अरब डॉलर से अधिक के भारतीय निर्यात को 18 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ के दायरे में लाने और लगभग 14 श्रेणियों में चुनिंदा उत्पादों को संभावित टैरिफ समायोजन सूची के तहत शून्य शुल्क का लाभ देने की बात कही गई है। इसका प्रभाव केवल व्यापारिक आंकड़ों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि टेक्सटाइल, लेदर, कृषि-आधारित उद्योग, एमएसएमई और औद्योगिक विनिर्माण जैसे उन क्षेत्रों पर पड़ेगा जिनमें उत्तर प्रदेश की भागीदारी राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख है।

ऐसे में यह टैरिफ व्यवस्था राज्य के निर्यात ढांचे, निवेश आकर्षण और रोजगार सृजन की दिशा में दीर्घकालिक अवसर के रूप में देखी जा रही है। भारत-अमेरिका टैरिफ ज्वाइंट स्टेटमेंट में टेक्सटाइल और अपैरल उत्पादों पर अमेरिकी टैरिफ को औसतन 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत तक सीमित करने तथा रेशम आधारित उत्पादों को शून्य शुल्क के दायरे में लाने का प्रावधान किया गया है। यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश के उन क्षेत्रों के लिए विशेष महत्व रखती है, जहां उत्पादन बड़े पैमाने पर श्रम-प्रधान और क्लस्टर आधारित है। भदोही-मिजार्पुर कार्पेट सेक्टर, जो वैश्विक स्तर पर हस्तनिर्मित कालीनों के लिए जाना जाता है, लंबे समय से ऊंचे आयात शुल्क के कारण अमेरिकी बाजार में मूल्य प्रतिस्पर्धा की चुनौती झेल रहा था। टैरिफ में कटौती के बाद इन उत्पादों की लागत संरचना में सुधार आने की संभावना है, जिससे निर्यात ऑर्डर और दीर्घकालिक आपूर्ति अनुबंधों को बढ़ावा मिल सकता है। इसी तरह, वाराणसी का रेशम और हैंडलूम सेक्टर, जिसे ज्वाइंट स्टेटमेंट के तहत शून्य शुल्क का लाभ मिलने की बात कही गई है, अमेरिकी बाजार में सीमित लेकिन स्थिर मांग के बीच बेहतर पहुंच हासिल कर सकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के पावरलूम और रेडीमेड गारमेंट आधारित उत्पादन इकाइयों के लिए भी यह टैरिफ व्यवस्था महत्वपूर्ण मानी जा रही है। रेडीमेड गारमेंट्स, मैन-मेड और कॉटन टेक्सटाइल जैसे उत्पादों पर शुल्क घटने से इन इकाइयों को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे देशों के मुकाबले लागत और मूल्य निर्धारण के स्तर पर तुलनात्मक बढ़त मिल सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि लॉजिस्टिक्स और गुणवत्ता मानकों में अपेक्षित सुधार किया गया, तो यह टैरिफ राहत उत्तर प्रदेश के टेक्सटाइल और कार्पेट सेक्टर के निर्यात को अधिक स्थिर और प्रतिस्पर्धी बनाने में सहायक हो सकती है।

# सीवर ओवरफ्लो से नाराज जीएम का पुतला फूंका

**लखनऊ।** राजधानी में फैजुल्लागंज की श्याम विहार कॉलोनी, प्रजापति टावर, संतकबीरनगर कालोनी, प्रीति नगर, कृष्ण लोक नगर, गायत्री नगर, इन्द्र पुरी, महर्षि नगर, भरत नगर, यश नगर , नौबस्ता, कसाईबाड़ा, श्रीनगर, हरिओम नगर, बेरी होटल आदि कालोनियों में बदबू दार सीवर ओवरफ्लो होने से लोग परेशान हैं। भीषण बदबू के बीच लोगों का सांस लेना मुश्किल हो रहा है। नागरिकों से आईजीआईएमएस शिकायतों के साथ पार्षद विधायक तक से शिकायत की। परंतु पिछले दो महीने से कोई सुनवाई न होने से परेशान नागरिकों ने जलकल विभाग के महाप्रबंधक का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया।

# आवास विकास परिषद ने आयोजित की कार्यशाला



- मिक्स लैंड यूज एवं ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट योजना की दी गई जानकारी

**लखनऊ।** राजधानी के व्यापारियों एवं नागरिकों को मिक्स लैंड यूज योजना एवं ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट योजना का लाभ प्राप्त करने एवं विस्तृत जानकारी देने हेतु उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की मांग एवं पहल पर आवास आयुक्त बलकार सिंह के निर्देश पर मुंशी पुलिया स्थित आवास विकास परिषद के ट्रेनिंग सेंटर में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन हुआ।

जिसमें उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद के मुख्य वास्तुविद संजीव कश्यप ,ट्रेनिंग केंद्र के निदेशक अजय कुमार मित्तल ,वास्तुविद नियोजक श्रीमती ज्योति कटियार ने व्यापारियों को दोनों योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा प्रेजेंटेशन के माध्यम से व्यापारियों की विभिन्न जिज्ञासों को शांत किया। नई भवन उपविधि एवं मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन 2025 के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों के निस्तारण हेतु एवं व्यापारियों की जिज्ञासाओं के उत्तर दिये। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे। मुख्य वास्तुविद नियोजक संजीव कश्यप ने व्यापारियों को जानकारी देते हुए बताया मिक्स लैंड यूज योजना के अंतर्गत 24 मीटर तक की सड़क पर तथा ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट योजना में 12 मीटर तक की सड़क पर तथा पूर्ण व्यावसायिक गतिविधियों हेतु जोनिंग के अनुसार निर्माण अनुमन्य है

अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया 4 प्लाट भी आपस में जोड़कर आवासीय एवं कामर्शियल गतिविधियां की जा सकती हैं किंतु इसके लिए आवास विकास परिषद से पहले अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है तत्पश्चात ही नक्शा जमा एवं स्वीकृत होगा। वर्तमान में बनीं हुई कमर्शियल बिल्डिंग में पार्किंग की व्यवस्था करने पर नियमित किया जा सकता है तथा पार्किंग ग्राउंड फ्लोर , मैकेनिकल पार्किंग, बेसमेंट मे नियमानुसार प्राविधान करेंगे तो शुल्क जमा कर परिषद से अनुमति प्राप्त कर भवन को नियमित किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया उपविधि 2025 में व्यवसायिक गतिविधियों हेतु भूखण्ड में 100 मीटर से 300 मीटर के प्लाट पर आगे की ओर 03 मीटर एवं 300 मीटर से 1000 मीटर तक के प्लाट पर चारों तरफ सेट बैक का प्राविधान नियमानुसार किया जाना होगा। अधिकारियों ने बताया नए नियमों के अंतर्गत 300 मीटर तक के भूखंडों पर साइड सेट बैक की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है अब 300 मीटर तक के प्लाट पर प्रत्येक 100 मीटर के निर्माण पर एक कार पार्किंग की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाना होगा।

# आरोग्य पाकशाला में आयुर्वेदिक चिकित्सा, शुद्ध खानपान पर व्याख्यान



**लखनऊ।** लोक जीवन फाउण्डेशन की ओर से हिंदी मीडिया सेंटर में शनिवार को दो दिवसीय आरोग्य पाक-शाला का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन का उद्घाटन पूर्व अपर महानिदेशक, पीआईबी अरिमर्दन सिंह एवं वरिष्ठ आयुवेर्दाचार्यों वैद्य पुनाराम पवार, वैद्य अन्नीलाल चौधरी, वैद्य भगवानदास कुशवाहा, वैद्य सीतू राजा तथा वैद्य केशवदास यादव के कर-कमलों के जरिए किया गया।

इस अवसर पर सभी वैद्याचार्य जो कि नाड़ी परीक्षण के विशेषज्ञ हैं, ने आयुर्वेदिक चिकित्सा, शुद्ध खानपान एवं जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए अनेक वैद्याचार्यों ने सहभागिता की और जनमानस को शुद्ध आहार, जड़ी-बूटियों की पहचान तथा उनके औषधीय उपयोग की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने नाड़ी परीक्षण कराया तथा आयुर्वेदिक औषधियों का सेवन कर स्वास्थ्य में राहत का अनुभव भी साझा किया। कार्यशाला परिसर में जैविक खाद्य पदार्थों, सहजन, मिलेट्स, दही एवं मल्टीग्रेन आटे की विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे आगंतुकों की ओर से अत्यधिक सराहा गया। इस दौरान जैविक उत्पादों की बिक्री भी की गई।

आगंतुकों एवं अतिथियों के लिए मल्टीग्रेन पकौड़ी, हर्बल चाय एवं कोदो की तहरी जैसे स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों की व्यवस्था की गई, जिसका सभी ने आनंद लिया। इस आरोग्य पाक-शाला का आयोजन लोक जीवन फाउण्डेशन के तत्वावधान में किया गया। संस्था के संस्थापक डॉ. राजेश वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज को आयुर्वेद और पारंपरिक ज्ञान से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुमन गुप्ता पूर्व सदस्य, भारतीय प्रेस परिषद, के. के. चौधरी वरिष्ठ अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट), डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया सीतापुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विजय शंकर, प्रिया वर्मा एवं राखी धीमान ने किया। दो दिवसीय यह आरोग्य पाक-शाला जनमानस को स्वस्थ जीवन, आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं जैविक खानपान के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

# उपभोक्ताओं के करोड़ों रुपये वापस करे पॉवर कार्पोरेशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत राज्य सरकार बिजली कंपनियों को निर्देश जारी करें कि उपभोक्ताओं के सर प्लस की आवाज में उसका लाभ उपभोक्ताओं को दिया जाना शुरू कराए सरकार का भी नैतिक दायित्व उपभोक्ताओं का हिसाब बराबर कराए।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि राज्य के सभी बिजली कंपनियों की वार्षिक राजस्व आवश्यकता को विद्युत नियामक आयोग ने स्वीकार किया है और कंपनियों को अपने टैरिफ प्रस्ताव जमा करने के लिए कहा है। हालांकि, प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं के लिए पहले से ही 33,122 करोड़ सर प्लस चल आ रहा है और उपभोक्ता परिषद की तर्कसंगत पैरवी के चलते वर्ष 2025-26 में भी लगभग 18,592 करोड़ का अतिरिक्त सरप्लस सामने आया है। इस प्रकार अब कुल सरप्लस 51,000 करोड़ से अधिक हो गया है, जो प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को उसका लाभ मिलना उनका संवैधानिक अधिकार है। देश में कोई भी ऐसा कानून नहीं है कि जिस राज्य में उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर सर प्लस निकलता है उस राज्य में बिजली दरो में बढ़ोतरी की जा सके हर हाल में उसे राज्य में बिजली दरों में कमी ही होगी और उसी का नतीजा है कि पिछले 6 वर्षों से उत्तर प्रदेश में बिजली दरो में कोई भी बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है इस पर किसी का एहसान नहीं है यह उपभोक्ताओं के सर प्लस की वजह से हो रहा है और उपभोक्ता परिषद की तर्कसंगत कानूनंन संघर्ष का नतीजा है। उपभोक्ता परिषद ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत, इस 51,000 करोड़ के सरप्लस को आधार बनाकर बिजली दरों में कमी का प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग में पेश किया जाए के लिए उत्तर प्रदेश सरकार बिजली कंपनियों को निर्देश जारी करें प्रदेश सरकार का भी अनैतिक दायित्व है कि वह उपभोक्ताओं का सरप्लस जो लंबे समय से निकल रहा है उसका लाभ उपभोक्ताओं को देना शुरू कराए। परिषद का सुझाव है कि अगर कुल सरप्लस के आधार पर बिजली दरों में एक बार में समान रूप से समायोजन किया जाए, तो लगभग 50 प्रतिशत तक की कटौती संभव है। इसलिए परिषद ने यह मांग की है कि आगामी 5 वर्षों में प्रतिवर्ष बिजली दरों में 10 प्रतिशत की कटौती की जाए, जिससे उपभोक्ताओं को स्थायी राहत मिल सके। परिषद का यह कदम प्रदेश के लाखों विद्युत उपभोक्ताओं के लिए आर्थिक बोझ कम करने और पारदर्शी बिजली दर प्रणाली को बढ़ावा देने का प्रयास है। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा कि 2027 में विधानसभा चुनाव होना है उसके पहले उत्तर प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं के सर प्लस के आवाज में उनका हक दिलाना शुरू करके एक संदेश उपभोक्ताओं के बीच में दें कि वह उपभोक्ताओं के साथ खड़ी है।

# तकनीक और युवा ऊर्जा मिलकर रखेगी विकसित राष्ट्र की नींव

विशेष संवाददाता (vol)

- युवा एवं खेल मंत्रालय और बीबीडीयू के संयुक्त तत्वावधान में 'विकसित भारत युवा कनेक्ट' का भव्य आयोजन
- बीबीडीयू हर कदम पर छात्रों को राष्ट्र की विकास यात्रा का सक्रिय भागीदार बनाने के लिए तत्पर : कुलपति

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू), लखनऊ के डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय एवं बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 'विकसित भारत युवा कनेक्ट' कार्यक्रम का गौरवशाली आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माय भारत' के उपनिदेशक विकास सिंह के विशेष सहयोग एवं प्रेरणा से संपन्न हुआ।

बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों को विकसित भारत @ 2047 के राष्ट्रीय रोडमैप से जोड़ना और उन्हें सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और यूथ आइकन दुर्गेश त्रिपाठी, राष्ट्रीय अध्यक्ष,युवा विंग, एकल अभियान ने 'माय भारत ' पोर्टल पर एक प्रेरणादायक प्रस्तुति दी। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज का युवा केवल कल का भविष्य नहीं, बल्कि आज का सारथी है। 'माय भारत' पोर्टल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन का हिस्सा है जहां तकनीक और युवा ऊर्जा मिलकर एक विकसित राष्ट्र की नींव रखेगी। यह मंच आपकी प्रतिभा को राष्ट्र सेवा के अवसरों से जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है।

कुलपति प्रो. एस. के. श्रीवास्तव ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्राप्त ज्ञान का उपयोग समाज और देश के उत्थान में करना है। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई कि बीबीडीयू हर कदम पर छात्रों को राष्ट्र की विकास यात्रा का सक्रिय भागीदार बनाने के लिए तत्पर है।

डीन, स्टूडेंट वेलफेयर एवं चीफ प्रॉक्टर डॉ. एस.एम.के. रिजवी 'चरित्र निर्माण' पर जोर देते हुए कहा कि एक विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब हमारे युवा आत्म अनुशासन और सामूहिक जिम्मेदारी के मूल्यों को अपने जीवन में उतारेंगे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. प्रभाश चंद्र पाठक ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक किस प्रकार धरातल पर समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की अलख जगा रहे हैं।इस अवसर पर एनएसएस के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. प्रशांत एवं बाबू बनारसीदास यूनिवर्सिटी के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए माय भारत' स्टॉल्स के माध्यम से सैकड़ों छात्रों ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया ताकि वे डिजिटल रूप से सरकारी योजनाओं और स्वयंसेवक गतिविधियों का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और राष्ट्रगान के साथ आयोजन का समापन हुआ।

# गृहकर बकायेदारों के विरुद्ध कुर्की अभियान, 19 भवन सील

**लखनऊ।** शनिवार को नगर निगम ने गृहकर बकायेदारों के विरुद्ध सख्त कुर्की अभियान चलाया। यह कार्रवाई जोन-8 क्षेत्र में जोनल अधिकारी के नेतृत्व में की गई। अभियान के दौरान वार्ड श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई, इब्राहिमपुर द्वितीय एवं राजा बिजली पासी प्रथम के अंतर्गत कुल 19 भवनों में सीलिंग की कार्रवाई की गई। इन भवनों पर कुल बकाया गृहकर राशि 27,97,045 रुपये पाई गई। कार्रवाई के दौरान 11 भवनों से 9,45,505 रुपये की धनराशि तत्काल जमा कराई गई, जबकि शेष बकायेदार प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया। यह समस्त कार्रवाई जोनल अधिकारी जोन-8 विकास सिंह के निर्देशन में संपन्न हुई।

# सिंगल यूज प्लास्टिक और गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ ने शहर के विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया। इस कार्रवाई का उद्देश्य स्वच्छता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को स्वच्छ शहर के प्रति जागरूक करना रहा। केशव नगर मोड़ से सेंट जोसेफ स्कूल तक मुख्य मार्ग पर विशेष रोकथाम अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कुल 11 चालान जारी किए गए, जिनसे 8,550 रुपये का जुमार्ना वसूला गया।


## वन विभाग

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, सूफीपुरा, निकट हुजूरपुर बस स्टैण्ड, बहराइच-271801 में प्रोजेक्ट टाइगर एण्ड प्रोजेक्ट एलीफैंट योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत कतर्नियाघाट रेंज के सदर बीट में आर.सी.सी. वाटरहोल का निर्माण विथ बोरिंग कार्य हेतु दिनांक 10.02.2026 से 18.02.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक पंजीकृत डाक/कोरियर सर्विस द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ धरोहर राशि निविदा मूल्य की 2 प्रतिशत एफ.डी.आर., एन.एस.सी., टी.डी.आर. के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा में निविदादाता की निविदा हेतु अर्हता के संबंध में निर्धारित प्रपत्र पर विवरण मय अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत किया जायेगा तथा निर्धारित प्रपत्र पर निविदा दरों का विवरण प्रस्तुत किया जायेगा। प्राप्त निविदाएं अधोहस्ताक्षरी अथवा अधोहस्ताक्षरी द्वारा नामित अधिकारी द्वारा दिनांक 18.02.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत शर्तें प्रभागीय कार्यालय से दिनांक 17.02.2026 को सांय 05.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र. सं. | रेंज/कार्य स्थल का नाम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि रू. में (2%) | कार्य पूर्ण की अवधि | निविदा मूल्य समस्त करों सहित (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कतर्नियाघाट रेंज/सदर बीट | आर.सी.सी. वाटरहोल का निर्माण विथ बोरिंग | 5.00 | 10,000.00 | टेन्डर स्वीकृत के दिनांक से एक माह तक | 590.00 |

(अपूर्व दीक्षित)
प्रभागीय वनाधिकारी,
कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच

UPID-245468 Date: 06.02.26
Website : www.upgov.nic.in

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# मजदूर पर पेड़ गिरा, इलाज के दौरान हुई मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोसाईंगंज के मोहम्मदाबाद गांव में पेड़ काट रहे मजदूर के ऊपर पेड़ गिर गया। जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गए, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। ग्रामीणों ने डॉक्टर पर गलत इंजेशन का आरोप लगाते हुए हंगामा कर हाइवे जाम करने का प्रयास किया। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाबूझा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक गोसाईंगंज के मोहम्मदाबाद गांव निवासी मजदूर त्रिलोक चंद रावत (40) शनिवार गांव के रहने वाले देवीदीन के कहने पर उनके घर के पीछे लगे चिलवल के पेड़ को काट रहा था। आधे से ज्यादा कट चुका पेड़ अचानक उसके ऊपर गिर गया। जिससे उसकी कमर के साथ शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आ गई। जिसे ग्रामीणों ने एंबुलेंस से गोसाईंगंज सीएचसी लेकर आए। जहाँ उसकी प्राथमिक उपचार के दौरान ही मौत हो गई। अस्पताल में मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का




आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। मृतक के चाचा गणेश का आरोप है कि डॉक्टर ने उसे गलत इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगने के बाद उसने दम तोड़ दिया। साथ ही पेड़ कटवाने वाले देवीदीन ने गलत जानकारी दी, आरोप है कि पहले बताया कि पेड़ की टहनी गिरी है मौके पर देखा कि पेड़ के नीचे दबा पड़ा है।

ग्रामीणों की मदद से पेड़ के नीचे से निकालकर सीएचसी गोसाईंगंज लेकर आये जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस पर ग्रामीणों ने डॉक्टरों पर लापरवाही और गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाईं की मांग की। तत्काल कार्यवाईं की मांग करते हुए सकड पर हंगामा करने करने का प्रयास किया। लेकिन हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाबुझा कर शांत किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी रेनू देवी, बेटा आकाश व दो बेटियां वैष्णवी और मानवी है। सीएचसी पर घायल मजदूर का प्राथमिक उपचार करने वाले डॉक्टर आभाष सक्सेना ने बताया कि घायल त्रिलोक चंद को प्राथमिक उपचार के दौरान पेन किलर इंजेक्शन दिए गए जो सामान्यता मरीज को दर्द से राहत दिलाने के लिए दिए जाते है। इसके बाद उसको राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कागजात बनाए जा रहे थे कि तभी उसने दम तोड़ दिया।

**कार ने महिला को मारी टक्कर, घायल:** सरोजिनी नगर स्थित गौरी बाजार में सुबह एक बेकाबू कार ने बच्ची को स्कूल छोड़ने जा रही महिला को टक्कर मार दी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। मामला गौरी बाजार में लखनऊ से कानपुर जाने वाले हाइवे का है। इलाके के नटकुर की रहने वाली 35 वर्षीय सोनी शनिवार को पैदल अपनी बेटी प्रियंका को इलाके के हीरा लाल स्कूल छोड़ने जा रही थी, सुबह 8 बजकर 10 मिनट के करीब जब वह बिटिया को सड़क पार करवा रही थी तभी लखनऊ की ओर से तेज रफ्तार सफेद इंडिका कार अनियंत्रित होकर उनकी तरफ आ गई, जिस पर सोनी ने अपनी बेटी को सड़क के डिवाइडर की तरफ धकेल दिया पर खुद कार की चपेट में आ गई, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे कार से टकराकर कई फीट हवा में उछल गई, टक्कर से उनका सर फट गया और कमर के नीचे भी गंभीर चोटें आई, वही मौका देख कर कार सवार फरार हो गया, हादसे के वक्त वहां से गुजर रही हीरा लाल स्कूल की अध्यापिकाएं, नमिता, शिवानी और प्रियंका ने फौरन बच्ची को संभाला और 108 पर फोन कर एंबुलेंस बुलाई और सरोजिनी नगर अस्पताल ले गई, जहां स्थित गंभीर होने के चलते डाक्टरों ने घायल को लोक बंधु रिफर कर दिया, वही एक्सीडेंट के बाद किसी ने सड़क पर गिरा घायल महिला का मोबाइल भी पार कर दिया।

## सड़क हादसे में महिला की गयी जान

**लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र में शनिवार को हुए सड़क हादसे में महिला की मौत हो गयी। थाना मोहनलालगंज पुलिस का कहना है कि सुबह करीब 9 बजे सूचना मिली कि शिवगढ़ रिसॉर्ट के सामने पेट्रोल पंप के पास रायबरेली से लखनऊ जाने वाली रोड पर सड़क हादसा हो गया है, जिसमें एक महिला की मृत्यु हो गयी है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो पाया कि एक महिला का अज्ञात वाहन द्वारा एक्सीडेंट हो गया है। महिला की आसपास के लोगों से पहचान कराई गई तो घायल महिला का नाम शिवराजा (65) पत्नी दुखीलाल निवासी ग्राम भदीखेड़ा थाना निगोहां बताया। पुलिस ने एंबुलेंस से उसे सीएचसी मोहनलालगंज भेजा, जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## सवा दो लाख लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलायी जायेगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फाइलेरिया से बचाव के लिए माल ब्लॉक में 10 से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान में दवा खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सीएचसी माल में आईडीए अभियान चलेगा। सीएचसी माल में इस संबंध में कार्यशाला में एसीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ. गोपीलाल ने बताया कि वर्ष 2027 तक फाइलेरिया उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आईडीए अभियान सरकार की प्राथमिकता है।

फाइलेरिया (हाथी पांव) एक गंभीर, दीर्घकालिक एवं दिव्यांगता उत्पन्न करने वाला मच्छर-जनित रोग है, जो मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। जिले के अन्य विकास खंडों में संक्रमण दर में काफी कमी आई है, इसलिए वहां इस साल आईडीए अभियान संचालित नहीं किया जाएगा। 37 सुपरवाइजर, 177 टीमें गठित डॉ. गोपीलाल ने बताया कि आशा कार्यकर्ता जब दवा खिलाने आएं तो बिना किसी हिचक के दवा का सेवन अवश्य करें।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव ने बताया कि एक साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी पात्र व्यक्तियों को दवा दी जाएगी। दवा स्वास्थ्यकर्मी के सामने ही खाली पेट नहीं खानी होगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि माल की करीब सवा दो लाख लाख लक्षित आबादी को अभियान में रखा गया है। इसके लिए 37 सुपरवाइजर एवं 177 टीमें गठित की गई हैं। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों को अपने सामने दवा खिलाएंगी। किसी आकस्मिक स्थिति के लिए ब्लॉक में दौ रैपिड रिस्पांस टीम गठित की गई है।

## सीसीटीवी में चोरी करते दिखा पड़ोसी

**लखनऊ।** गोसाईंगंज पुलिस ने बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले शातिर अभियुक्त को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया है। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज दिलेश सिंह ने अनुसार पीड़ित पंकज गुप्ता निवासी साहनटोला कस्बा गोसाईंगंज ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। उसके मुताबिक वह अपने परिवार के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जनपद कानपुर गये हुए थे। जब वह 06 फरवरी को वापस घर आये तो उनको घर के दरवाजा टूटा मिला और घर के अन्दर सामान बिखरा था। पुलिस के मुताबिक घर में लगी सीसीटीवी कैमरा चेक किया गया तो पड़ोस का रहने वाला सूरज मिश्रा निवासी मातनटोला कस्बा व थाना गोसाईंगंज घर के अन्दर चोरी करते हुए दिखायी दिया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह नशा करने का आदी है और नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिये चोरी करता है। आरोपित के खिलाफ लखनऊ के कई थानों में 09 मुकदमे दर्ज है।

## गटर वाले पाइप में मिला युवक का शव पुलिस ने कहा नशे का था लती

**लखनऊ।** ठाकुरगंज क्षेत्र में युवक का शव संदिग्ध हालात में गटर वाले पाइप में मिला है। पुलिस का कहना है कि वह नशे का लती था और क्षेत्र में किराये के मकान में रहता था। पुलिस का कहना है कि शनिवार को प्रातः सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मृत अवस्था में गूंगा बहरा अस्पताल के पास ठाकुरगंज में पढ़ा है। सूचना पाकर एडिशनल इंस्पेक्टर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो मृतक की पहचान सुजीत राजपूत (25) पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी मिश्री की बगिया गूंगा बहरा अस्पताल के पास थाना ठाकुरगंज (संजीव के मकान का किराएदार) के रूप में हुई। उसका शव सीमेंट के बड़े से गटण वाले पाइप में पढ़ा थश। उसके पास इंजेक्शन व सिरिंज आदि बरामद हुए। मृतक के भाई व पिता और मोहल्लावासियों ने बताया कि मृतक नशे का आदी था। उसके शरीर में कोई चोट का निशान नहीं पाया गया है। भाई की तहरीर पर शव का पंचायतनामा भर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सस्ते दाम पर सरिया बेचने का झांसा देकर 4.69 ठगे

**लखनऊ।** साइबर ठगों ने सरिया को सस्ते दामों पर बेचने के नाम पर 4.69 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित विनोद कुमार की तहरीर पर पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित सीतापुर निवासी विनोद कुमार, वर्तमान में बिरला ब्वायज हॉस्टल, मोतीमहल लॉन हजरतगंज में रहते हैं। तहरीर में उन्होंने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से उन्हें एक व्यक्ति ने संपर्क किया और खुद को कामधेनु कंपनी लिमिटेड का सेल्समैन बताया। आरोपित ने टीएमटी बार (सरिया) बेचने के नाम पर उन्हें विश्वास में ले लिया और सस्ते दामों का लालच दिया। आरोपित की ओर से भेजे गए प्रोफॉर्मा बिल के आधार पर विनोद कुमार ने आरटीजीएस के जरिए दो दिनों में कुल 4.69 लाख रुपए कंपनी के बताये गए बैंक खाते में जमा करवा दिये। भुगतान के बाद भी आरोपी ने जल्द माल भेजने का भरोसा दिलाया, लेकिन कुछ समय बाद उसका फोन बंद हो गया। पीड़ित ने दोबारा संपर्क करने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पीड़ित ने साइबर सेल डालीगंज में शिकायत दर्ज करवाई। जांच के बाद हजरतगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मकान में लगी आग, गृहस्थी जलकर खाक

**लखनऊ।** गोमतीनगर क्षेत्र स्थित एक मकान में शनिवार को आग लग गयी। सूचना पाते ही दमकल मौके पर पहुंची और फायर फाइटरों ने कडी मशक्कत से आग पर काबू पाया। आग से लाखों की गृ हस्थी जलकर नष्ट हो गयी। सीएफओ अंशुल मित्तल ने बताया कि शनिवार को फायर स्टेशन गोमतीनगर के कंट्रोल रूम पर शाम करीब 04.24 बजे सीयूजी/एमटीडी पर सूचना मिली कि म0 नं0-3/79 विनयखण्ड, पत्रकारपुरम चौराहा, गोमतीनगर में आग लग गयी है। आग की सूचना मिलते ही फायर स्टेशन गोमतीनगर से दो मोटर फायर इंजन मय यूनिट के सहित एफएसओ गोमतीनगर के नेतृत्व में घटनास्थल रवाना हुए। वहां पहुंचकर देखा कि आग मकान के अन्दर कमरे में लगी थी और तेजी से फैल रही थी। दमकलकर्मियों ने तत्काल एक मोटर फायर इंजन से होजपाइप फैलाकर पम्पिंग करके आग को लगभग 30 मिनट में पूर्णरूप बुझाकर शान्त किया। प्रभावित मकान का सामान फर्नीचर, एलईडी इलेक्ट्रिक वायर इत्यादि जलकर नष्ट हो गये है। भवन स्वामी असीत सिंह पुत्र अमरदेव सिंह बताया कि आग लगने से लाखों की क्षति तो हुई है, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई है।

## समर विहार में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

**लखनऊ।** समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से समर विहार वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर ने स्थानीय निवासियों, विशेषकर बुजुर्गों को घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समर विहार वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा समर विहार कॉलोनी स्थित अपने कार्यालय में पवन मखीजा के मार्गदर्शन एवं सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिनमें फिजीशियन परामर्श, ऑप्टोमेट्रिस्ट द्वारा नेत्र जांच, फिजियोथेरेपी, ब्लड प्रेशर (बीपी), रैंडम ब्लड शुगर (आरबीएस) जांच तथा ईसीजी जैसी सुविधाएं शामिल थीं। शिविर का शुभारंभ प्रातः 11 बजे हुआ, जिसमें युवा और बुजुर्गों सहित 100 से अधिक लोग स्वास्थ्य जांच के लिए उपस्थित हुए। सभी लोगों की सावधानीपूर्वक जांच की गई और उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व पार्षद गिरिश मिश्रा भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर विशेष रूप से उन बुजुर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं, जो नियमित जांच के लिए अस्पताल नहीं जा पाते।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी के लिए निरंतर जन-जागरूकता व प्रभावी प्रवर्तन महत्वपूर्ण : डीजीपी

- सुरक्षित यातायात पर दो दिवसीय कार्यशाला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस मुख्यालय उ.प्र. लखनऊ में शनिवार को यातायात निदेशालय उ.प्र. एवं इन्स्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजूकेशन, (आईआरटीई) फरीदाबाद, हरियाणा के सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण ने किया।

मुख्यमंत्री उ.प्र योगी आदित्यनाथ के प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली जनहानि को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए दिये गये निदेशों के क्रम में पुलिस महानिदेशक उ.प्र. राजीव कृष्ण के मार्गदर्शन में यातायात निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा निरंतर सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए उनकी प्रभावी रोकथाम हेतु योजनाबद्ध एवं सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस मुख्यालय उ. प्र. लखनऊ स्थित अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद प्रेक्षागृह में यातायात निदेशालय, उ.प्र. एवं इन्स्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजूकेशन (आईआरटीई), फरीदाबाद, हरियाणा के सहयोग किया जा रहा है।

यह कार्यशाला प्रदेश में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित की गयी है, जिसमें सड़क सुरक्षा के पांच मूलभूत स्तम्भ- एजुकेशन, एनफोर्समेंट, इंजीनियरिंग, इमरजेंसी केयर एवं इनवायरमेन्ट पर विशेष बल दिया गया है। सड़क दुर्घटना में होनी वाली मृत्यु को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए महात्वाकांक्षी योजना जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट (जेडएफडी) की शुरूआत माह नवम्बर में की गयी थी, जिसके प्रथम चरण में 20 जनपदों के 242 क्रिटिकल थानों में 89 क्रिटिकल कॉरिडोर एवं 3233 क्रिटिकल क्रैश लोकेशन का चिन्हांकन कर सुनियोजित ढ़ंग से की गयी कार्यवाही के परिणाम स्वरूप सार्थक एवं सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं।

प्रथम चरण के सकारात्मक परिणामों के दृष्टिगत जेडएफडी कार्यक्रम के द्वितीय चरण में प्रदेश के शेष 55 जनपदों में सर्वाधिक दुर्घटना वाले 245 क्रिटिकल थानों का चिन्हांकन किया गया है। इस दो दवसीय कार्यशाला में 55 जनपदों के 44 राजपत्रित अधिकारी यातायात, 55 निरीक्षक/उपनिरीक्षक यातायात तथा 55 क्रिटिकल कॉरिडोर टीम प्रभारी (उपनिरीक्षक



यातायात पुलिस) द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है, जिन्हें डा. रोहित बलूजा, अध्यक्ष इन्स्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजूकेशन (आईआरटीई), फरीदाबाद हरियाणा एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा सड़क दुर्घटना जॉच/विवेचना की नवनीतम पद्धति के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी।

इस दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उ.0प्र. राजीव कृष्ण ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी के लिए निरंतर जन-जागरूकता और प्रभावी प्रवर्तन को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नवंबर के यातायात माह तक सीमित रहने के बजाय जागरूकता अभियान पूरे वर्ष चलने चाहिए। नगर निगमों के सहयोग से ब्लैक स्पॉट्स पर स्थायी होर्डिंग्स लगाने और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार को उन्होंने जीवन रक्षा के लिए आवश्यक बताया।

उन्होंने अलीगढ़-बुलंदशहर, कानपुर-हमीरपुर और लखनऊ-सीतापुर मार्गों पर चलाए गए जेडएफडी कार्यक्रम के पायलट प्रोजेक्ट की सफलता साझा की, जहां केंद्रित पेट्रोलिंग और दुर्घटना के कारणों की गहन जांच सुनिश्चित करने से मात्र दो महीनों में दुर्घटनाओं में 30 प्रतिशत से 58 प्रतिशत तक कमी आई है।

उन्होंने बल दिया कि भारी जुमार्ने से अधिक जरूरी यह है कि हर उल्लंघन पर दंड मिले, जिससे नियमों के प्रति जवाबदेही बने। तकनीकी पहल के तहत जीरो फैटलिटी कॉरिडोर के प्रभावी क्रियान्वयन, ओवर-स्पीडिंग पर मोबाइल अलर्ट तथा एआई कैमरों व ऑटोमैटिक चालान व्यवस्था को और व्यावहारिक बनाने की बात कही। अंत में उन्होंने अधिकारियों से इस प्रशिक्षण को अपने जिलों में निष्ठापूर्वक लागू करने का आह्वान, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि को न्यूनतम किया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान डा. रोहित बलूजा, अध्यक्ष इन्स्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजूकेशन (आईआरटीई), फरीदाबाद हरियाणा ने सड़क दुर्घटना जांच में पुलिस और परिवहन विभाग के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जांच वैज्ञानिक, तथ्य-आधारित और तकनीकी साक्ष्यों पर आधारित होनी चाहिए। केवल तेज रफ्तार या लापरवाही जैसे शब्द पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को मोटर व्हीकल एक्ट से जोड़कर मजबूत कानूनी केस बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने तकनीक के उपयोग पर कहा कि एआई और कैमरे उपयोगी हैं, लेकिन वास्तविक प्रभाव मानव क्षमता पर निर्भर करता है, इसलिए अधिकारियों की क्षमता-विकास जरूरी है। अंत में उन्होंने जीरो फैटलिटी लक्ष्य के लिए मुरादाबाद पुलिस अकादमी की तर्ज पर ट्रेनर्स को ट्रेन मॉडल अपनाने का सुझाव दिया।

निदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात एवं सड़क सुरक्षा) ए. सतीश गणेश ने कार्यशाला में आये प्रतिभागियों को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा उनमें होने वाली जनहानि को न्यूनतम करने के उपायों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक एवं जागरूकतापूर्ण जानकारी दी गयी।

# सरकारी अस्पताल में गंदगी, सुविधाओं का अभाव

- केंद्र में न तो रेडियोलॉजिस्ट है और न ही अल्ट्रासाउंड मशीन सही स्थिति में कार्य कर रही

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**मलिहाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई गई है। सामाजिक न्याय महासभा के प्रदेश पदाधिकारी जीशान वली खां ने समाधान दिवस अधिकारी को पत्र सौंपते हुए अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। पत्र में बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गंदगी फैली हुई है और सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाएं आमजन तक नहीं पहुंच पा रही हैं।

शिकायत के अनुसार, केंद्र पर न तो कोई रेडियोलॉजिस्ट तैनात है और न ही अल्ट्रासाउंड मशीन सही स्थिति में कार्य कर रही है। इसके कारण



मरीजों को मजबूरी में निजी जांच केंद्रों पर जाना पड़ता है, जहां उनसे भारी-भरकम शुल्क वसूला जा रहा है। जीशान वली खां ने कहा कि इस स्थिति से गरीब और असहाय मरीज सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही से सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। शिकायत पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं, डॉक्टरों की तैनाती और सुविधाएं तत्काल बहाल कराई जाएं, ताकि आम जनता को उनका अधिकार मिल सके। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि शिकायत को संज्ञान में ले लिया गया है और जल्द ही समस्या का निदान कराया जाएगा।

## यूपी पुलिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड ने कंप्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए के 930 पदों का अंतिम परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित कर दिया। बोर्ड की वेबसाइट पर परिणाम उपलब्ध है। इसमें 142 महिला अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है।

चयनित 930 अभ्यर्थियों में सामान्य वर्ग के 218, अन्य पिछड़ा वर्ग के 468, अनुसूचित जाति के 234 और अनुसूचित जनजाति के 10 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। अनुसूचित जनजाति के रिक्ति छह अभ्यर्थियों का चयन अनुसूचित जाति श्रेणी से किया गया है। इस परीक्षा के लिए एक लाख एक हजार तीन सौ छियानवे अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। लिखित परीक्षा के बाद दो चरणों में कंप्यूटर टाइपिंग टेस्ट और इसी साल जनवरी में अभिलेखों के दस्तावेजों की जांच कर प्रक्रिया पूरी की गई थी।

# जिम में महिला अधिवक्ता व उसकी बहन से मारपीट और छेडछाड़

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पॉलीटेक्निक चौराहे के पास स्थित एक जिम के अंदर दबंगों ने महिला अधिवक्ता और उनकी बहन के साथ मारपीट की। आरोप है कि दबंगों ने छेड़छाड़ करते हुए सोने की चेन भी लूट ली। महिला अधिवक्ता की तहरीर पर गाजीपुर पुलिस ने केस दर्ज किया है। बताया जाता है कि हाईकोर्ट की एक महिला अधिवक्ता छोटी बहन के साथ बुधवार सुबह जिम गई थीं। वहां उनकी मनीषा नाम की एक महिला से मामूली बात पर बहस हो गई।

आरोप है कि महिला ने अधिवक्ता से अभद्र भाषा का प्रयोग किया। बात बढ़ने पर आरोपी महिला ने फोन कर विशाल नामक व्यक्ति और चार अन्य लोगों को जिम में बुला लिया। इसके बाद विशाल और उसके साथियों ने महिला अधिवक्ता और उनकी बहन से गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।



पीड़ित महिला अधिवक्ता ने विशाल पर चेन लूटने का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने बताया कि हमले से बचकर वह बहन के साथ जिम की सीढ़ियो से उतर रही थीं तभी आरोपियों ने दोबारा हमला कर दिया। मनीषा ने स्टील की पानी की बोतल से छोटी बहन के सिर मार दी। इस दौरान विशाल ने छेड़छाड़ भी की। पीड़िता ने पुलिस को फोन किया तो आरोपी भाग निकले। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर जिम के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही गिरफ्तारी होगी।

# डीएसपी बनकर तो कहीं ड्राई फ्रूट सप्लाई के नाम पर ठगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने महिला समेत तीन लोगों से करीब 1.65 लाख रुपये ठग लिए। कहीं जालसाज ने भागलपुर डीएसपी बनकर गिरफ्तारी का डर दिखाकर फंसाया तो कहीं ड्राई फ्रूट सप्लाई और पार्ट




टाइम जॉब के नाम पीड़ितों को जाल में फंसाया। ठगी के तीनों मामले जानकीपुरम और अलीगंज के हैं। पुलिस तीनों मामलों को दर्ज कर जांच कर रही है।

जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-सात निवासी शिवम यादव ने बताया कि बीत दो फरवरी को उनके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को भागलपुर का डीएसपी बताया और झांसा दिया कि उनके खिलाफ रिपोर्ट है। पुलिस टीम उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पहुंच रही है। कहा कि उनका डेटा भी पुलिस के पास है। डेटा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया तो उनकी और उनके परिवार की काफी बदनामी होगी। ठगों ने पीड़ित से 69 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। जब ठगों ने उनसे और रुपये ट्रांसफर करने को कहा तो वह परेशान हो गए और पीड़ित ने जानकीपुरम थाने में शिकायत की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

वहीं, अलीगंज के सेक्टर-बी निवासी व्यापारी प्रकाश कुमार यादव की कपूरथला पर देवा फूड मार्ट के नाम से दुकान है। उनके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने उन्हें ड्राई फ्रूट सस्ते दामों पर बेचने का झांसा दिया। इस पर पीड़ित ने ड्राई फ्रूट के सैंपल भेजने के लिए कहा। सैंपल भेजने के लिए ठगों ने 3950 रुपये मांगे। पीड़ित ने रुपयों का भुगतान कर दिया। इसके बाद साइबर ठगों ने कहा कि कम सामान की डिलीवरी नहीं हो सकती है। इस पर पीड़ित ने ज्यादा सामान मंगाने का आर्डर दे दिया। इस पर पीड़ित ने कई बार में 55,240 रुपये सामान के नाम पर ऐंठ लिए। सामान न आने पर व्यापारी ने उस नंबर पर फोन किया तो वह नंबर बंद था। इस पर व्यापारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

इसी थाना क्षेत्र के सेक्टर-पी निवासी सरगम सोनी ने बताया कि 3 फरवरी को पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया। संपर्क करने पर जालसाज ने टेलीग्राम पर रिव्यू का टॉस्क बताया। शुरूआत में टॉस्क कराकर रुपये दिए। उसके बाद पैड टॉस्क बताकर 40,200 रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़िता ने अलीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।


## वन विभाग

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, सूफीपुरा, निकट हुजूरपुर बस स्टैण्ड, बहराइच-271801 में प्रोजेक्ट टाइगर एण्ड प्रोजेक्ट एलीफेंट योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत सुजौली रेंज के बगुलहिया बीट में आर.सी.सी. वाटरहोल का निर्माण विथ बोरिंग कार्य हेतु दिनांक 10.02.2026 से दिनांक 18.02.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक पंजीकृत डाक/कोरियर सर्विस द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ धरोहर राशि निविदा मूल्य की 2 प्रतिशत एफ.डी.आर., एन.एस.सी., टी.डी.आर. के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा में निविदादाता की निविदा हेतु अर्हता के संबंध में निर्धारित प्रपत्र पर विवरण मय अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत किया जायेगा तथा निर्धारित प्रपत्र पर निविदा दरों का विवरण प्रस्तुत किया जायेगा। प्राप्त निविदाएं अधोहस्ताक्षरी अथवा अधोहस्ताक्षरी द्वारा नामित अधिकारी द्वारा दिनांक 18.02.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत शर्तें प्रभागीय कार्यालय से दिनांक 17.02.2026 को सांय 05.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र. सं. | रेंज/कार्य स्थल का नाम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि रू. में (2%) | कार्य पूर्ण की अवधि | निविदा मूल्य समस्त करों सहित (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुजौली रेंज/ बगुलहिया बीट | आर.सी.सी. वाटरहोल का निर्माण विथ बोरिंग | 5.00 | 10,000.00 | टेन्डर स्वीकृत के दिनांक से एक माह तक | 590.00 |

(अपूर्व दीक्षित)
प्रभागीय वनाधिकारी,
कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच

UPID-245467 Date: 06.02.26
Website : www.upgov.nic.in

# वैलेंटाइन वीक : रोज डे पर गुलाब देकर हुआ इजहार-ए-इश्क





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लवर्स पूरे साल वैलेंटाइन वीक का इंतजार करते हैं, जिसकी शुरूआत शनिवार को रोज डे से हुई। यंगस्टर्स ने खास अंदाज में इस दिन को सेलिब्रेट किया। उन्होंने गुलाब का फूल देकर अपने दिल के जज्बात एक-दूसरे से शेयर किए। वहीं, उन्होंने वैलेंटाइन वीक के दूसरे दिन प्रपोज डे को लेकर भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। दिल की बात जब लाल गुलाब के साथ बोली जाए, तो उसका असर अलग हो जाता है। रोज डे पर लोगों ने गुलाब के साथ बड़े प्यार भरे अंदाज में अपने दिल की बात अपनों तक पहुंचाई। पार्क और रेस्टोरेंट में यंगस्टर्स हाथों में लाल, पीले, पिंक आदि रंगों के गुलाब अपने स्पेशल-वन को गिफ्ट करते दिखे।गुलाब के फूलों संग अपनी बात कहने से वह खास हो जाती है। ऐसे में अपने किसी 'खासइ को पहली बार दिया गया गुलाब हमेशा के लिए यादगार हो जाता है। शायद तभी वैलेंटाइन वीक का पहला दिन रोज डे के साथ शुरू होता है।


वेलेंटाइन वीक का पहला दिन रोज डे है। प्रमुख फूल बाजार में शनिवार की सुबह से ही चहल कदमी दिखी। फूल विक्रेता बंगलुरु, पुणे, कोलकाता से गुलाब मंगवा रहे हैं। बाजार में आपके दिल की जुबान की बात रखने के लिए कई तरह के गुलाब खास तौर पर मंगवाए गए हैं। यूं तो बाजार में कई तरह के गुलाब उपलब्ध हैं लेकिन अगर आप मादक खुशबू के साथ अपने दिल की बात कहना चाहते हैं तो इसके लिए बोडा गुलाब के गुलदस्ते जरूर ले जाएं। इसके अलावा पैशन रोज, टॉप सीक्रेट लव रोज सहित कई तरह के रोज आप अपनी पसंद के अनुसार ले जा सकते हैं। दिल्ली वाले गुलाब का जलवा बरकरार है। बोरिंग रोड की प्रिया अपने दोस्त को खास महसूस करवाने के लिए उसे पीले रंग का बुके दे रही हैं। रोज डे को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी छोटे बड़े मार्केट में रौनक आ गई है। सिंगल पीस गुलाब से लेकर गुलदस्ते की भी अडवांस बुकिंग हो रही है।

फूल मार्केट के विक्रेता विनोद कुमार बताते हैं कि आम दिन के हिसाब से 20,000 की अधिक गुलाबों की बिक्री हुई। गुलदस्ते के लिए भी एडवांस बुकिंग लोग एक सप्ताह पहले से ही करवा रहे हैं। वह बताते हैं कि गुलाब के साथ विदेशी फूलों की भी डिमांड हुई है। इसमें एंथोरियम, ऑर्किड, लिली सहित कई खूबसूरत फूल भी मंगवाया गया है। गुलदस्ते के लिए 150 रुपये से लेकर दस हजार तक की बुकिंग करवाई गई है।

**बढ़ गये गुलाब के दाम:** रोज डे के आते ही मार्केट में लाल गुलाब की दामों में भी इजाफा हो गया है। फूलों का काम करने वाले महेश शर्मा ने बताया कि रोज डे आते ही एक गुलाब की कीमत 30 से 50 रुपए तक पहुंच गई है। वहीं, सदफ खान ने बताया कि गुलाब के फूलों के दामों में 20-30 फीसदी का उछाल आया है।

**बढ़ी गिफ्ट आइटम्स की सेल:** राजधानी की गिफ्ट शॉप पर हार्ट शेप ग्रीटिंग, टेडी बियर, हार्ट शेप टेडी सहित कई आइटम्स मिल रहे हैं, जिनकी कीमत 50 रुपए से लेकर हजारों में है। वहीं कपल्स को स्पेशल चेन, लाइटिंग फ्रेम, हार्ट शेप फ्लावर आदि काफी पसंद आ रहे हैं। इनकी कीमत साइज और डिजाइन के अनुसार है। शुक्रवार को भी राजधानी के बजारों में रौनक देखते ही बनती थी।

## प्रपोज डे आज, होगा प्यार का इजहार



वैलेंटाइन वीक का दूसरा दिन प्रपोज डे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग उसे प्रपोज करते हैं, जो उनकी लाइफ में सबसे खास होता है और वे उसके साथ ही जिंदगी बिताना चाहते हैं। जब कोई खास हो तो उसे सेलिब्रेट करने का अंदाज आम क्यों हो? युवाओं को लुभाने के लिए बाजारों में चॉकलेट, पैकेट, डॉल, रंग-बिरंगे टेडीवीयर उपलब्ध हैं। दुकानदार बताते हैं कि खरीदारी का दौर आरंभ हो गया है। युवा सात फरवरी से 14 फरवरी तक हर दिन को नए अंदाज में मनाते हैं। कोई गुलाबी फूल देकर अपने पार्टनर से प्यार का इजहार करता है तो कोई महंगे तोहफे से इस दिन को सेलीब्रेट करता है। बाजार में 25 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक के उपहार उपलब्ध किए गए हैं।

## फूल व तोहफों से सजे बाजार, खूब हो रही खरीदारी





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वेलेंटाइन वीक 7 फरवरी से शुरू हो गया है और 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे मनाया जाएगा। वैलेंटाइन डे को लेकर बाजार सज चुके हैं।

वेलेंटाइन वीक के इन 7 दिन की बात करें तो पहले दिन रोज डे, प्रपोज डे, चॉकलेट डे, टेडी डे, प्रॉमिस डे, हग डे, किस डे और अंतिम दिन वैलेंटाइन डे इन दोनों को खास बनाने के लिए लखनऊ के कुछ खास बाजारों से आप खरीदारी कर सकते हैं। सबसे पहले बात करते हैं रोज डे की।

अगर आप अपने प्रेमी या प्रेमिका को रोज डे पर गुलाब देना चाहते हैं तो सुबह चौक के फूल मंडी मं आपको रंग-बिरंगे गुलाब बेहद सस्ते दामों पर मिल जाएंगे। आमतौर पर बाजार में गुलाब के फूल की कीमत 50 रुपए से लेकर 2000 रुपए तक होती है। बात करें टेडी की तो टेडी बियर के लिए आप गोमती नगर जा सकते हैं। गोमती नगर की सड़कों पर तमाम तरह के टेडी बियर आपको नजर आ जाएंगे। बड़े से बड़ा और छोटे से छोटा टेडी बियर भी यहां सस्ते में मिल जाएगा। लखनऊ के गोमती नगर में आपको टेडी बियर 300-2000 की रेंज में मिल जाएगा। बात करें चॉकलेट की तो लड़कियों को चॉकलेट काफी पसंद होती है। अगर आप अपनी गर्लफ्रेंड या प्रेमिका को या पत्नी को चॉकलेट देना चाहते हैं तो लखनऊ शहर का अमीनाबाद मार्केट आपके लिए एकदम बेस्ट हो सकता है। अगर आप अपने प्रेमी या प्रेमिका को रोमांटिक गिफ्ट देना चाहते हैं तो लखनऊ शहर के लुलु मॉल जा सकते हैं जहां पर गिफ्ट, केक, चॉकलेट और टेडी पर भारी डिस्काउंट चल रहा है। लुलु मॉल के हाइपर लोकल मार्केट में सब कुछ आपको कम कीमतों पर एक ही जगह एक ही छत के नीचे मिल जाएगा। अगर आप अपने प्रेमी या प्रेमिका को कपड़े गिफ्ट करना चाहते हैं या उनकी पसंदीदा ड्रेस देना चाहते हैं वो भी कम बजट में तो गोमती नगर का पत्रकार पुरम बाजार जा सकते हैं। इन सबके अलावा आप लखनऊ शहर के ई ब्लॉक बाजार, चौक बाजार और नक्खास बाजार से भी खरीदारी कर सकते हैं, जहां पर आपको वेलेंटाइन वीक से जुड़ा हुआ सारा सामान मिल जाएगा।

**नकली गुलाब की भी है मांग:** वैलेंटाइन डे को ध्यान में रखते हुए इस बार नकली गुलाब की भी डिमांड तेज हो रही है। मौर्या लोक में अपनी दुकान चलाने वाली आरती सिंह बताती हैं कि इस बार युवाओं के बीच नकली गुलाब की मांग है। म्यूजिकल गुलाब से लेकर प्रपोज गुलाब की भी बिक्री हो रही है। इसकी कीमत 15 रुपये से 300 रुपये तक है।

**गिफ्ट कार्नर भी तैयार:** प्यार के सीजन के लिए शहर के बाजार तथा गिफ्ट कार्नर मनमोहक उपहारों से सज गए हैं। जहां हर उम्र व हर टेस्ट के ग्राहकों के लिए आकर्षक गिफ्ट उपलब्ध हैं। वीक को यादगार बनाने के लिए इस समय लव ग्रीङ्कटग कार्ड, टेडी वियर, फ्रेंडशिप बैंड, आर्टीफिशियल ज्वेलरी, गुलदस्ते, चाकलेट के विशेष पैक, फ्लावर चाकलेट आदि उपलब्ध हैं। बाजार में 100 से लेकर 1500 रुपये तक के उपहार मौजूद हैं।

**इलेक्ट्रानिक सामानों की भी बिक्री:** इलेक्ट्रानिक उत्पाद जो बटन दबाते ही दिल की बात कह रहा है वो भी बिक्री के लिए उपलब्ध बाजार में हैं। कार्ड खोलते ही दिल सामने आता है। दुकानदारों का कहना है कि दिल को लुभाने वाले सभी तरह के खिलौने व अन्य सामग्री की धूम सप्ताह भर रहेगी।

**चाहत का मीटर भी बाजार में:** सुपर फास्ट, थ्रिल लविंग बिंदास पीढ़ी के लिए 'प्रेम' ही जुनून है। इस बार बाजार में लव-मीटर की मांग काफी बढ़ गई है। दुकानदारों ने बताया कि इसमें खासियत है कि यह छूते ही बता देता है कि अपने माशूका के लिए आपका दिल किस रफ्तार से धड़कता है। मीटर का मूल्य 1500 से 1700 के बीच बताया गया है।

**रोमांटिक प्रेम पर्व का बना प्रतीक:** कभी आध्यात्मिक प्रेम का प्रतीक रहा वेलेंटाइन डे आज रोमांटिक प्रेम के पर्व के रूप में समाज में एक खास स्थान बना लिया है। युवाओं का मन मिजाज इस बार कुछ अलग हट कर करने का है। वे पार्क, रेस्तरा, मौल की चकाचौंध के साथ-साथ भीड़ से दूर हट कर कुछ युवा अध्यात्म के माहौल में प्रेम का इजहार करना चाहते है।

## राजा दाहिर सेन सभा कक्ष का उद्घाटन

लखनऊ। भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव मनीष चौहान के मार्ग दर्शन में उत्तर प्रदेश सिन्धी अकादमी को शासन द्वारा इन्दिरा भवन में आवंटित राजा दाहिरसेन सभा कक्ष संख्या 522 का आज शनिवार को फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के उपरान्त माँ सरस्वती जी एवं भगवान झूलेलाल जी की प्रतिमा पर अकादमी निदेशक श्री अभिषेक कुमार अखिल प्रकाश गोधवानी, अशोक चाँदवानी, सत्येन्द्र भावनानी, सुरेश छबलानी, राजाराम भावनानी, दुनीचन्द चंदानी, अनिल चंदानी, कनिका गुरूनानी, लाज आदि द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। अकादमी के 30वें स्थापना दिवस के अवसर पर सिंधी साहित्यकारों की दृष्टि में वीर राजा दाहिर सेन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में श्री दुनीचन्द चंदानी, श्री पटेल दास हीरवानी, कु0 साक्षी बत्रा द्वारा वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दुनीचन्द चंदानी द्वारा अवगत कराया गया कि दाहिर सेन सिंध के अंतिम हिन्दू राजा थे, उनके समय में ही अरबों ने सर्वप्रथम 712 ई0 में भारत पर आक्रमण किया था।

## भारतीय नववर्ष पर लखनऊ में गूंजेगा भारतीय संस्कृति का शंखनाद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति न्यास की आज एक बैठक मोती महल रेस्टोरेंट राजभवन के सामने संपन्न हुई।

अभिषेक खरे के संयोजन में संपन्न हुई बैठक में आगामी 18 मार्च को राजधानी में नववर्ष महोत्सव तथा मां गायत्री दीपयज्ञ करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि नववर्ष महोत्सव में इस बार युवाओं को अपनी भारतीय संस्कृति से और अधिक प्रगाढ़ता से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम जिनमें भारतीय संस्कृति पर संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, नृत्य, गायन और नाटक आदि की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति न्यास के नवीन पदाधिकारियों संरक्षक रविन्द्र नाथ रस्तोगी, दीपक अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, संजीव वर्मा, अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, सचिव अभिषेक खरे, कोषाध्यक्ष विमर्श कुमार रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता, सतीश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, अलकेश सोती, वरिष्ठ मंत्री रिद्धि किशोर गौड़, मंत्री प्रियंक गुप्ता सहित अन्य मनोनीत पदाधिकारियों- सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के समन्वयक अतुल सिंह, अरविन्द निगम, सुनील वैश्य, ज्ञान किशोर श्रीवास्तव, अरविन्द राय, अनिल तिवारी को भी सम्मानित किया गया।

## होली गीत की कार्यशाला का शुभारंभ

लखनऊ। संस्था की संस्थापक रंजना मिश्रा ने बताया कि आज जैक एंड जिल स्कूल, अलीगंज, में शुरू किया, जिसमें वरिष्ठ लोकगायिका रंजना मिश्रा के निर्देशन में कार्यशाला में धमार, शिव जी की होली बाबा काशी विश्वनाथ गौरा संघे खेलेलें होरी..., से कार्यशाला की शुरूआत की। तत्पश्चात सिर बांधे मुकुट खेलै होरी....सिखाई। उन्होने बताया कि वो लगभग 11गीत सिखाएगी जो होली के अवसर गाए जाते हैं। कार्यशाला में अल्पना श्रीवास्तव, रमा सिंह, सुनीता निगम, नीलम तिवारी, लता तिवारी, रीना सिंह, सहित 28 महिलाये आनलाईन व आफलाइन जुडी हैं। जिनमें बडा उत्साह देखा गया जो हमारी संस्कृति व परम्परा के लिए अत्यन्त आवश्यक है।

## कार्यालय जिलाधिकारी, देवरिया

**संख्या : 644/नाजिर सदर-2026** **दिनांक : 07 फरवरी, 2026**

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जिलाधिकारी महोदय के आदेश दिनांक 04.02.2026 के अनुपालन में कलेक्ट्रेट परिसर, जिलाधिकारी आवास एवं राजस्व आवासों पर मरम्मत कार्य कराये जाने हेतु जनपद के पंजीकृत एवं नवीनीकृत ठेकेदार/फर्मो को सूचित किया जाता है कि राजस्व परिषद, उ.प्र., लखनऊ से आवासीय एवं अनावासीय अनुरक्षण मद में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष नजारत अनुभाग में निम्नलिखित विवरणों के अनुसार मरम्मत कार्य कराया जाना है, जिसके लिये मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 16.02.2026 को 11.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक कलेक्ट्रेट नजारत देवरिया में रखे निविदा बाक्स में डाली जायेगी तथा उसी दिन सायं 4.00 बजे प्रभारी अधिकारी नजारत द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा फार्मों की बिक्री दिनांक 09.02.2026 से 13.02.2026 के मध्य जिलाधिकारी कार्यालय के नजारत पटल पर 11.00 बजे दिन से 2.00 बजे तक की जायेगी। विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नजारत अनुभाग में सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार जिलाधिकारी महोदय में निहित होगा ।

**कार्य का नाम**

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जिलाधिकारी आवासीय परिसर के मुख्य प्रवेश गेट नं0.1 का निमाण एवं मरम्मत का कार्य। | 6,89,000.00 | 68,900.00 | 700.00 | 1 माह |
| 2 | टाइप-4 आवास संख्या-आर.बी./3 के बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। | 1,53,000.00 | 15,300.00 | 175.00 | 1 माह |
| 3 | टाइप-4 आवास संख्या . आर.बी./3 में शौचालय का निर्माण कार्य। | 1,82,000.00 | 18,200.00 | 200.00 | 1 माह |
| 4 | टाइप-2 आवास संख्या -आर.बी.-8/2 का छत मरम्मत, फर्श उच्चीकरण, रंगाई पुताई, टाइल्स तथा दरवाजा खिड़की लगाने का कार्य। | 5,53,000.00 | 55,300.00 | 600.00 | 1 माह |
| 5 | टाइप-2 आवास संख्या-आर.बी.-5 / 1 का छत मरम्मत, फर्श उच्चीकरण, रंगाई पुताई, टाइल्स तथा दरवाजा खिड़की लगाने का कार्य। | 5,50,000.00 | 55,000.00 | 550.00 | 1 माह |
| 6 | न्यायालय उप जिलाधिकारी देवरिया में फर्श उच्चीकरण, रंगाई पुताई, टाइल्स, दरवाजा, खिड़की का निर्माण कार्य। | 3,13,000.00 | 31,300.00 | 350.00 | 1 माह |
| 7 | उप जिलाधिकारी देवरिया के कक्ष (चैम्बर) एवं इसकी गैलरी की रंगाई पुताई, टाइल्स, दरवाजा, खिड़की तथा फालसीलिंग का कार्य। | 3,02,000.00 | 30,200.00 | 350.00 | 1 माह |
| 8 | कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित जिलाधिकारी कार्यालय एवं नजारत कार्यालय भवन के आन्तरिक बरामदा के रंगाई पुताई का कार्य। | 5,74,000.00 | 57,400.00 | 600.00 | 1 माह |
| 9 | कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित जिलाधिकारी कार्यालय एवं नजारत कार्यालय भवन के बाहरी दिवारों के रंगाई पुताई का कार्य। | 5,64,000.00 | 56,400.00 | 600.00 | 1 माह |

1. निविदा के साथ जमानत की धनराशि नगर अथवा एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रुप में प्रभारी अधिकारी नजारत के नाम बन्धक कर जमा करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, जी.एस.टी., पैन, लेवर रजिस्ट्रेशन एवं अनुभव प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।
3. ठेकेदारों को नियमानुसार स्टाम्प जमा कर अनुबन्ध पत्र भर कर जमा करना अनिवार्य होगा।
4. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं कोई भी या समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार जिलाधिकारी महोदया में निहित होगा।
5. लिफाफे के ऊपर कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।
6. निविदा स्वीकृति के पश्चात कायार्देश प्राप्ति होने के एक सप्ताह के अन्दर निर्धारित स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध सम्पादित कर कार्य प्रारम्भ करना अनिवार्य होगा, तथा नियत समय के अन्तर्गत पूर्ण करना आवश्यक है अन्यथा विलम्ब की दशा में जमानत धनराशि जब्त कर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
7. निविदा में प्रकाशित कार्यो का भुगतान राजस्व परिषद उ.प्र. लखनऊ से उपरोक्त मदों में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ही किया जायेगा।
8. उपरोक्त कार्यो का रनिंग भुगतान नहीं किया जायेगा ।

**अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)**
**देवरिया**

# सुख-समृद्धि के लिए महाशिवरात्रि के दिन करें रुद्राभिषेक, होगा शुभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हिंदू पंचांग के अनुसार आज से 10 दिन बाद महाशिवरात्रि है। 2026 में महाशिवरात्रि का पावन पर्व 15 फरवरी के दिन मनाया जा रहा है। बता दें कि इस दिन को भगवान शिव और मां पार्वती के विवाह के उत्सव के रूप में मनाते हैं। शिव-पार्वती की शादी को दुनिया का पहला लव मैरिज भी कहा जाता है। दरअसल मां पार्वती ने कड़ी तपस्या के बाद भगवान शिव को पाया था। ऐसे में इस दिन कुंवारी कन्याएं अच्छे और मनचाहे वर के लिए व्रत रखती हैं। इस दिन कोई भी व्रत रख सकता है। मान्यता के हिसाब से महाशिवरात्रि पर जिसने भी मन से व्रत रख लिया और शिव-पार्वती की पूजा कर ली तो उन पर शिव कृपा बरसती है। वहीं महाशिवरात्रि के दिन रुद्राभिषेक का बहुत महत्व होता है। कहा जाता है कि इस दिन रुद्राभिषेक करने से भगवान शिव सारी मनोकामनाएं जल्दी पूरी कर देते हैं। इसके अलावा भी रुद्राभिषेक के कई लाभ मिलते हैं। इसके बारे में नीचे विस्तार से जानते हैं और साथ ही समझेंगे कि इसे करने का सही तरीका क्या है?

**रुद्राभिषेक करने का सही तरीका:** वैसे तो आप रुद्राभिषेक हर सोमवार को कर सकते हैं। हालांकि महाशिवरात्रि वाले दिन इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। रुद्राभिषेक करने का तरीका बहुत ही आसान है। आप इसे मंदिर में मौजूद शिवलिंग पर कर सकते हैं। नहीं तो आप इसे घर पर भी आसनी से कर सकते हैं। इसके लिए आप अपने घर के पूजा स्थल की साफ-सफाई कर लें। इसके बाद गंगाजल से उस स्थान को शुद्ध कर लें और वहीं पर शिवलिंग की स्थापना कर लें। ध्यान रखें कि शिवलिंग को आप उत्तर दिशा की ओर ही रखें। जब आप रुद्राभिषेक करें तो आपका चेहरा पूर्व की ओर होना चाहिए। कलश में गंगाजल, शहद, दूध, जल, पंचामृत और दही डाल लें। इससे ही आपको शिवलिंग का रुद्राभिषेक करना है। इस दौरान आपको महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना है। इस मंत्र को आप नीचे पढ़ सकते हैं।

**शिवलिंग पर अर्पित करें ये चीजें:** जब आप शिवलिंग का रुद्राभिषेक कर लें तो इसके बाद चंदन लगाएं। बाद में बेलपत्र, धतूरा और फूल अर्पित करें। आप शिवलिंग पूजा की बाकी सामग्री भी अर्पित करें। इसके बाद भोग लगाएं। रुद्राभिषेक के जल को थोड़ा-थोड़ा करके पूरे घर में छिड़क दें। इससे पूरा घर शुद्ध हो जाता है। बाद में इस जल को प्रसाद के रूप में ग्रहण करें और घर के बाकी सदस्यों को भी दें।

**रुद्राभिषेक के लाभ:** रुद्राभिषेक करने से कई लाभ मिलते हैं। इससे मन शांत रहता है और धीरे-धीरे आत्मविश्वास में वृद्धि होने लगती है। साथ ही जिंदगी की नकारात्मकता धीरे-धीरे खत्म होती है। अगर किसी काम में बार-बार रुकावट आता है तो ये दिक्कत भी कम हो जाती है। वहीं इससे आर्थिक संकट दूर होता है और कई तरह से ग्रह दोष भी कम होते हैं। रुद्राभिषेक की मदद से रिश्तों में भी सुधार आता है।

# अवार्ड-ए-तिरंगा' सम्मान समारोह 30 मार्च को

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था एलायंस सोशल एण्ड कल्चरल सोसाइटी के तत्वावधान में आगामी 30 मार्च 2026 को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह लखनऊ में 'अवार्ड-ए-तिरंगा' सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रेसवार्ता में 'अवार्ड-ए-तिरंगा' सम्मान समारोह के बारें में जानकारी देते हुए संस्था के सचिव दिलावर हुसैन ने बताया कि यह छठा सम्मान समारोह है। इस कार्यक्रम में कला, संस्कृति, समाज सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, फैशन, खेल, कृषि आदि अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाता है।

इस वर्ष मुश्ताक अहमद बावला (समाज सेवी), डॉ. संजीव मोहन (सर्जन), गिडियन मैसी (संगीतज्ञ), दयाल नहलानी (फिल्म निर्देशक), सलमान कुरैशी (समाज सेवी), मो. इरफान अली (धावक), एस. के . शाहनवाज, शिवानी वर्मा (सौंदर्य विशेषज्ञ), डॉ. अनीता सहगल वसुंधरा (लेखिका) को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान यादे रफी शीर्षक से अभिहित एक संगीत रूपक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा, जिसमें राजधानी के वरिष्ठ गायक मोहम्मद रफी के गाए हुए गीतों को अपनी आवाज देंगे। प्रेसवार्ता में असलम जावेद सिद्दीकी, आर.पी.सिंह, सोनी त्रिपाठी सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आकर्षक चित्रों के साथ ललित कला अकादमी का स्थापना दिवस शुरू

**लखनऊ।** राज्य ललित कला अकादमी के 65वें स्थापना का तीन दिवसीय समारोह शनिवार से शुरू हुआ। समारोह में प्रदर्शनी लगी जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ चित्रकार प्रो. एस प्रणाम सिंह ने पेंटिंग बनाकर समारोह का शुभारम्भ किया। स्थापना के दिन आठ फरवरी को प्रो. एस प्रणाम सिंह को अकादमी का अधिसदस्यता रत्न सम्मान दिया जाएगा। स्थापना दिवस पर अकादमी में प्रदेश के विभिन्न कला शिक्षण संस्थानों को प्रदर्शनी के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रदर्शनी में कला एवं शिल्प महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय, संघटक भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, डिपार्टमेंट ऑफ फाइन आर्ट छत्रपति साहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, ललित कला विभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ और ललित कला एवं संगीत विभाग पुर्नवास विवि समेत अन्य संस्थान शामिल हैं। समारोह में पर्यटन एवं पर्यावरण विषयक चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन में कला शिक्षण संस्थानों के 73 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया है। कला अलंकरण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें 43 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया है। प्रतिभागियों ने विषय के तहत सृजित चित्रों से तीन उत्कृष्ट चित्रों का चयन कराते हुए प्रथम पुरस्कार 5000 रुपये प्रथम, द्वितीय पुरस्कार 3000 एवं तृतीय पुरस्कार 2000 रुपये व प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। समरोह में कला अलंकरण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें 43 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया है। इस मौके पर अकादमी अध्यक्ष डा. सुनील कुमार विश्वकर्मा, दुर्जन सिंह राणा, रवेन्द्र कुशवाता समेत अन्य मौजूद रहे। -इसी इमारत में नवाबों की हुई ताजपोशी उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी लाल बारादरी में संचालित है। लाल बारादरी आज भी अवध के नवाबी इतिहास की जीवंत यादें संजोए हुए है। जहां अवध के आखिरी नवाब वाजिद अली शाह का राज्याभिषेक 13 फरवरी 1847 को हुआ था। यह ऐतिहासिक भवन, जो 1778-1814 के बीच नवाब सआदत अली खान के शासनकाल में बनाया गया था, अवध के राजाओं की ताजपोशी के लिए विशेष रूप से प्रयोग होता था। सआदत अली खान यहां पहले ताजपोशी करने वाले नवाब थे, जबकि वाजिद अली शाह अंतिम।

# होली पर घर जाने वाले यात्रियों के लिए चलेंगी 285 स्पेशल ट्रेनें



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेल यात्रियों के लिए होली से पहले बड़ी राहत की खबर है। रेलवे ने होली पर्व के मौके पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए विशेष तैयारी शुरू कर दी है. भारतीय रेलवे इस बार होली के दौरान बड़ी संख्या में स्पेशल ट्रेनें चलाने जा रहा है, ताकि यात्रियों को आने-जाने में परेशानी न हो और कंफर्म टिकट आसानी से मिल सके. रेलवे ने बताया है कि होली के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 1 मार्च से 22 मार्च के बीच कुल 1410 होली स्पेशल ट्रेन ट्रिप चलाए जाएंगे। इसमें पूर्व मध्य रेल की ओर से 285 होली स्पेशल ट्रेन ट्रिप का परिचालन किया जाएगा।

पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने बताया कि यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने और आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यह निर्णय लिया गया है। होली के समय अक्सर ट्रेनों में भारी भीड़ हो जाती है, ऐसे में अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें चलने से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

**कई राज्यों के लिए चलेंगी होली स्पेशल ट्रेनें :** रेलवे ने कुछ प्रमुख होली स्पेशल ट्रेनों की सूची टाइम टेबल के साथ जारी की है। इनमें कई ट्रेनें बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और पूर्वोत्तर राज्यों को जोड़ेंगी. पहली ट्रेन गाड़ी संख्या 09821/09822 सोगरिया (कोटा) से दानापुर के बीच चलाई जाएगी. यह ट्रेन 28 फरवरी और 7 मार्च को सोगरिया से रात 11.10 बजे रवाना होकर अगले दिन दानापुर पहुंचेगी. वापसी में यह ट्रेन 2 मार्च और 9 मार्च को दानापुर से चलेगी। दूसरी ट्रेन गाड़ी संख्या 01667/01668 रानीकमलापति से दानापुर के बीच चलेगी. यह ट्रेन 27 फरवरी और 2 मार्च को रवाना होगी और वापसी में 28 फरवरी और 3 मार्च को चलेगी. तीसरी ट्रेन गाड़ी संख्या 01665/01666 रानीकमलापति से अगरतला के बीच चलाई जाएगी. यह ट्रेन 5 मार्च से हर गुरुवार को चलेगी और वापसी में 8 मार्च से हर रविवार को परिचालित होगी।

**रेलवे ने कुछ ट्रेनों की टाइम टेबल के साथ सूची जारी की :** चौथी ट्रेन गाड़ी संख्या 09525/09526 हापा से नाहरलगुन के बीच चलेगी. यह ट्रेन 4 मार्च से प्रत्येक बुधवार को चलेगी और वापसी में 7 मार्च से प्रत्येक शनिवार को परिचालित होगी. रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेन की सही जानकारी प्राप्त कर लें. यात्री रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉल कर या नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम वेब पोर्टल और मोबाइल एप के जरिए अपडेट ले सकते हैं. रेलवे अधिकारियों का कहना है कि होली स्पेशल ट्रेनें चलने से यात्रियों को त्योहार के दौरान यात्रा में सुविधा होगी और टिकट कंफर्म होने की संभावना बढ़ जाएगी।


## तीन अमृत भारत एक्सप्रेस समेत 22 ट्रेनों का समय बदला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** परिचालन व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए रेलवे ने तीन अमृत भारत एक्सप्रेस सहित 22 ट्रेनों के समय में बदलाव किया है। पूर्वोत्तर रेलवे ने बुधवार को इन ट्रेनों की सूची भी जारी की है। हालांकि, यह बदलाव सिर्फ ट्रेनों के खुलने वाले स्टेशनों पर ही किया गया है। 12 ट्रेनों के गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचने के समय में फरवरी के विभिन्न तारीखों से तो 10 ट्रेनों के खुलने के समय में अप्रैल के विभिन्न तिथियों से बदलाव होगा। इनमें दरभंगा से खुलने वाली ट्रेनें अधिक हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे के अधिसूचना के अनुसार, दरभंगा से 01 अप्रैल से खुलने वाली 12565 दरभंगा-नई दिल्ली बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, दरभंगा से सुबह 08.20 के बदले सुबह 08.15 बजे खुलेगी। वहीं, 15211 दरभंगा-अमृतसर जननायक एक्स, दरभंगा से शाम 05.20 के बदले शाम 05.15 बजे खुलेगी। 14673 जयनगर-अमृतसर शहीद एक्स, जयनगर से सुबह 07.20 के बदले सुबह 07.15 खुलेगी। 15279 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल एक्स, सहरसा से सुबह 11.35 के बदले सुबह 11.30 बजे चलेगी।

अमृतसर जाने वाली सरयु यमुना पांच मिनट पहले खुलेगी : 02 अप्रैल से 15557 दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस, दरभंगा से दोपहर तीन के बदले 02.55 बजे खुलेगी। 03 अप्रैल 19166 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस, दरभंगा से अहले सुबह 04.30 बजे के स्थान पर 04.20 बजे खुलेगी। 03 अप्रैल से 14649 जयनगर-अमृतसर सरयु यमुना एक्सप्रेस, जयनगर से सुबह 07.20 बजे के बदले सुबह 07.15 बजे खुलेगी। 04 अप्रैल से 15561 दरभंगा-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस, दरभंगा से दोपहर तीन के बजाए पांच मिनट पहले 2.55 बजे खुलेगी। 05 अप्रैल से 19624 दरभंगा-मदार अमृत भारत एक्सप्रेस, दरभंगा से दोपहर 02.15 के बदले 02.10 बजे खुलेगी। 15531 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस, सहरसा से निर्धारित समय 03.05 के स्थान पर तीन बजे प्रस्थान करेगी।



### इन ट्रेनों के गंतव्य स्टेशन पर पहुंचने का समय बदला

- 11033 पुणे-दरभंगा एक्सप्रेस सुबह 07.10 बजे दरभंगा
- 12566 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस सुबह 09.35 बजे दरभंगा
- 12212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस सुबह 03.10 बजे दरभंगा
- 15552 वाराणसी सिटी-दरभंगा एक्स. रात 09.05 बजे दरभंगा
- 19165 अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस शाम 7.25 बजे दरभंगा
- 19623 मदार-दरभंगा अमृत भारत रात 12.55 बजे दरभंगा
- 14650 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस रात 12.45 बजे जयनगर
- 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस रात 12.45 बजे जयनगर
- 11061 एलटीटी-जयनगर एक्सप्रेस रात 2.10 बजे जयनगर
- 15268 एलटीटी-रक्सौल एक्सप्रेस सुबह 7.50 बजे रक्सौल
- 14016 आनन्द विहार-रक्सौल एक्स. रात 10.10 बजे रक्सौल
- 15280 आनन्द विहार-सहरसा एक्स. शाम 7.25 बजे सहरसा

## आईआरसीटीसी करायेगा केरल की वादियों की सैर

**लखनऊ।** अगर आप मार्च के महीने में केरल की हसीन वादियों की सैर करना चाहते हैं तो इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) आपके लिए एक बेहतरीन हवाई टूर पैकेज लॉन्च कर रहा है। अमेजिंग केरल के नाम से यह हवाई टूर पैकेज उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से संचालित होगा। यह पैकेज 06 रात एवं 07 दिन का है। जिसमें पर्यटको कोच्चि, मुन्नार, थेक्कडी, कुमारकोम, त्रिवेंद्रम का भ्रमण कराया जाएगा. बता दें कि यह टूर पैकेज 22 मार्च से 28.03.26 तक चलाया जा रहा है।

**टूर पैकेज की विशेषताएं :** इस टूर में यात्रियों को लखनऊ से कोच्चि जाने एवं त्रिवेंद्रम से लखनऊ आने की व्यवस्था फ्लाइट से की गई है। इसके साथ ही खान -पीन एवं ठहरने की व्यवस्था तीन सितारा होटल में की गई है। यात्रा के दौरान कोच्चि किला, चीयापारा झरना, पुनरजानी सांस्कृतिक कार्यक्रम, एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान, कुंडला बांध झील, मेट्टुपेट्टी बांध, इको पॉइंट, चाय संग्रहालय, पेरियार वन्यजीव अभयारण्य, मसाला बागान, श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर और कोवलम समुद्र तट आदि का भ्रमण कराया जाएगा।

**जानिए कितना होगा किराया:** इस टूर पैकेज के लिए एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति रू. 78000/-, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति रू. 55200/-, तीन व्यक्तियो के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति रू. 52400/-, माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य रू. 45900/-, बेड सहित एवं मूल्य रू. 39500/- बिना बेड के होगा।

**इस तरह करें बुकिंग :** इस टूर पैकेज के संदर्भ में आईआरसीटीसी उत्तरी क्षेत्र के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जाएगी. साथ ही इस यात्रा की बुकिंग पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है।

## विभूति एक्सप्रेस समेत 5 जोड़ी ट्रेनों का घटेगा किराया, हटाया जायेगा 'सुपरफास्ट' का टैग

**लखनऊ।** यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। प्रयागराज रामबाग से हावड़ा जाने वाली विभूति एक्सप्रेस और हावड़ा-कालका मार्ग पर चलने वाली प्रसिद्ध नेताजी एक्सप्रेस सहित पांच जोड़ी महत्वपूर्ण ट्रेनों का किराया घटने जा रहा है। यानी इन ट्रेनों में निर्धारित दूरी के लिए यात्रियों को जेब से कम पैसे खर्च करने पड़ेंगे। ऐसा होगा एक नए बदलाव से।

दरअसल रेलवे पांच जोड़ी ट्रेनों से "सुपरफास्ट" का तमगा हटा रहा है। जिसके कोरण अप्रैल माह से इन ट्रेनों को सामान्य एक्सप्रेस के रूप में चलाया जाएगा, जिसका सबसे बड़ा लाभ यात्रियों को घटे हुए किराये के रूप में मिलेगा। सुपरफास्ट सरचार्ज हटने से अब यात्रियों को सभी श्रेणी के टिकटों के लिए कम भुगतान करना होगा।

दरअसल, इन ट्रेनों के अत्यधिक ठहराव को लेकर यात्री लंबे समय से शिकायत कर रहे थे। यात्रियों का तर्क था कि अधिक स्टेशनों पर रुकने के कारण ये ट्रेनें सामान्य एक्सप्रेस जितना ही समय ले रही हैं, फिर भी "सुपरफास्ट" श्रेणी में होने की वजह से किराया ज्यादा वसूला जा रहा है।

उदाहरण के तौर पर, विभूति एक्सप्रेस वर्तमान में 31 और नेताजी एक्सप्रेस 38 स्टेशनों पर रुकती है। इसी विसंगति को दूर करने के लिए रेलवे ने अब उपासना, कुंभ और हिमगिरि एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों को भी इस सूची में शामिल करते हुए इन्हें सामान्य श्रेणी में वापस डालने का फैसला किया है। इस बदलाव के साथ ही ट्रेनों की पहचान यानी उनके नंबर भी बदल जाएंगे। अब ये गाड़ियां अपने पुराने 12 नंबर की सीरीज को छोड़कर 13 नंबर की नई सीरीज के साथ पटरी पर उतरेंगी।

यह नई व्यवस्था 13 से 16 अप्रैल के बीच लागू होगी। हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस 13 अप्रैल से नए नंबर 13051 के साथ चलेगी, जबकि विभूति एक्सप्रेस 14 अप्रैल से 13048 बनकर प्रयागराज रामबाग से रवाना होगी। इसी तरह उपासना, कुंभ और हिमगिरि एक्सप्रेस भी मध्य अप्रैल से नए स्वरूप और सस्ते किराये के साथ अपनी सेवाएं देंगी।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन

- राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों तथा स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े प्रतिभागियों ने की सहभागिता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबा एजुकेशनल सोसाइटी चिनहट में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों तथा स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम में देश-विदेश से आए सभी प्रतिष्ठित वक्ताओं की उपस्थिति रही। प्रो. (डॉ) अर्चना चौहान ने बताया की सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. देवाशीष शुक्ला, परीक्षा नियंत्रक, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों तथा देश-विदेश से आए वक्ताओं द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस



अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की थीम का औपचारिक अनावरण भी किया गया। अपने उद्बोधन में डॉ. देवाशीष शुक्ला ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को वर्तमान समय की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. सार्थक दवे (एमबीबीएस, एमडी, मनोचिकित्सक) संबंधित सामाजिक चुनौतियों तथा डिजिटल युग में सोशल मीडिया के प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कॉलेज के संरक्षक डायरेक्टर आरके वाजपेयी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन की अध्यक्षता कॉलेज की प्रिंसिपल एवं ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन प्रो. (डॉ) अर्चना चौहान द्वारा की गई। उन्होंने अपने संबोधन में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने तथा नर्सिंग शिक्षा में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया।

दो दिवसीय सम्मेलन में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों जैसे टेली-साइकियाट्री, इमोशनल मैच्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मानसिक स्वास्थ्य में उपयोग, डिजिटल मेंटल हेल्थ, मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग तथा मानसिक स्वास्थ्य में उपयोग की जाने वाली विभिन्न थेरेपी के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने आधुनिक तकनीक एवं चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान पर विशेष बल दिया।

## अन्नदाताओं पर सरकार चला रही हथौड़ा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने भारत सरकार और अमेरिका के बीच हो रही कथित कृषि डील पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह समझौता किसानों के हित में नहीं, बल्कि उनके अस्तित्व पर सीधा प्रहार है। सरकार दावा कर रही है कि इस डील से 1.40 लाख करोड़ की नौकरियाँ मिलेंगी, लेकिन आज तक जॉब लिस्ट सार्वजनिक नहीं की गई, इसके बावजूद बधाइयाँ बाँटी जा रही हैं। यह देश और किसानों के साथ खुला धोखा है।

सरकार कह रही है कि किसानों के हित 100 प्रतिशत सुरक्षित हैं, लेकिन कैसे सुरक्षित हैं—इसका कोई जवाब नहीं। आज तक किसानों को टरढ की कानूनी गारंटी नहीं मिली, और अब सरकार विदेशी ताकतों के दबाव में आकर खेती को दांव पर लगा रही है। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने सबसे बड़ा सवाल उठाया कि भारत और अमेरिका के बयानों में साफ अंतर है। जहाँ भारत सरकार इस डील को किसानों के हित में बता रही है, वहीं अमेरिका के बयान साफ संकेत देते हैं कि उसे अपने कृषि उत्पादों और कॉरपोरेट कंपनियों के लिए भारतीय बाजार खोलना है।

अन्नदाताओं के ऊपर सरकार ने हथौड़ा चलाया जा रहा है। यह नीति किसान को आत्मनिर्भर बनाने की नहीं, बल्कि उसे विदेशी कंपनियों पर निर्भर बनाने की साजिश है। लोकदल का स्पष्ट कहना है कि भारत और अमेरिका की खेती का मॉडल पूरी तरह अलग है। भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहाँ खेती आजीविका है, जबकि अमेरिका में खेती कॉरपोरेट और मुनाफा आधारित उद्योग है।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता व मंत्री केन्द्रीय बजट पर आज चर्चा करेंगे

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी विभिन्न वर्गों के साथ संवाद करते हुए केन्द्रीय बजट 2026-27 पर चर्चा कर रही है। भाजपा युवा, किसान, महिला, श्रमिक, प्रबुद्ध, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, व्यापारी, उद्यमी, चिकित्सक, प्रोफेशनल, साहित्यकार, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता सहित विभिन्न वर्गों के बीच संवाद करते हुए विकसित भारत के संकल्प के साथ प्रस्तुत केन्द्रीय बजट 2026-27 से जन-जन को जोड़ रही है। रविवार 08 फरवरी को केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल अयोध्या में महिला संवाद कार्यक्रम तथा प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी कानपुर में व्यापारियों के बीच संवाद कार्यक्रम में केन्द्रीय बजट पर चर्चा करेंगे। प्रदेश महामंत्री, एमएलसी एवं अभियान के प्रभारी सुभाष यदुवंश ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट में विकसित भारत का संकल्प और जन-जन की आत्मनिर्भरता की प्रतिबद्धता समाहित है। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज के सामूहिक सहयोग से बजट के उद्देश्यों को साकार किया जा सकता है। इसी उद्देश्य के साथ केन्द्रीय बजट 2026-27 को लेकर भाजपा जनसंवाद कर रही है।

## स्वच्छता व्यवस्था को लेकर पार्षद ने सुपरवाइजरों के साथ की बैठक

**लखनऊ।** पार्षद गीता देवी की अध्यक्षता में सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्ड की साफ-सफाई व्यवस्था सहित विभिन्न जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर सुपरवाइजर धीरज, राकेश, संजय पांडे, विनोद साहू, हिमांशु व राजकुमार उपस्थित रहे। सभी सुपरवाइजरों ने अपने-अपने कार्य क्षेत्र से संबंधित समस्याओं व विषयों को बैठक में रखा की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि नगर की स्वच्छता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सफाई कार्य समय से, नियमित के साथ होना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पार्षद ने कहा कि स्वच्छ वार्ड ही स्वस्थ समाज की पहचान है। अधिकारी व कर्मचारी यदि पूरी निष्ठा से कार्य करें तो क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकती हैं। उन्होंने सभी सुपरवाइजरों से जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने और जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया।

## जनहित व्यापार मंडल ने जलभराव की समस्या बतायी

**लखनऊ।** सरोजनी नगर के हैडिल चौराहा और गौरी बाजार इलाके मे लम्बे समय से चली आ रही जलभराव एवं बुनियादी समस्याओ को लेकर उत्तर प्रदेश जनहित ब्यापार मण्डल की पहल पर एक बार फिर प्रशासनिक स्तर पर कार्य वाई का भरोसा दिता गया हैं। पीएनसी और नगर निगम जोन आठ के अधिकारियो ने एक सप्ताह के भीतर समस्याओ के निराकरण का अस्वासन दिया हैं।

उत्तर प्रदेश जनहित ब्यापार मण्डल द्वारा 15 जनवरी 26 को क्षेत्र की समस्याओ कक लेकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रोजेक्ट नकुल वर्मा एवं नगर निगम जोन 8 के जोनल अधिकारी विकास सिंह के साथ संयुक्त रूप से एक बैठक की गई थी। बैठक मे व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने बीते लगभग दो वर्षो से हो रहे जलभराव, आवागमन मे बाधा और जनस्वास्थ्य से जुडी समस्यायो को प्रमुखता से उठाया था। बैठक के दौरान दोनों अधिकारियो ने सम्बंधित अधिकारियो को शीघ्र समाधान किये जाने का निर्देश दिया था।

शुक्रवार को नगर निगम जोन 8 के सहायक अभियंता ए के सिंह, सुपर वाइजर वेद प्रकाश अवस्थी और पीएनसी कम्पनी के प्रतिनिधि अंकुर जैन और सहायक अनिरुद्ध राय ने उत्तर प्रदेश जनहित ब्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के साथ मौके पर पहुँच कर स्थिति जा निरीक्षण किया। नितिकधान के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय मैकू लाल रावत के नाम पर बनी सडक पर गंभीर जलभराव की समस्या बनी हुई हैं पाई गई।

# भाजपा सरकार मरीजों की उपेक्षा कर रही : अखिलेश यादव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में आज कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित डॉक्टरों के दल के साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी और उसके इलाज पर चर्चा की। डॉक्टरों की राय थी कि समाजवादी सरकार में इस गंभीर बीमारी के इलाज और इसके बीमार लोगों के प्रति संवेदनापूर्ण व्यवहार के लिए जितना किया गया था, वह हमेशा याद रखा जाएगा। अखिलेश यादव की दृष्टि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के इलाज की थी। वर्तमान भाजपा सरकार ने इस सम्बंध में उपेक्षा ही प्रदर्शित की है।



अखिलेश यादव ने बताया कि समाजवादी सरकार में गंभीर बीमारियों, कैंसर, किडनी, लीवर और हार्ट के लिए उच्चस्तरीय इलाज की व्यवस्थाएं निःशुल्क की गई थी। लखनऊ में 100 एकड में एक हजार करोड़ रुपए की राशि से समाजवादी सरकार में सन-2016 में कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट बना। बैठक में बबलू बिन्द ने बताया कि उनकी मां के कैंसर के इलाज के लिए मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी ने 4.56 हजार रू0 की मदद दी थी। हमारा परिवार आज भी उनका आभार मानता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का असली गुण लोगों की सेवा करना है जो न्याय न दे पाए। इलाज न दे पाए तो किस बात का विकसित भारत है?

बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल सहित सर्वश्री बबलू बिन्द, डॉ. अजय प्रजापति, जूही सिंह डॉ. नंद, डॉ. जेएस बिन्द, डॉ. राजित बिन्द, डॉ. सुजीत बिन्द, डॉ0 विरेन्द्र पटेल, डॉ0 संगम लाल गुप्ता, डॉ. विरेन्द्र बिन्द, डॉ. जुबेर खान, डॉ. मरगूब कुरैशी, ईशान मिल्की, प्रदीप मोदनवाल, सूरज बिन्द, गोविन्द यादव, रवि रांझा, आदिवासी विजय बार्डर गोंड, मिता जायसवाल, पावर्ती कन्नौजिया, रंजीत बिंद, संजय, आमीर की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## जालसाज कालर ने एप ठीक करवाने के बहाने खाते से उड़ाये 1.39 लाख

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाले एक बैंक खाता धारक को जालसाज कालर ने निशाना बना पीएनबीआई एप ठीक करवाने में मदद के बहाने खाताधारक के बैंक खाते से 1.39 लाख रुपए पार कर हडप लिया। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित बजरंग नगर निवासी आमोद कुमार पान्डेय पुत्र रामकुमार पान्डेय ने बताया उनका सेविंग खाता पंजाब नैशनल बैंक शाखा कृष्णानगर में संचालित है। बीते 28 जनवरी की दोपहर वह एप पीएनबीआई डाउनलोड करने की कोशिश कर रहे थे। उस दौरान कालर ने उनके पास फोन उनका एप ठीक करवाने में मदद करने के साथ स्क्रिन बंद ना करने की बात कह उसके खाते से 1.39 लाख रुपए सात बार में निकाल हडप लिए। वही पीडित का कहना था उसने खाते से पैसा निकलजाने की जानकारी होने पर बैंक शाखा सहित साइबर सेल व स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 727 मामलों में 167 का ही निस्तारण

- अवैध कब्जे के प्रकरण का निस्तारण न करने वाले लेखपाल हटाये गये विभागीय कार्यवाही के निर्देश
- राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस सुनिश्चित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये। जिसमें डीएम विशाख जी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना शासन की प्राथमिकता है। जिसके क्रम में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें।

तहसील सरोजनीनगर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 205 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 84 प्रकरणों का निस्तारण विभिन्न टीमो



के माध्यम से कर दिया गया। बाकी प्रकरणों को निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें। सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 80 में से 8 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 88 में से 9 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बीकेटी में 130 में से 33 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 224 में से 33 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 205 में से 84 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया।

पुलिस 77, राजस्व एवम पुलिस संयुक्त 1, राजस्व 385, विकास 60, शिक्षा 03, स्वास्थ्य 03, समाज कल्याण 16, नगर निगम 03 तथा अन्य 179 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। सामाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा अपनी भूमि पर अवैध अतिक्रमण संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसके संबंध में प्रकरण में पूर्व प्रस्तुत आवेदन का निस्तारण न करवाने एवं गलत निस्तारण प्रस्तुत करने के संबंध में राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने और संबंधित लेखपाल को तहसील से हटाते हुए मुख्यालय संबद्ध किए जाने व उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए गए।

समाधान दिवस के दौरान सभी प्रकरणों का निस्तारण समय सीमा में फोटो व वीडियो सहित आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की समाधान दिवस के जो भी प्रकरण निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिए गए है उन सभी प्रकरणों में निस्तारण के बाद अधिकारीगण शिकायतकताओं से कॉल करके फीडबैक लेना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, उप जिलाधिकारी तहसील सरोजनीनगर अंकित शुक्ल, तहसीलदार सरोजनीनगर, पुलिस, समाज कल्याण सहित विभिन्न स्तरों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## भातखण्डे : जन भवन में स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत गोद्गाम की आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों तथा ग्राम के महिला एवं पुरुषों को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जनभावन ले जाया गया। जनभवन पहुँचना ग्रामीणों के लिए विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में ग्रामीणों की निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच कराई गई। साथ ही उन्हें पुष्प प्रदर्शनी तथा विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जियों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी कराया गया, जिससे उनमें प्रकृति, सौंदर्यबोध तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता विकसित हो सके।



यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की सहायक आचार्य (नृत्य) डॉ. रूचि खरे के नेतृत्व तथा शिक्षिका डॉ. प्रेरणा राणा के सह-नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों वरुण शुक्ला, अक्षिता त्रिपाठी, चैतन्य अग्रवाल एवं आदित्य कुमार ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन के मार्गदर्शन में राजभवन से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया, जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के गोद्गाम से 36 महिला एवं पुरुषों को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जनभवन ले जाया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल स्वास्थ्य जागरूकता को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता तथा सामाजिक सहयोग की भावना को सकारात्मक स्वास्थ्य संस्कृति विकसित करने का प्रभावी माध्यम सिद्ध होते हैं।

संक्षेप

### पावरग्रिड-प्रशासन साझेदारी से संवरेगा विद्यालय

**देवरिया।** पावरग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) निधि से विकास खंड भटनी के जिगिना दीक्षित कम्पोजिट विद्यालय में सोलर लाइट, फर्नीचर एवं शौचालय निर्माण कार्य हेतु 16.56 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। इस परियोजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिए शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी देवरिया एवं पावरग्रिड के महाप्रबंधक के मध्य एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह ने कहा कि बच्चों की बेहतर शिक्षा और समग्र विकास के लिए विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। इस पहल से विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिलेगा और शिक्षण व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव तथा पावरग्रिड के उप महाप्रबंधक गौतम कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सबका साथ, सबका विकास भाजपा की मूल नीति जाति की राजनीति का भविष्य नहीं: उप मुख्यमंत्री

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जाति के नाम पर राजनीति करने वाले दल वर्ष 2027 में समाप्त हो जाएंगे। भाजपा की नीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास पर आधारित है।



उप मुख्यमंत्री शनिवार को फाजिलनगर स्थित पावानगर महावीर इंटर कॉलेज में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश को भ्रष्टाचार के दलदल से बाहर निकालने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है और अब देश को जातिवाद की राजनीति से भी मुक्त किया जाएगा उन्होंने कहा कि विपक्ष को एक गरीब परिवार से आने वाला प्रधानमंत्री स्वीकार नहीं है। इसी मानसिकता के कारण विपक्ष द्वारा हाल के दिनों में लोकसभा में प्रधानमंत्री को बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि यह विपक्ष की नकारात्मक सोच को दर्शाता है। उप मुख्यमंत्री जी ने वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश की स्थिति की चर्चा करते हुए कहा कि उस समय बिजली आती नहीं थी, जबकि आज बिजली जाती नहीं है।

उन्होंने कहा कि मनरेगा पहले भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुकी थी, यही कारण है कि केंद्र सरकार ने व्यवस्था को पारदर्शी बनाते हुए इसे डीबीटी आधारित प्रणाली से जोड़ा। उन्होंने पूर्व के एक कांग्रेसी प्रधानमंत्री के वक्तव्य का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले एक रुपये में से मात्र 15 पैसा ही गरीब तक पहुंचता था, जबकि आज सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंच रहा है। स्वयं सहायता समूहों की चर्चा करते हुए उप मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। सरकार उत्पादन की जिम्मेदारी महिलाओं और समूहों को सौंप रही है तथा विपणन की सुविधा उपलब्ध करा रही है। इसी उद्देश्य से विश्व के अनेक देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किए जा रहे हैं। आज विश्व के देश भारत के साथ व्यापार समझौते के लिए उत्सुक हैं, जो 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करेगा। कार्यक्रम से पूर्व पं० दीन दयाल उपाध्याय एवं डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अंत में विधायक सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। संचालन जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जनपद की प्रभारी मंत्री श्रीमती शकुंतला चौहान, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौड़, विधायक पडरौना मनीष जायसवाल, विधायक हाटा मोहन वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# केंद्रीय बजट विकसित भारत निर्माण की दिशा में मजबूत आधार: उप मुख्यमंत्री

**कुशीनगर।** उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य द्वारा जनपद कुशीनगर की पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान केंद्रीय बजट पर विस्तार से अपने विचार रखे गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के जिस लक्ष्य को देश ने संकल्प के रूप में अपनाया है, उसे साकार करने में यह केंद्रीय बजट पूर्णतः सक्षम एवं दूरदर्शी है।



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट समाज के प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस बजट से गरीब सशक्त बनेगा, महिलाओं का उत्थान होगा, युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे तथा देश का अन्नदाता किसान और अधिक समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट अंत्योदय की भावना को साकार करने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि देश का किसान, श्रमिक, युवा एवं आमजनमानस सभी का साझा लक्ष्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और यह कार्य मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट नीति और निर्णायक सरकार के माध्यम से ही संभव है। उप मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही विकास, सुशासन और गरीब कल्याण को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा रही है। प्रेसवार्ता के दौरान पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उप मुख्यमंत्री ने यूजीसी बिल के संबंध में स्पष्ट किया कि इस विषय में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्थगनादेश पारित किया गया है, जिसका सभी को सम्मान करना चाहिए। केंद्रीय बजट के आर्थिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में निवेश को प्रोत्साहित करने की स्पष्ट एवं सकारात्मक सोच दिखाई देती है। इससे भारत में तेज गति से निवेश आएगा और देश को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में यह बजट एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि देश को प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास है तथा लगातार नौवां बजट प्रस्तुत करने वाली केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट ऐतिहासिक है, जिसकी जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। इस दौरान जनपद के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में सदर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों ने राजस्व, पुलिस, विकास एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 53 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें 28 राजस्व विभाग, 10 पुलिस विभाग, 03 विकास विभाग तथा 12 अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। प्राप्त शिकायताओं में से 06 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक प्रकरण की समीक्षा की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सदर तहसील में 03 पात्र लाभार्थियों को अन्त्योदय राशन कार्ड तथा 01 लाभार्थी को दिव्यांग प्रमाण पत्र मौके पर वितरित किया गया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पात्र परिवारों को विभिन्न सरकारी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराया जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक जिला एक व्यंजन योजना से प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों को मिलेगी वैश्विक पहचान: उप मुख्यमंत्री

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** प्रदेश सरकार की महत्त्वाकांक्षी एक जिला एक उत्पाद योजना की सफलता के बाद अब उसी तर्ज पर एक जिला एक व्यंजन योजना को लागू किए जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जनपदों के पारंपरिक व्यंजनों की पहचान कर स्वयं सहायता समूहों की दीदियों के माध्यम से कैंटीन संचालन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग तथा देश-विदेश में विपणन की व्यवस्था की जाएगी।



उक्त बातें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद के तमकुहीराज कस्बे से सटे ग्राम गाजीपुर में आयोजित एक निजी विद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही। आयोजित कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण किया तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। अपने संक्षिप्त किंतु प्रभावशाली संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अब तक स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लगभग 30 लाख दीदियों को लखपति बनाया जा चुका है तथा आगामी चरण में एक करोड़ दीदियों को लखपति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही प्रदेश में साढ़े सात हजार समूहों को करोड़पति समूह के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक जिला एक व्यंजन योजना से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे तथा स्थानीय व्यंजनों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। उप मुख्यमंत्री जी ने निजी विद्यालय के आयोजकों को तमकुहीराज क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक संस्थान की स्थापना कर शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक पहल करने हेतु बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के विस्तार से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश भैया जोशी, सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल, सांसद देवरिया शशांक मणि त्रिपाठी, जनपद के प्रभारी मंत्री श्रीमती शकुंतला चौहान, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय तथा विधायक डॉ० असीम कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूहों के कार्यकताओं को सम्मानित किया गया तथा मूक-बधिर एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा चयनित लाभार्थियों को डेमो चेक के माध्यम से प्रोत्साहन प्रदान किया गया ।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों की सदस्याएं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# डीएम ने गौरीबाजार विकास खण्ड का किया निरीक्षण

**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने शनिवार को अपराह्न 02:45 बजे विकास खण्ड गौरीबाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, लेखाकार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम विकास खण्ड परिसर का सघन निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके उपरांत कार्यालय के विभिन्न पटलों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। लेखाकार पटल पर टेंडर संबंधी पत्रावलियों का परीक्षण किया गया, जबकि स्थापना पटल पर अभिलेखों एवं आलमारियों की विधिवत जांच की गई। सेवारत कर्मचारियों की व्यक्तिगत पत्रावलियों एवं सेवापुस्तिकाओं का निरीक्षण करते हुए नामिनी प्रपत्रों का भी अवलोकन किया गया कनिष्ठ सहायक से जनसुनवाई एवं जनसूचना से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली गई ।इसके अतिरिक्त मनरेगा, एनआरएलएम तथा सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के कार्यों एवं अभिलेखों की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन के नवीनतम निदेशों के अनुरूप समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से योजनाओं का संचालन करने तथा आमजन को विकास प्रक्रिया में सहभागी बनाने के निर्देश दिए।

# महिला यात्री का पर्स जीआरपी ने लौटाया

**भटनी(देवरिया)** ।जीआरपी थाना भटनी द्वारा ईमानदारी और तत्परता का परिचय देते हुए सलेमपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर मिले महिला यात्री के पर्स को सुरक्षित लौटाया गया। पर्स में 15,600 रुपये नगद एवं कीमती सामान रखा था।

जानकारी के अनुसार जीआरपी पुलिस अधीक्षक रेलवे लक्ष्मी निवास मिश्र के निर्देशन तथा पुलिस उपाधीक्षक सर्किल बलिया रवि रत्न गौतम के निकट पर्यवेक्षण में जीआरपी थाना भटनी द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान यह सफलता मिली ।रेलवे स्टेशन सलेमपुर पर ड्यूटी में तैनात आरक्षी प्रदीप कुमार द्वारा चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म पर एक हैंड पर्स पड़ा मिला ।जांच में पर्स के भीतर 15,600 रुपये नगद, कीमती सामान तथा महिला यात्री का आधार कार्ड प्राप्त हुआ। आधार कार्ड के आधार पर महिला की पहचान सुधा देवी पत्नी अशोक, निवासी थाना खामपार के रूप में हुई। बताया जाता है कि सुधा देवी ट्रेन संख्या 15007 कृषक एक्सप्रेस से लखनऊ जाने के लिए सलेमपुर स्टेशन पर आई थीं। ट्रेन में चढ़ते समय उनका हैंड पर्स प्लेटफार्म पर गिर गया और वह अनजाने में ट्रेन पकड़कर चली गईं ।जीआरपी द्वारा आधार कार्ड में उपलब्ध जानकारी के माध्यम से महिला यात्री को सूचित किया गया ।सूचना मिलने पर उनके परिजन फुफेरे भाई डॉ. मनोज कुमार, निवासी ग्राम भैसही, थाना बनकटा, थाना स्थानीय पर पहुंचे। आवश्यक सत्यापन के बाद नगद राशि, कीमती सामान व आधार कार्ड नियमानुसार उन्हें सुपुर्द कर दिया गया। अपने सामान सुरक्षित मिलने पर महिला यात्री ने जीआरपी पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। जीआरपी की इस सराहनीय कार्रवाई से यात्रियों में सुरक्षा के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

# एफएमजीई परीक्षा उत्तीर्ण होने पर डॉक्टर अकीद जावेद किए गये सम्मानित

जिला संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** एनएस मेमोरियल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कसया द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उपलब्धि के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह डॉ. अकीद जावेद द्वारा एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई पूर्ण करने के उपरांत एफएमजीई परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के सम्मान में आयोजित किया गया।



इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एम. कुमार, एच.ओ.डी., कार्डियोलॉजी, मेडिकल यूनिवर्सिटी, कुशीनगर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में डॉ. अकीद जावेद की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल व्यक्तिगत मेहनत का परिणाम है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम का आयोजन एवं नेतृत्व डॉ. शमशुल होदा अंसारी, चिकित्सक एवं संचालक, एनएस मेमोरियल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कसया द्वारा किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि अस्पताल का उद्देश्य हमेशा योग्य और मेहनती चिकित्सकों को प्रोत्साहित करना रहा है, ताकि समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें।

सम्मान समारोह में समाज एवं चिकित्सा जगत के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से शमशुल हक, डॉ. अनवारुल हक, अकील अहमद, रमीज राजा, संजीत यादव, वाजिद अली, डॉ. इरफान हैदर जाफरी एवं आदिल अंसारीशामिल रहे। समारोह के अंत में सभी अतिथियों द्वारा डॉ. अकीद जावेद के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण, प्रेरणादायक एवं गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# गोताखोर की मौत को लेकर धरना प्रदर्शन चक्का जाम

- रात भर चला धरना भोर में हुआ खत्म, गोताखोर की हुई अंत्येष्टि
- शव की तलाश करते समय नदी में डूबने से हुई थी गोताखोर सुरेंद्र की मौत

**बरहज,देवरिया।** स्थानीय गोताखोर सुरेंद्र साहनी की मौत के बाद दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग को लेकर चल रहा धरना आठ घण्टे बाद तहसील प्रशासन के आश्वासन पर रात को दो बजे खत्म हुआ। धरना खत्म कराने में रात में भी अफसरों को काफी मस्कत करनी पड़ी। धरना खत्म होने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। धरना के बाद गौरा घाट पर कड़ी सुरक्षा में सुरेंद्र का अंतिम संस्कार हुआ ।गौरा निवासी गोताखोर सुरेंद्र साहनी की गुरुवार को सरयू नदी में डूबने से मौत हो गई थी। वह दो फरवरी को नदी में डूबे परसिया देवार निवासी किसान धरमू प्रसाद की तलाश कर रहा था। उसकी मौत के बाद सुरेंद्र के परिजनों ने पुलिस पर घर से पकड़कर कर ले जाने की बात कहते हुए मौत के लिए पुलिस को जिम्मेदार ठहराया था ।शुक्रवार शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव करीब छह बजे गौरा स्थित उसके घर पहुंचा। सुरेंद्र के परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और नौकरी की मांग को लेकर बरहज- गौरा मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां से शव हटाने का प्रयास किया, जिसको लेकर दोनों पक्षो में धक्का-मुक्की हुई। बात बिगड़ता देख उप जिलाधिकारी विपिन कुमार द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी राजेश चतुर्वेदी, तहसीलदार अरुण कुमार के साथ बरहज के अलावा रुद्रपुर, मइल, खुखुंदू और भलुअनी थाने की फोर्स मौके पर पहुंच गई। अफसरों ने पीड़ित पक्ष को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया, लेकिन पीड़ित दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई, पत्नी को नौकरी और एक करोड़ मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। नौकरी और मुआवजे को लेकर उपजिलाधिकारी ने नियमों का हवाला देकर अधिकतम पांच लाख मुआवजा, मृतक की पत्नी को नपा में आउटसोर्सिंग की नौकरी और दो बच्चों को वाल्मिकी शिक्षा योजना का लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद पीड़ित लिखित आश्वासन और नकद मुआवजे की मांग करने लगे। काफी मशक्कत और घण्टों मान मनौव्वल के बाद शनिवार की भोर में दो बजे प्रशासन के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआमृतक की पत्नी को नपा में , दो बच्चों को वाल्मीकि शिक्षा योजना के तहत नामांकन कराया जाएगा। शासन की दुर्घटना हित लाभ योजना का भी लाभ दिया जाएगा।

# शिक्षकों ने दिवंगत शिक्षक के परिवार को 1.07 लाख की आर्थिक सहायता दी

**भटनी (देवरिया)** ।स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम बासघाटी में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में भटनी क्षेत्र के अध्यापक/अध्यापिकाओं के सहयोग से एकत्रित एक लाख सात हजार की सहयोग राशि विगत दिनों दिवंगत स्वर्गीय जयश्याम प्रसाद, प्रधानाध्यापक, कम्पोजिट विद्यालय डेमुसा की पत्नी श्रीमती आशा देवी को उनके आवास पर प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने स्व. जयश्याम प्रसाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि स्व. जयश्याम प्रसाद एक कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित शिक्षक थे, जिनकी कमी शिक्षा जगत में सदैव महसूस की जाएगी। इस अवसर पर रामनिवास यादव, कृष्ण कुमार तिवारी, राजीव रंजन, अनिल सिंह, अवधेश रावत, सुरेश यादव, शरद कुमार मिश्र, नन्दप्रकाश सिंह, रमेश रंजन सहित अनेक शिक्षकगण एवं उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे ।ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ल ने सहयोग राशि प्रदान करने हेतु विकास क्षेत्र के समस्त अध्यापक/अध्यापिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही सहयोग राशि एकत्रित करने में योगदान देने वाले नामित सहयोगी शिक्षक बन्धुओं के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

# केसीए अंडर-16 पुलवी का पहला सेमी फाइनल मैच खेला गया




जिला संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध इंटर कॉलेज कुशीनगर के स्टेडियम में चल रहे अंडर -16 केसीए पुलवी क्रिकेट मैच का पहला सेमी फाइनल मैच केसीए और रामकोला के बीच शनिवार को खेला गया, जिसमे रामकोला को हराकर फाइनल में अपनी जगह बना ली।

टॉस जीत कर केसीए क्रिकेट एकेडमी के कप्तान शुभम कुशवाहा ने पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए केसीए टीम ने 30 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 235 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में रामकोला एकेडमी के कप्तान प्रतियूष मद्धेशिया के नेतृत्व में बैटिंग करने उतरी रामकोला एकेडमी की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.3 ओवर 120 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह केसीए एकेडमी ने पहला सेमी फाइनल मैच 115 रन से जीत कर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लिया ।इस मैच में शानदार गेंदबाजी के लिए सत्यप्रकाश तिवारी मैन ऑफ मैच चुने गए। तिवारी ने 5.3 ओवर में 15 रन देकर 6 विकेट लिए।

वहीं बेस्ट बैट्स मैन का खिताब कप्तान शुभम कुशवाहा को मिला ।शुभम ने 76 गेंदों में 3 छक्के और 13 चौके की मदद से शतक बनाएं ।मैच में अंपायरिंग विकास सिंह और परवेज अंसारी ने किया ।मैच समाप्ति पर केसीए कोच सहित मो.अजहरुद्दीन, अंशु मणि त्रिपाठी, रविशंकर मिश्रा, अजेंद्र सिंह, प्रिन्स पाण्डेय, नीरज शर्मा आदि अतिथियों ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

# निःशुल्क नेत्र शिविर में 150 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

- 45 मरीजों का 22 फरवरी को होगा मोतियाबिंद का ऑपरेशन
- मोतीचक ब्लॉक के ग्राम पंचायत अजीजनगर में आयोजित था शिविर

**कुशीनगर।** गायत्री शक्तिपीठ मस्तीचक द्वारा संचालित पूर्वी भारत के सबसे बड़े नेत्र अस्पताल अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल द्वारा विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत अजीजनगर में शनिवार को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 150 लोगों का परीक्षण के बाद निशुल्क दवा वितरण किया गया ।शिविर में डॉ सच्चिदानंद, डॉ विशाल सिंह, संजय, रामनयन सिंह, प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद निशुल्क दवा वितरण किया गया। इसके साथ ही लोगों को बेहतर इलाज हेतु सलाह भी दिया गया। शिविर में 150 मरीजों का रजिस्ट्रेशन हुआ जिसमें से 60 मरीज मोतियाबिंद के मिले। इसमें 45 मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन 22 जनवरी को अखंड आई ज्योति हॉस्पिटल पर होगा। शिविर का सुपरवाइजर राजा राव ने बताया कि उक्त कार्यक्रम अजीजनगर निवासी लालबहादुर सिंह उर्फ सीपीएन सिंह भावी प्रधान प्रत्याशी के द्वारा काफी प्रयास कर अपने द्वार पर शिविर लगवाया जिससे ग्राम सभा में सैकड़ों लोगों को निःशुल्क इलाज किया गया। सीपीएन सिंह के सराहना आयोजन का क्षेत्र का में खूब चर्चा हो रहा है। इस दौरान संयोजक विजय प्रताप सिंह, अनिरुद्ध सिंह, कन्हैया मद्धेशिया, जितेंद्र चौहान, अजय यादव, आदित्य सिंह, सतीश सिंह, उपेन्द्र शर्मा, पप्पू शर्मा, गंगेश गौंड आदि उपस्थित रहे।




# स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को राहत देने मैदान में उतरा बिजली विभाग

**कुशीनगर।** पडरौना नगर मे स्मार्ट मीटर लगे उपभोक्ताओं को डिजिटल सुविधा से जोड़ने और निगेटिव बैलेंस की समस्या से निजात दिलाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा व्यापक जागरूकता एवं सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विभागीय कर्मचारी उपभोक्ताओं के घर जाकर यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप इंस्टॉल करवा रहे हैं और ऐप के माध्यम से बकाया राशि जांच, बिजली खपत की जानकारी, रिचार्ज प्रक्रिया सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी दी जा रही हैं ।यह जानकारी पडरौना उपखण्ड अधिकारी इं. शशिकांत गुप्ता व अवर अभियंता दिलीप कुमार मौर्य ने संयुक्त रूप से देते हुए कहा कि इस विशेष अभियान के दौरान निगेटिव बैलेंस वाले उपभोक्ताओं से मौके पर ही रिचार्ज कराया जा रहा है, ताकि अनावश्यक विद्युत विच्छेदन न हो। उन्होंने कहा कि यह अभियान 15 फरवरी तक लगातार संचालित किया जाएगा ।बिजली विभाग का यह अभियान उपभोक्ताओं को न केवल तकनीकी रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि बिजली उपभोग में पारदर्शिता और सुविधा भी सुनिश्चित कर रहा है ।उन्होंने कहा अभियान की पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डिस्कॉम स्तर से गठित टीम भी क्षेत्र में जाकर निरीक्षण कर रही है ।इसी क्रम में विद्युत वितरण खंड पडरौना में डिस्कॉम स्तर से पहुंचे अधिशाषी अभियंता द्वारा विशुनपुरा एवं पडरौना उपकेंद्र क्षेत्रों में स्थलीय जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियंता ने स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से संवाद कर फीडबैक लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अभियान को गंभीरता से संचालित करने और प्रत्येक उपभोक्ता तक डिजिटल सुविधा पहुंचाने पर जोर दिया।

संक्षेप

## मालगाड़ी की चपेट में आया युवक,पैर कटा

सीतापुर। सीतापुर जनपद के नैमिषारण्य थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मणपुर गांव के पास गुजर रही रेलवे लाइन पर शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, हादसे में उसका एक पैर कट गया, जबकि सिर में भी गंभीर चोटें आई हैं। घायल की नाजुक हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मणपुर गांव निवासी लल्लू 51 वर्ष शनिवार दोपहर किसी जरूरी काम से घर से निकले थे। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पार करते समय सीतापुर की ओर से आ रही मालगाड़ी की चपेट में वह आ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही उनका एक पैर कट गया, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल नैमिषारण्य स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक जयप्रकाश पटेल ने बताया कि घायल की स्थिति अत्यंत नाजुक थी, इसलिए प्राथमिक उपचार के बाद उसे उच्च चिकित्सा केंद्र भेजना आवश्यक था। गौरतलब है कि लक्ष्मणपुर और आसपास के क्षेत्रों में रेलवे लाइन के पास सुरक्षा इंतजामों की भारी कमी है, जिसके चलते लगातार हादसे सामने आ रहे हैं। इससे पहले भी इस इलाके में ट्रेन से कटने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। हाल ही में स्कूल जा रही एक छात्रा भी ट्रेन हादसे का शिकार हुई थी, जिसमें उसके दोनों पैर कट गए थे। ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन से जल्द से जल्द पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं पर रोक लगाई जाये।

## नेवादा प्रधान का निधन क्षेत्र में शोक की लहर

सीतापुर। हरगांव विकास खंड की ग्राम पंचायत नेवादा के प्रधान श्रवण कुमार जायसवाल का शुक्रवार देर रात लम्बी बीमारी के चलते लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि वह काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे और लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में उनका उपचार चल रहा था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रधान के निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, तकनीकी सहायक संजय अवस्थी सहित अनेक जनप्रतिनिधि व क्षेत्रीय लोग शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे। उनके निधन से क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।

## बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना, जेवर व नकदी चोरी

सीतापुर। कोतवाली सिधौली क्षेत्र के मनकापुर गांव में शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर हजारों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने मकान की पिछली दीवार काटकर सेंध लगाई और घर में रखे सोने-चांदी के जेवर, नगदी व कीमती बर्तन लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार मनकापुर निवासी रामकली पत्नी स्वर्गीय रामचंद्र शुक्रवार रात अपने परिवार के साथ किसी कार्य से घर से बाहर गई हुई थीं। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए वारदात को अंजाम दिया। शनिवार सुबह जब रामकली घर लौटीं तो चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने तत्काल सिधौली कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पीड़िता के अनुसार चोर तीन बटुआ, सोने-चांदी के जेवर और लगभग 15 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए हैं। पीड़िता ने कोतवाली में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# आईजी ने सीएम संभावित दौरे को लेकर परखी सुरक्षा व्यवस्था



सीतापुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 9 फरवरी को संभावित सीतापुर दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के उद्देश्य से लखनऊ जोन की आईजी किरण एस शनिवार शाम सीतापुर पहुंचीं और हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।

आईजी किरण एस ने सबसे पहले जीआईसी मैदान में बनाए गए प्रस्तावित हेलीपैड का जायजा लिया। इसके बाद वह सड़क मार्ग से कार्यक्रम स्थल तपोधाम आश्रम तक पहुंचीं और पूरे रूट की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मार्ग में पड़ने वाले सभी प्रमुख चौराहों, कट्स और संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। आईजी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के काफिले के गुजरने वाले मार्ग पर स्थित सभी कट्स को अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। साथ ही सड़क किनारे स्थित भवनों की छतों पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने के लिए ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से लगातार निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। आईजी ने पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय से पहले अपने-अपने स्थानों पर पहुंचकर जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता और यातायात प्रबंधन को लेकर भी विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। आईजी ने कहा कि सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा किया जाए, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर जिले में प्रशासनिक और पुलिस स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। पूरे रूट को सुरक्षा के लिहाज से चाक-चौबंद किया जा रहा है, वहीं आमजन की सुविधा और सुरक्षा को भी ध्यान में रखा जा रहा है।

## डीएम ने प्रचार वाहनों को दिखायी हरी झंडी



सीतापुर। किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को सदर तहसील सीतापुर से प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. एवं उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम0 दास द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी, उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त का लाभ नहीं मिल सकेगा। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष से किसानों को मिलने वाली सभी सरकारी सुविधाएं भी फार्मर रजिस्ट्री से ही जुड़ी होंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कृषि उत्पादों की बिक्री, फसल नुकसान की स्थिति में मुआवजा, उर्वरक, बीज, कृषि यंत्रों सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से ही दिया जाएगा। प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस जागरूकता अभियान के तहत प्रचार वाहन गांव-गांव जाकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित करेंगे। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त किसानों से अपील की कि वे समय रहते अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें, ताकि किसी भी सरकारी लाभ से वंचित न रहना पड़े।

## ताऊ के सिर पर युवक ने हथौड़ी से किया हमला,इलाज के दौरान मौत

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सहरोई सिकटिया गांव में शुक्रवार देर रात घरेलू विवाद ने खूनी रूप ले लिया। शराब के नशे में धुत एक युवक ने अपने ही ताऊ के सिर पर हथौड़ी से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उनकी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे गांव में दहशत और शोक का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी अनूप कुमार पुत्र राधेश्याम नशे की हालत में घर पहुंचा था। शराब पीने का विरोध उसके भाई ने किया तो दोनों के बीच तीखी कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में अनूप ने अपनी बाइक गांव के रास्ते पर ही आग के हवाले कर दी। बाइक जलते देख उसके ताऊ गंगाराम पुत्र दुलारी मौके पर पहुंचे और भतीजे को फटकार लगाई। बताया जाता है कि ताऊ की डांट से अनूप और अधिक उग्र हो गया। उसने पास में पड़ी हथौड़ी उठाकर गंगाराम के सिर पर जोरदार वार कर दिया। हमले में गंगाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तिहार चैकी पुलिस मौके पर पहुंची। चैकी इंचार्ज इंद्रजीत पुलिस बल के साथ पहुंचे, वहीं थाना अध्यक्ष श्यामू कनौजिया ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी अनूप कुमार को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। सीओ महोली नागेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घटना का कारण शराब के नशे में हुआ पारिवारिक विवाद सामने आया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। यह दर्दनाक घटना एक बार फिर शराब के दुष्परिणामों को उजागर करती है, जिसने एक परिवार को उजाड़ दिया और गांव को शोक में डुबो दिया।

## मेधावी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों का सम्मान

सीतापुर। हिन्दी साहित्य परिषद द्वारा शनिवार को सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति रहे, जबकि अध्यक्षता आशीष मेहरोत्रा ने की और संचालन आचार्य छोटे लाल द्वारा किया गया। समारोह में हिन्दी भाषा में निबन्ध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 14 मेधावी छात्र-छात्राओं तथा 4 शिक्षकों को हिन्दी सेवी सम्मान प्रदान किया गया। परिषद के अध्यक्ष संतोष कुमार कश्यप ने अतिथियों का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। मुख्य अतिथि सुरेंद्रनाथ प्रजापति ने कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है और प्रत्येक नागरिक को इस पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हिन्दी भाषा के समक्ष कई चुनौतियां हैं, जिनसे निपटने के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों, साहित्यकारों और समाज के सभी वर्गों को आगे आकर योगदान देना होगा। विशिष्ट अतिथि साहित्यकार अनवर बिसवानी ने कहा कि भाषा के विकास में सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है, जिसका उदाहरण रसखान, अमीर खुसरो, रहीम और मलिक मोहम्मद जायसी जैसे साहित्यकार हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आशीष मेहरोत्रा ने परिषद के प्रयासों की सराहना की। समारोह में कुमारी सारिका, साक्षी देवी, अनुमति विश्वकर्मा सहित 14 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विजय निगम, अतुल कुमार अवस्थी, रामेंद्र मिश्र सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।




## कलेक्ट्रेट परिसर में के के मिश्रा की प्रतिमा का अनावरण



फतेहपुर। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पुस्तकालय भवन में न्यायिक जगत का ऐतिहासिक समारोह। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ल ने वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष स्व. के.के. मिश्रा की प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही उनका सम्मान समारोह आयोजित।

सैकड़ों अधिवक्ता, न्यायाधीश और सम्मानित अतिथियों की मौजूदगी में कार्यक्रम भावुक और प्रेरणादायक रहा कानून के क्षेत्र में समर्पण की मिसाल !भव्य अनावरणः स्व. के.के. मिश्रा को अमर कियाकार्यक्रम जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में हुआ। अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे एडवोकेट और महामंत्री जीतेंद्र सिंह गौतम एडवोकेट ने संयोजन किया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ल ने अपने पावन हाथों से प्रतिमा का अनावरण कर स्व. मिश्रा को शत-शत नमन किया। स्व. के.के. मिश्रा जो जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे कानून के प्रति उनकी निष्ठा आज भी प्रेरणा स्रोत है ।विशिष्ट अतिथियों में शामिलःसुधीर कुमार (जनपद न्यायाधीशराजेश उपाध्याय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय शकीलुर्रहमान खान पीठासीन अधिकारी, MACT कोर्ट फतेहपुरअन्य न्यायाधीश, पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ हितेंद्र बहादुर सिंह, सुशील मिश्रा और जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता भी उपस्थित। पुस्तकालय भवन प्रतिमा अनावरण स्थल बना, जहां दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण से शुरूआत हुई ।न्यायमूर्ति का प्रेरक संदेशः कानून की किताबें ही सीढ़ीअनावरण के बाद न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ल ने उपस्थित अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, अपने प्रोफेसन में शीर्ष तक पहुंचने के लिए कानून की किताबें पढ़ें, वरिष्ठों से वातार्लाप करें, हर मुकदमे की पूरी तैयारी करें। मेहनत और समर्पण से कोई ऊंचाई असंभव नहीं। स्व. के.के. मिश्रा इसका जीता-जागता उदाहरण हैं ।₹उनके शब्दों ने युवा अधिवक्ताओं में जोश भरा। अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा, ₹यह समारोह स्व. मिश्रा की विरासत को संरक्षित करने का प्रतीक है। मिश्रा परिवार का सम्मानः भावुक पलस्वागत्कार परिवार ने सबका स्वागत किया। प्रमुख सदस्यःराज कुमार मिश्रा उर्फ राजेंद्र कुमार मिश्रापूर्व अविनाश मिश्राडॉ. अमित मिश्रा, डॉ. अर्चना मिश्राडॉ. आंचल मिश्रा, डॉ. शुभम मिश्राडॉ. साक्षी मिश्रा, डॉ. स्वाति मिश्राउमा मिश्रा एडवोकेटपरिवार के सदस्य भावुक नजर आए। राजेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा, ₹पिताजी का सपना आज पूरा हुआ। उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता ।₹ समस्त मिश्रा परिवार ने अतिथियों का आभार माना ।कार्यक्रम की झलकः एकता और सम्मान का प्रतीकदीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना, मिश्रा जी के जीवन पर वीडियो प्रस्तुति और समूह गान से कार्यक्रम सरस हुआ। जिला अधिवक्ता संघ ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंट किए। यह समारोह न केवल स्व. मिश्रा को श्रद्धांजलि था, बल्कि कानूनी बंधुता को मजबूत करने वाला।

## दो छात्रों को डीएम ने दिया लैपटॉप



उन्नाव। कोड योगी ए०आई० संस्था द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में करियर की संभावना को देखते हुए जनपद के समस्त राजकीय, सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय के साथ राजकीय आई०टी०आई और पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत बच्चों द्वारा कोडिंग के विभिन्न स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया। जिन छात्र द्वारा प्रदर्शन अच्छा रहा है आयोजित ऑनलाइन टेस्ट में प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है उन सभी छात्रों को जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा अपने कैंप कार्यालय में दिनांक आमंत्रित किया गया। कुल 08 छात्र आमंत्रित किए गए हैं, जिनमें से 02 छात्रों को जिलाधिकारी द्वारा लैपटॉप प्रदान किए गए एवं 06 छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

## चोरों ने घर से जेवर व नकदी पार कर दिया

उन्नाव। अज्ञात बेखौफ चोरों के हौसले बुलंद। छत के सहारे घर के घुसकर जेवर एवं नकदी पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी। आसीवन थाना क्षेत्र के विजयखेड़ा गांव निवासी अजय पाल पुत्र ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह लखनऊ में रहता है उसकी मां गांव में बने मकान में रहती है। जहां बीती शुक्रवार की रात्रि घर के बरामदे में मां सो रहीं थी। तभी देर रात्रि अज्ञात चोरों ने छत के सहारे घर में आकर उसके कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे जेवर एवं नकद चालीस हजार रुपए चुरा ले गए। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। सूचना पर पुलिस जांच में जुटी।

## यूजीसी नेट में डॉ. कौशलेन्द्र प्रताप मिश्र की सफलता पर बधाइयों का तांता



सीतापुर। मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमैनिटीज साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र डॉ. कौशलेन्द्र प्रताप मिश्र द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) अर्थशास्त्र विषय में 78 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्र, पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री महाविद्यालय सचिव डॉ. अम्मार रिजवी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल, प्राचार्य डॉ. विभा मिश्रा, समाजसेवी मोहित सेवक शुक्ल, चन्द्रभूषण शुक्ल, सीता ग्रुप एजुकेशन के चेयरमैन रमेश वाजपेई सहित महाविद्यालय परिवार, नगर के संभ्रांतजन एवं पत्रकार साथियों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## सीडीओ की अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस सी डी ओ कृति राज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कुल 84 प्रार्थना पत्र आए। जिसमें पांच प्रार्थना पत्रों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। सी डी ओ ने पिछले तहसील दिवस में आए प्रार्थना पत्रों की समीक्षा के पश्चात आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनी। परसंडा निवासी समाज सेवी विनोद लोधी ने मीरमऊ परसंडा मार्ग के जर्जर होने की शिकायत की। ग्राम ककरारी की सुनीता देवी पत्नी स्वयंवर ने बिजली का खंभा दो साल से टूटा होने की शिकायत की। इस अवसर पर सी ओ मधुप नाथ मिश्रा, एस डी एम रनवीर, नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव, बी डी ओ बीघापुर सुमेरपुर पंकज गौतम उपस्थित रहे।

## युवक का शव तालाब में उतराता मिला, हत्या की आशंका

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। थानगांव थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के बाहर स्थित एक तालाब में एक युवक का शव उतराता हुआ मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया।

पहचान होने के बाद खुलासा हुआ कि शव चार दिन से लापता युवक का है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान थानगांव निवासी 20 वर्षीय मनीष कश्यप पुत्र नरेश कश्यप के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार मनीष 3 फरवरी की शाम से लापता था। परिजन और पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रहे थे, लेकिन शनिवार सुबह तालाब में शव मिलने से पूरे गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों और परिजनों ने आशंका जताई है कि मनीष का 3 फरवरी की शाम नव निर्मित पुलिया के पास से अपहरण किया गया था। इसके बाद उसे कई दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया और फिर उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या के बाद सबूत मिटाने के इरादे से शव को रात के अंधेरे में तालाब में फेंक दिया गया, ऐसा प्रतीत हो रहा है। शव की हालत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक के नाक से रक्तस्राव हो रहा था और शरीर पर चोट के कई स्पष्ट निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका और गहरी हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में आक्रोश का माहौल बन गया। सूचना पर थानगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष विमल गौतम ने बताया कि युवक की गुमशुदगी की सूचना मिलने के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। यह घटना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है और लोगों में भय का माहौल पैदा कर रही है।

## वर्षगांठ पर श्रीराम चरित मानस पाठ का हुआ आयोजन

उन्नाव। भगवंतनगर क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर निवासी सेवानिवृत्त प्रधान शिक्षक सुभाषचन्द्र श्रीवास्तव की 50 वी शादी की वर्षगांठ के पावन अवसर पर शनिवार को श्री शिवचरणेश्वर महादेव मंदिर में श्रीरामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। शनिवार को घर पर शादी की वर्षगांठ का कार्यक्रम मनाया गया। सुख-समृद्धि लंबी आयु और परिवारिक सौहार्द की कामना के साथ इस मांगलिक कार्यक्रम में परिवार के सदस्यों, रिस्तेदारो और मित्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में रहस बिहारी श्रीवास्तव, मालती, जगदीश श्रीवास्तव, कंचन, राघवेंद्र, रुबी, विनय, अशीष, तनू आदि लोग मौजूद रहे, यह आयोजन परिवारिक शांति और सकारात्मकता को बढ़ावा देता है। साथ ही परिवार को एक सूत्र में पिरोने का एक शानदार अवसर भी बना।

# समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक आयोजित

जिला संवाददाता



फतेहपुर, । समाजवादी पार्टी सपा के जिला कार्यालय में महीने के प्रथम शनिवार को मासिक बैठक धूमधाम से संपन्न। मुख्य एजेंडा–मतदाता सूची में सत्ता पक्ष की साजिशों को विफल करना। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता और जिला महासचिव चौधरी मंजर यार के संचालन में बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे।

खागा नगर पंचायत से सदस्यों ने पार्टी प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर सपा की ताकत बढ़ाई !मुख्य एजेंडाः वोटर लिस्ट पर सतर्कता, नए वोटर बनवाएंबैठक का फोकस तीन मुद्दों पूरे कर चुके युवाओं का वोटर आईडी बनवाएं। हर बूथ पर अभियान चलाएं। फॉर्म की साजिश रोकेंः सत्ता संरक्षित लोग मुस्लिम मतदाताओं को लिस्ट से हटाने का कुचक्र चला रहे। हर शिकायत दर्ज कराएं, ढऊअ प्रहरी बूथों पर डटे रहें ।नोटिस प्राप्त वोटरों की मददः जिन्हें नाम हटाने का नोटिस मिला, उनकी पूरी सहायता कर नाम बहाल कराएं। मजबूत कानूनी लड़ाई लड़ें ।जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा, ₹सपा ढऊअ की रक्षा करेगी। वोटर लिस्ट में हेराफेरी बर्दाश्त नहीं। हर बूथ पर प्रहरी तैनात रहें !₹ महासचिव मंजर यार ने कार्यकताओं को बूथ-वार लक्ष्य दिए ।खागा से नया सदस्यों का पार्टी में प्रवेशबैठक की खास उपलब्धि खागा नगर पंचायत वार्ड 9 के सभासद अजय पटेल ने अपने 9 साथियों के साथ सपा का दामन थामा। नए सदस्यःबोधल सिंहप्यारे लालअजय सिंह मिथले शमहेश राजेश अजय पटेल ने कहा, सपा की नीतियां सामाजिक न्याय, ढऊअ हमें प्रभावित किया। अब खागा में सपा की लहर लाएंगे !₹ जिला अध्यक्ष ने सभी को पार्टी ध्वज भेंट कर स्वागत किया ।प्रमुख नेता उपस्थितः एकजुटता का प्रदर्शनबैठक में सपा के दिग्गज नेता पहुंचेःविधायक ऊषा मौर्यावली उल्लाह, वीरेंद्र यादवदयालु गुप्ता, दलजीत निषादविपिन यादव, रीता प्रजापतिराम कृपाल सोनकर, शकील अकबररामकिशोर प्रजापति, रामतीरथ परमहंसअनिरुद्ध यादव, मनोज यादवएड. सुगहरलाल यादव, डॉ. अफसर अलीहीरालाल साहू, चंद्र विश्वकर्माशिव सिंह यादव, डीजीकुशवाहानंदकिशोर पाल, सोनू वर्माआजम खान, संगीता राज पासवानएड. जगनायक सचान, सुनील उमरावरत्नेश रत्ना, अय्यूब खानगागीर्दीन बाजपेयी, रईस अहमदचंद्र शेखर बेदी, राजकरण विश्वकर्माअनिल यादव, राज बाबू यादवसुमित साहू, सुहैल खान हेमूके.पी. यादव, उदय प्रताप सिंहइंजीनियर सिद्धार्थ गौतम, पवन द्विवेदीवसीम अहमद, नागेंद्र यादवसंतोष यादव, पासवाननागेंद्र कुमारसभी ने वोटर अभियान पर एकमत होकर संकल्प लिया।

## युवक की तेज रफ्तार कार की टक्कर से मौत, आरोपी फरार

सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दृष्टिबाधित युवक की मौत हो गई। बिसवां की ओर से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने सड़क किनारे पैदल जा रहे युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद युवक सड़क पर गिर पड़ा और पीछे से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन समेत फरार हो गया। मृतक की पहचान अकबरपुर निवासी राज कुमार पुत्र मिश्री लाल (35) के रूप में हुई है। वह शनिवार शाम एक छोटे बच्चे के साथ लहरपुरद्दबिसवां मार्ग पर पैदल जा रहे थे। गनीमत रही कि साथ चल रहा बच्चा सुरक्षित बच गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने सड़क के दोनों ओर अवैध अतिक्रमण को हादसे का कारण बताया। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर अज्ञात कार व चालक की तलाश की जा रही है।

# नंदनवन सभागार में चार दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ



उन्नाव। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नंदन वन उन्नाव के सभागार में चार दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम घर बने मंदिर के प्रथम उद्घाटन सत्र का शुभारंभ अनुराग मिश्रा जिला आबकारी अधिकारी, भानु मिश्रा प्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष, रवि प्रकाश उप कृषि निदेशक, के के पांडे, कमल तिवारी, राजेश शुक्ला, संजय मिश्रा, बीके मालती आदि की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन द्वारा हुआ। मुख्य वक्ता राजयोगिनी बीके डॉक्टर गीता दीदी ने प्रथम सत्र में भारत की संस्कृति एवं मूल्य विषय पर बोलते हुए कहा कि हमारे भारत की सनातन संस्कृति अक्षुण्य और बेहद गौरवमयी है।

शायर इकबाल ने भी हमारे भारत देश के अतीत व प्राचीन संस्कृति की महिमा गाई है। उन्होंने लिखा है कि सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा तथा रोम, मिश्र, यूनानी संस्कृति मिट गई किंतु भारत की संस्कृति आज भी जीवित है। भारत की संस्कृति का आधार है जियो और जीने दो, सार्वभौम विश्व कल्याण की उदात्त भावना है। भारत के सनातन धर्म के मूल में है दया धर्म का मूल है पाप मूल अभिमान। आज भी भारतवर्ष में भक्त आत्माएं पूजा के समय सर्वे भवंतु सुखिना, सर्वे संतु निरामया, सर्वे भद्राणि पश्यंतु, मा कश्चित दुख भाग भवेत अर्थात हम भारतवासी सर्व मानव मात्र, जीव मात्र के सुख शांति निरोगी होने की कामना करते हैं। निस्वार्थ भाव से सर्व के कल्याण की कामना रखते हैं। कर्म सिद्धांत एवं पुनर्जन्म की अवधारणा के कारण पाप पुण्य का ध्यान रख कर्म करते रहे हैं ।अन्य देश के लोग भारत में यहां की समृद्धि वैभव से आकर्षित होकर लूटने आए किंतु हमारी भारतीय संस्कृति गीता ज्ञान में दी गई शिक्षा, राजयोग, कर्म योग के कारण जीवित है। भारत ने अपने साम्राज्य के विस्तार के लिए किसी देश पर आक्रमण नहीं किया सिर्फ सुरक्षा हेतु अस्त्र-शस्त्रों का उपयोग किया। गिरावट का कारण विकार व दुर्व्यसनो की प्रवेशता है जिसके कारण हमारे दैवी मूल्य विलुप्त हो गए और उनका स्थान आसुरी संस्कारों व दुगुर्णों ने ले लिया है। अब परमपिता परमात्मा शिव ने इस कलयुगी पतित सृष्टि का परिवर्तन कर घर, समाज व विश्व को स्वर्ग बनाने हेतु राजयोग की शिक्षा दे रहे हैं। मंच संचालन बीके रामपाल जी ने व बीके कुसुम ने आभार व्यक्त किया।

संक्षेप

## गुमशुदा बच्चे का खेत में मिला शव

**बांदा।** बीती 2 फरवरी से गुमशुदा 10 वर्षीय बच्चे का शव शनिवार को खेतों में मिलने से हड़कम्प मच गया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के मुरवल गांव के गौतम पुरवा निवासी सतवीर उर्फ सत्तू पुत्र राकेश वर्मा 10 घर से बीती 2 फरवरी को घर से गायब हुआ था। सुबह खेतों की ओर गये ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे बच्चे के परिजन और कुछ देर बाद पुलिस पहुंची। परिजनों ने बच्चे का शव देखा तो कोहराम मच गया। पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच-पड़ताल शुरू की। घर से 2 फरवरी को दोपहर बच्चे के गायब होने के बाद परिजनों ने रिश्तेदारों व गांव में कई दिनों तक खोजबीन की। जब बच्चा नहीं मिला तो 6 फरवरी को बबेरू कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई लेकिन बच्चे का शव शनिवार की दोपहर खेतों में मिला। शव मिलने से परिजनों का हाल बेहाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## एसडीएम ने किया सिद्ध क्षेत्र का निरीक्षण

**ललितपुर (वीओएल)।** प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी रंग पंचमी के अवसर पर सिद्ध बाबा मन्दिर राखपंचमपुर थाना जखौरा तहसील व जिला ललितपुर में लगने वाले मेले की तैयारी हेतु क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज एवं राजस्व निरीक्षक, राजेश खरे के साथ मन्दिर परिसर, मेला मैदान आदि का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थायें देखी गयी, एवं आगामी मेला का आयोजन और बेहतर व्यवस्थित तरीके से लगाने हेतु समस्त सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये। इस मेले में श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं, यहां पर ऐसी मान्यता है कि किसी भी प्रकार के चर्म रोग, फोड़ा फुंसी होने पर यदि वह सही नहीं होता है, तो यहां आकर प्रसाद चढ़ाकर मनौती मांगकर यहां की रख प्रवाहित हिस्से पर लगाई जाती है, जिससे श्रद्धालुओं को फायदा मिलता है।

## अधिवक्ता संघ को न दिया जाए कर्मचारी संघ भवन

**बांदा।** मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित संघ भवन को न हटाने की मांग की है। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशरफ अली का कहना है कि संघ भवन कलेक्ट्रेट परिसर में वर्ष 1952 से स्थापित है, यहां समय-समय पर बैठकों का आयोजन होता है। एक कक्ष के इस भवन में संघ के पूर्व पदाधिकारियों और वर्तमान संघ सदस्यों की आस्था और यादें जुड़ी हैं लेकिन इस कक्ष को जिला अधिवक्ता संघ दबाव बनाकर अपने लिए लेना चाहता है यह किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि कलेक्ट्रेट कर्मचारियों के लिए मात्र एक संघ भवन है जबकि जिला अधिवक्ता संघ का कलेक्ट्रेट परिसर में तीन बिल्डिंगों का निर्माण हो चुका है साथ ही पहले से ही अधिवक्ता संघ के पास पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के इस भवन को अधिवक्ता संघ को किसी भी कीमत पर न दिया जाए।

## मताधिकार की रक्षार्थ सपा हर स्तर पर करेगी संघर्ष

**ललितपुर (वीओएल)।** समाजवादी पार्टी की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी राजनीतिक रणनीति तथा एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि भाजपा वोट काटने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी और किसी भी कीमत पर वोटर सूची में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने बूथों पर पूरी मजबूती से डटे रहें, मतदाता सूची पर नजर रखें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तत्काल पार्टी नेतृत्व को दें। उन्होंने आगे कहा कि बूथ स्तर की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।

बैठक में संगठन को और अधिक सक्रिय करने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने पार्टी नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और मजबूती के साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

# गुणवत्ता से करें शिकायतों का समाधानः डीएम



जिला संवाददाता

**बांदा।** तहसील अतर्रा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस में 160 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें मौके पर 6 का निस्तारण किया गया। मिली शिकायतों में विद्युत, राजस्व, पुलिस, विकास, आपूर्ति विभाग तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें मिलीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष शिकायतों का निस्तारण समय पर गुणवत्ता के साथ करें। उन्होंने मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण मौजूद अधिकारियों से कराया।

• 160 शिकायतों में 6 का निस्तारण

अतर्रा निवासी फरियादी ने विद्युत मीटर खराब होने की शिकायत की। इसे बदलने के लिए अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए गये। तुर्रा गांव के फरियादी ने नाली निर्माण कराने का अनुरोध किया। इस पर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत से नाली का शीघ्र निर्माण कराने के निर्देश दिए। ओरन के फरियादी ने जमीन में अतिक्रमण करने, चैंसड़ के लेखपाल के जमीन से कब्जा हटाए जाने के बदले धन की मांग की शिकायत पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर पालिका के सामने अतर्रा में जल निगम की खुदी सड़क को ठीक कराने, कस्बे के गांधी चौक में नाली निर्माण ऊंचा हो जाने से सड़क संकरी होने तथा जाम की समस्या की शिकायत पर अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को समाधान के निर्देश दिए। समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने पुलिस संबंधी शिकायतें सुनीं और निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर डीएम ने तालबेहट में सुनीं समस्याएं




**ललितपुर (वीओएल)।** शासन के निर्देशानुसार विभिन्न प्रकार की समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान व पीढ़ित को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाने हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शनिवार को तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में दूरदराज से आये फरियादियों की समस्याओं को सुना और मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण भी कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादी सब जगह से हारने के बाद हमारे पास आते हैं, ऐसे में उनकी समस्या के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चत करें। शिकायतकताओं की समस्या का निस्तारण उनकी संतुष्टि के आधार पर होना चाहिए। जिलाधिकारी ने एक-एक कर शिकायकताओं को अपने पास बुलाया और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा, अब उन्हें दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरुरत है। तहसील तालबेहट में कुल 123 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, तहसील ललितपुर में कुल 27, तहसील महरौनी में कुल 21 एवं तहसील मड़ावरा में कुल 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

# इंटेलिजेंस का डिप्टी डायरेक्टर बताने वाला नटवरलाल मनोज चौहान पहुंचा जेल

शहजाद अंसारी (vol)



**बिजनौर।** मेरठ एसटीएफ ने धामपुर पुलिस को साथ इंटेलिजेंस विभाग का फर्जी डिप्टी डायरेक्टर बनकर अधिकारियों पर रौब गालिब करने वाले एक नटवरलाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी मनोज चोहान ने एसटीएफ की पूछताछ में अपने फजीर्वाडे का कबूलनामा करते हुए अपने कारनामें की कई कहानियां उजागर की है।

मेरठ एसटीएफ की यूनिट ने शुक्रवार की शाम थाना धामपुर क्षेत्र से एक ऐसे नटवरलाल को गिरफ्तार किया है, जो खुद को इंटेलिजेंस विभाग का डिप्टी डायरेक्टर बताकर पुलिस व अन्य सरकारी विभागों के अधिकारियों के अलावा गांव के सम्मानित लोगो पर रौब गालिब करता था। एसटीएफ टीम ने जब आरोपी को हिरासत में लिया तो उसने खुद पहले अधिकारी बताया। लेकिन किसी भी प्रकार का सरकारी पहचान पत्र या नियुक्ति संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। एसटीएफ टीम की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मनोज चैहान पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम मौहम्मदपुर त्रिलोक उर्फ त्रिलोकावाला थाना नगीना देहात जिला बिजनौर बताया। जबकि आरोपी इस समय महेन्द्रजीत सिंह निवासी मौहल्ला साकेत विहार कालोनी धामपुर के यहां किराये के मकान में रह रहा है। फर्जी इंटेलिजेंस विभाग के डिप्टी डायरेक्टर मनोज चैहान ने बताया कि उसके गांव स्थित जूनियर हाई स्कूल का निर्माण उसके दादा हरस्वरूप सिंह द्वारा कराया गया था, जो पूर्व में मैनेजर जमशेद अली के कार्यकाल में खराब स्थिति में चला गया था।

बाद में अभियुक्त व विद्यालय समिति द्वारा जमशेद अली को हटाकर उसके पिता नरेन्द्र सिंह को विद्यालय का मैनेजर बनाया गया। आरोपी की जामातलाशी में पहने कोट की जेब से दो मोबाइल फोन मिले जिसमें एक मोबाइल फोन रियलमी कम्पनी रंग नीला है, जिसको चेक करने पर मोबाइल की व्हाट्सएप चैटिंग में मनोज कुमार सिंह डिप्टी डायरेक्टर इंटर नेशनल सिक्योरिटी (एनएसए) ऑफिस नई दिल्ली प्रेषक व्यक्ति दशार्ते हुए विभिन्न अधिकारियों को चैटिंग मैसिज भेज रखे है। जबकि दूसरा मोबाइल फोन वन प्लस कम्पनी काले रंग के कवर को खोलकर चेक किया गया तो इसमें एक आई कार्ड मिला है। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक रविन्द्र कुमार एसटीएफ यूनिट मेरठ, जयवीर सिह एसटीएफ, उ0नि0 साजिद अली थाना धामपुर, हे0का0 रकम सिह एसटीएफ, हे0का0 प्रदीप धनकड एसटीएफ, हे0का0 रोमिश तोमर एसटीएफ, हे0का0 आकाशदीप एसटीएफ, हे0का0 चालक भूपेन्द्र सिंह एसटीएफ, का0 सतेन्द्र कुमार, विपिन कुमार थाना धामपुर शामिल रहे।

# शराब दुकानों में तोड़फोड़ मामले में महिलाओं पर कार्यवाही से आक्रोश



**ललितपुर (वीओएल)।** नशाखोरी के खिलाफ सामाजिक चेतना जगाने के लिए सड़क पर उतरी ग्रामीण महिलाओं के साथ हुई प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर जिले में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्राम खितवांस में शराब के ठेकों के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को गंभीर धाराओं में जेल भेजे जाने का मामला अब प्रदेश स्तर तक पहुंच गया है। मणिबेन पटेल महिला मोर्चा, ललितपुर की ओर से उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को एक विस्तृत पत्र भेजकर इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण, अमानवीय और समाज को गलत संदेश देने वाला बताया गया है। पत्र में कहा गया है कि जिन महिलाओं ने नशाखोरी से अपने परिवारों और बच्चों को बचाने के लिए आवाज उठाई, उन्हीं को अपराधियों की तरह जेल भेज दिया गया।

• राज्यपाल को पत्र लिखकर कार्रवाई पर जतायी आपत्ति न्याय की लगायी गुहार

### राज्यपाल के आह्वान का ही पालन कर रही थीं महिलाएं

पत्र में उल्लेख किया गया है कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी में दिए गए अपने दीक्षांत भाषण में स्वयं राज्यपाल ने बुंदेलखंड की बेटियों से नशाखोरी के खिलाफ आगे आने का आह्वान किया था।

उसी प्रेरणा से ग्रामीण महिलाएं शराब के ठेकों के विरोध में सड़क पर उतरीं। यह आंदोलन न तो हिंसक था और न ही किसी प्रकार की तोडफोड़ या लूटपाट की घटना सामने आई। महिलाओं का आरोप है कि वर्षों से वे आबादी के बीच चल रहे शराब ठेकों को हटाने की मांग कर रही थीं, लेकिन उनकी बात कभी नहीं सुनी गई। मजबूर होकर उन्होंने प्रदर्शन किया, जो मात्र कुछ घंटों तक चला और उसके बाद स्थिति सामान्य हो गई।

### गंभीर धाराओं में मुकदमे, पुरुषों को भी दिखाया आरोपी

पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि महिला प्रदर्शनकारियों पर सार्वजनिक शांति भंग करने, दंगा फैलाने और लूटपाट जैसी गंभीर धाराएं लगाई गईं, जबकि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में ऐसा कोई कृत्य स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। रिपोर्टों में महिलाओं के साथ कई पुरुषों को भी आरोपी दिखाया गया, जिससे आंदोलन को साजिशन हिंसक साबित करने का प्रयास किया गया। महिला संगठनों का कहना है कि इस तरह की कठोर कार्रवाई का उद्देश्य नशाखोरी के खिलाफ उठने वाली आवाजों को दबाना और अन्य महिलाओं को डराना है। महिला मोर्चा की अध्यक्ष रामदेवी पटेल और महामंत्री सावित्री पटेल ने राज्यपाल से पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने की अपील करते हुए कहा है कि ललितपुर की असंख्य महिलाएं इस न्यायपूर्ण हस्तक्षेप के लिए सदैव कृतज्ञ रहेंगी।

# एसआईआर के संबंध में डीएम की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित

जिला संवाददाता (vol)




**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में एसआईआर के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा युवतियों के फॉर्म 6 जरूर भरवाएं और कोई भी पात्र अपना मत पत्र बनवाने से वंचित न रहे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में बताया कि भारत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 01 जनवरी, 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचन नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन किया गया है, जिसके अंतर्गत अब नए फॉर्म भरने, दावे और आपत्तियों के निस्तारण 06 मार्च 2026 तक, सुनवाई की तिथि 27 मार्च, 2026 तथा स्वास्थ मापदंडों की जांच 03 अप्रैल तथा 10 अप्रैल 2026 को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के अंतर्गत 06 जनवरी, से आगामी 06 मार्च, 2026 तक दावे और आपत्तियों पर सुनवाई का कार्य जारी है। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त कार्य को पूर्ण रूप से निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्वाध रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अतिरिक्त जिला स्तरीय अधिकारियों को नामित कर उनके लिए स्थान का निर्धारण भी कर दिया गया है, जहां उपस्थित होकर उनके द्वारा दावे और आपत्तियों के निस्तारण का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्वाचक नामावली 2003 में जिन मतदाताओं के माता-पिता अथवा स्वयं उनके नाम हैं, उनसे अनावश्यक रूप से कोई भी अभिलेख न मांगे जाएं तथा उक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अब तक जिला बिजनौर की आठों विधानसभा क्षेत्र में फार्म 6-104035 फॉर्म 7-3111 तथा फार्म 8-36373 की संख्या में भरे जा चुके हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देशित किया कि दावे और आपत्ति के निस्तारण के कार्य में तेजी लाएं और आयोग के निदेशों के अनुसार सभी कार्य संपन्न कराएं। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा युवतियों के फॉर्म 6 जरूर भरवाएं और कोई भी पात्र युवा अपना मत पत्र बनवाने से वंचित न रहे साथ ही दावे और आपत्तियों की सुनवाई के कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिए अपने-अपने बूथ लेवल अभिकताओं को क्रियाशील करें ताकि एसआईआर के कार्य में तेजी के साथ-साथ पारदर्शिता भी बनी रहे।

## गौशालाओं की अव्यवस्था देख सीडीओ ने जतायी नाराजगी



**बांदा।** मुख्य विकास अधिकारी ने विकासखण्ड महुआ की रिसौरा, पनगरा, मुरवां, हुसैनपुरकला, देवरार गौशालाओं का निरीक्षण किया। उन्होने अनियमितता मिलने पर पंचायत सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि और एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। मुरवां गांव में प्रधान, केयरटेकर मौजूद मिले लेकिन सचिव अनुपस्थित थे। यहां 114 के सापेक्ष 105 गौवंश ही मिले साथ ही कीचड़, गंदगी मिली। मवेशी पुआल के भरोसे मिले। सीडीओ ने ग्राम पंचायत अधिकारी शशिप्रकाश को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को अगले माह 10 प्रतिशत भुगतान में कटौती के निर्देश दिए। इसके बाद सीडीओ हुसैनपुरकला पहुंचे और अव्यवस्थाओं को देखकर अन्य स्थल का चयन करने के साथ ही भूसाघर बनाने के निर्देश दिए। उन्होने ग्राम पंचायत अधिकारी धर्मेंद्र सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि, अस्थाई वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। इसके बाद सीडीओ रिसौरा गांव पहुंचे, वहां कोई भी पक्का स्ट्रक्चर नहीं मिला और तमाम अनियमितताएं मिलीं। सचिव ग्राम पंचायत प्रेमनारायन को प्रतिकूल प्रविष्टि वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। ग्राम प्रधान के विरूद्ध भी कार्यवाही हुई। पनगरा गौशाला में भी अनेक अनियमितताएं मिलीं। इस पर सीडीओ ने सचिव अनिरुद्ध पटेल को प्रतिकूल प्रविष्टि के साथ एक अस्थाई वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

## लंबे अरसे बाद दर्शक देख सकेंगे जेमिनी सर्कस



**बांदा।** शहर के मवई बाईपास चैराहा में लंबे अरसे के बाद ग्रेट जेमिनी सर्कस शो का शुभारंभ हो गया है। बीते 20 वर्षों के बाद शहर में सर्कस का शो देखने के लिए जिले व शहर के लोग लंबे अरसे से बेताब थे। सर्कस उद्घाटन के समय जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। सर्कस प्रबंधक रजा खान ने बताया कि पहली बार विदेशी कलाकारों के साथ ही देश के कोने-कोने से आए कलाकार कला का प्रदर्शन करेंगे। छोटे-छोटे बौने जोकर बच्चों को हंसा-हंसाकर मनोरंजन करेंगे साथ ही सर्कस कलाकार दर्शकों को हैरतअंगेज कारनामे दिखाएंगे जिससे लोग दांतों तले उंगलियां दबा लेंगे। इनमें अफ्रीकन कलाकार, हवाई झूला, जिम्नास्टिक, साइकिल, ग्लाब में मोटरसाइकिल चलाने के अलावा कलाकार कई तरह की कलाएं दर्शकों को दिखाएंगे। प्रबंधक रजा खान ने बताया कि दोपहर 1 बजे, 4 बजे व रात्रि 7 बजे प्रतिदिन सर्कस के 3 शो होंगे। बताते चलें कि विलुप्त हो रहे सर्कस के प्रति अभी भी लोगों का बेहद रूझान है। भले ही जिला प्रशासन ने सर्कस लगाने के लिए शहर से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थान के लिए परमीशन दी है फिर भी सर्कस देखने के लिए दर्शकों की भीड़ पहुंच रही है।

# 19 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थिति में लापता

**ललितपुर (वीओएल)।** कोतवाली ललितपुर क्षेत्र से एक 19 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली ललितपुर में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री 5 फरवरी को दोपहर करीब 2 बजे अचानक घर से लापता हो गई। उस समय वह अस्पताल से दवा लेकर घर लौटी थीं, लेकिन घर पहुंचने पर उनकी बेटी मौजूद नहीं थी। परिजनों ने पहले मोहल्ले और आसपास के इलाकों में युवती की तलाश की। रिश्तेदारों और परिचितों को फोन कर जानकारी ली गई, लेकिन देर रात तक युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। पीड़िता की मां ने आशंका जताई है कि मोहल्ला बजरिया विशांत नाम का एक युवक उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। तहरीर में बताया गया है कि इससे पहले भी उन्होंने उक्त युवक को अपनी पुत्री से बातचीत करने से मना किया था। एक बार उन्होंने फोन पर युवक को अपनी बेटी से बात करते हुए देख भी लिया था। परिजनों द्वारा युवक के घर जाकर पूछताछ करने पर पता चला कि युवक भी घटना के दिन दोपहर से घर पर मौजूद नहीं है, जिससे संदेह और गहरा गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली ललितपुर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# यूजीसी के खिलाफ सवर्णों का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को ज्ञापन

**बांदा।** यूजीसी बिल को लेकर शनिवार को सवर्ण समाज के लोगों ने शहर के जीआईसी मैदान में एकत्र होकर विरोध जताया। यूजीसी के नए नियमों को लेकर भले ही देश की सबसे बड़ी अदालत ने स्थगनादेश जारी कर दिया है, लेकिन सरकार के अड़ियल रवैये के चलते सवर्ण समाज के लोगों में अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में यूजीसी व केंद्र सरकार के खिलाफ सवर्ण समाज लगातार हमलावर बना हुआ है और आंदोलन कर यूजीसी के नए कानूनों का विरोध कर रहा है। सवर्ण समाज के लोगों का कहना है कि यूजीसी के नए नियमों को सरकार वापस नहीं लेना चाहती और समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है, जिसे कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा। सर्वण समाज की विभिन्न जातियों व वर्गों ने एकजुट होकर सवर्ण एकता मंच का गठन किया है, जिसके बैनर तले समाज के लोगों ने जोरदार आंदोलन छेड़ रखा है। सवर्ण समाज के लोगों ने एकत्र होकर सर्वण एकता




मंच के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया और यूजीसी के साथ ही भाजपा की सरकार को जमकर कोसा। सवर्ण एकता मंच के सूत्रधार रहे ब्राह्मण समाज के अगुवा संकटा प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि सरकार यूजीसी के बहाने समूचे सवर्ण समाज को कमजोर करने का कुचक्र रच रही है और समाज के युवाओं का भविष्य बर्बाद करने पर तुली हुई है। सरकार को केवल पीडीए की चिंता है, जबकि सवर्ण समाज को सरकार लगातार दरकिनार करने का काम कर रही है। ऐसे में समाज के लोगों को अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए सड़क से लेकर सदन तक अपनी लड़ाई लड़ने का संकल्प लेना चाहिए। अखंड भारत विप्र एकता मंच के प्रमुख अभिषेक बाजपेई ने यूजीसी के नए कानूनों को योग्यता का गला घोंटने वाला हथियार बताया। कहा कि सवर्ण समाज के योग्य बच्चों का भविष्य चैपट करने का कुचक्र रचा जा रहा है। उन्होंने यूजीसी बिल को विभाजनकारी और समतामूलक समाज की परिकल्पना के विपरीत बताया। सवर्ण एकता मंच के आंदोलन में क्षत्रिय महासभा, सवर्ण आर्मी, ब्राह्मण महासभा, अखंड भारत विप्र एकता मंच, कायस्थ महासभा, गरुण सेना, करणी सेना, सवर्ण मुस्लिम मंच, व्यापार मंडल, जैन संघर्ष समिति समेत विभिन्न संगठनों ने एक मंच में आकर शिरकत की और अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने का संकल्प दोहराया। जीआईसी मैदान से हजारों की संख्या में सवर्ण समाज के लोग जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां जोरदार नारेबाजी करते हुए सरकार और यूजीसी को खूब खरी-खोटी सुनाई। सवर्ण एकता मंच के तत्वावधान में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की मार्फत भेजा और सवर्ण समाज की प्रतिभा की सुरक्षा करने के लिए यूजीसी बिल को वापस लेने की आवाज बुलंद की। इस दौरान क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष राम सिंह कछवाह, ग्राम प्रधान संगठन से ओमप्रकाश त्रिपाठी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुशील त्रिवेदी, सुरेंद्र मिश्रा पप्पू, लक्ष्मीकांत मिश्रा प्रधान, सुनील तिवारी, हरदेव त्रिपाठी, रमजोर सिंह चंदेल, एसके सिंह, शिवभवन सिंह, हरिकृष्ण श्रीवास्तव, वृंदावन वैश्य, उमेश तिवारी, संतोष द्विवेदी, राजा कृष्णकांत त्रिपाठी, डॉ.संजय द्विवेदी, आकाश दीक्षित, जयराम सिंह, जगतराम तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## मनरेगा को लगातार कमजोर करने का प्रयास कर रही केन्द्र सरकारः कांग्रेस

**ललितपुर (वीओएल)।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बचाओ को लेकर घण्टाघर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की प्रतिमा के नीचे धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन में कांग्रेसियों ने कहा कि केन्द्र सरकार मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने का लगातार प्रयास कर रही है। मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार की गारंटी है, इसके बजट में कटौती और नियमों में बदलाव जनविरोधी कदम है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी हालत में स्वीकार नहीं करेगी। वहीं मनरेगा जिला प्रभारी ने कहा कि मनरेगा के माध्यम से करोड़ों मजदूरों को सम्मानजनक रोजगार मिलता है, लेकिन सरकार की नीतियों के कारण मजदूरों को समय पर काम और भुगतान नहीं मिल पा रहा है। कांग्रेस पार्टी मनरेगा की मजबूती और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी।

## खेल प्रतियोगिताएं हुईं आयोजित



**ललितपुर (वीओएल)।** राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज महरौनी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेल प्रतियोगिताओं प्रदर्शन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी महरौनी रजनीश बाजपेयी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक प्रतिनिधि के0एन0 तिवारी रहे। अन्य अतिथियों में राज्य कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष हरीहर नारायण तिवारी, रूपेष साहू, खेल शिक्षक जलील खान मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन लिपिक धर्मेन्द्र त्रिपाठी द्वारा किया गया। आभार विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शीलम गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक इमरान खान, मनीष तिवारी, सुनील तिवारी, सुषमा मौर्या, रेनू गौतम, वंदना, भारती, सुरभि, मीनाक्षी, रीना का सहयोग रहा।

संक्षेप

## अधूरी पुलिया बनवाने की शिकायत

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी ब्लाक क्षेत्र के ग्राम करहिया से महुली सम्पर्क मार्ग में कोयलारनंची नाला पर पुलिया का निर्माण का शुरू किया गया था परन्तु छत लेविल तक पाया निर्माण कार्य करके छोड़ दिया गया है और काफी लम्बा समय बित जाने के बावजूद भी अभी तक पुलिया निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है और न ही उसे तोढ कर हटाया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को लगे कि अब पुलिया का निर्माण नहीं होगा। उक्त शिकायत जिलाधिकारी बीएन सिंह को ग्रामीण जगत नारायण यादव,बृजेश कुमार आदि ने एक शिकायती पत्र दे कर सम्पूर्ण समाधान दिवस में की बताया कि पुलिया अधूरा होने के कारण यहाँ के ग्रामीणों को स्वास्थ्य ,शिक्षा महिला प्रसव आदि जैसे समस्याओं का सामना करना पड रहा है। जिलाधिकारी ने शिकायती पत्र को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता को शीघ्र पुलिया निर्माण पूर्ण कराने का निर्देश दिया है।

## पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, सिर फटा

रेणुकूट/सोनभद्र। पिपरी थाना क्षेत्र के तुर्रा बाजार में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। तुर्रा बाजार निवासी यशवंत वर्मा उर्फ राजू पुत्र स्वर्गीय दुखवंत ने थाना पिपरी में दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार को दोपहर के समय उनका 24 वर्षीय पुत्र विशाल वर्मा अपनी गिट्टी-बालू की दुकान पर बैठा था। इसी दौरान श्रेयांश साहनी पुत्र वीरेंद्र साहनी, सतीश यादव उर्फ जुन्नू एवं कामेंद्र यादव, राहुल एवं अवनीश एक साथ वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि इसके बाद सभी आरोपियों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से विशाल वर्मा पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर और पीठ में गंभीर चोटें आईं। हमले में युवक का सिर फट गया और काफी खून बह गया। शोर सुनकर आसपास के लोग जुटे, तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पोर्टल पर मिलेगी कई तरह की सेवाएं

आजमगढ़। सहायक निदेशक (सेवायोजन) ने बताया है कि प्रदेश में सेवा क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेवामित्र पोर्टल को विकसित किया गया है। पोर्टल पर 27 प्रकार की सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि पोर्टल का मुख्य उद्देश्य सेवाप्रदाता (सर्विस प्रोवाइडर) और यूजर/ कस्टमर/ क्लाइन्ट (उपभोक्ता) को एक प्लेटफार्म पर लाना है, ताकि यूजर/ क्लाइन्ट को अपने रोजमर्रा संबंधी कार्यों पैथालाजी जैसे 27 प्रकार की पूर्व संचालित सेवाओं के अतिरिक्त प्रोजेक्ट वर्क बेस सेवाएं भी प्रारम्भ की जा रही है। जिले के ऐसे सेवाप्रदाता जिनके द्वारा आम जनमानस को उनके द्वार पर ही सेवायें उपलब्ध करायी जा रही है।

# समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनीं समस्याएं



जिला संवाददाता(vol)

- कई अधिकारियों को लगायी फटकार,जमीनी विवाद को मौके पर जाकर सुलझाने के निर्देश

सोनभद्र। शनिवार को जिलाधिकारी बीएन सिंह व एसपी अभिषेक वर्मा दुद्धी तहसील सभागार मे आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनी।इस दौरान उन्होंने जमीनी विवाद को पुलिस और राजस्व की टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए, उसी तरह बिजली विभाग, आपूर्ति विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया।

सुनवाई के दौरान जब श्रम विभाग से संबंधित समस्या आयी तो श्रम विभाग के अधिकारी के बुलाने पर एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हाजिर हो गया, डीएम साहब उससे पूछताछ कर ही रहे थे कि डीएलसी हाजिर हो गए तो डीएम साहब ने पूछा कि आप डीएलसी हैं तो ये कौन हैं इसके बाद थोड़े समय डीएलसी भी चुप रहे इसके बाद उन्होंने बताया कि स्थानीय कार्यालय का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं, एक ही विभाग के दो लोगों के हाजिर होने और एक दूसरे को अच्छे से नहीं पहचानने को लेकर उन्होंने तुरंत एसडीएम को पत्र लिखकर कारण बताओं नोटिस जारी करने का आदेश दिया। डीएम एवं एसपी की जन सुनवाई होने के कारण तहसील में फरियादियों की भीड़ लगी रही। इस दौरान जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा ने जुलुस के साथ नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचकर जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौपकर दुद्धी को जिला बनाने की मांग रखी इसके अलावा व्यापार मंडल ने फुटकर सब्जी दुकानदारों की समस्याओं से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया और मांग किया कि तहसील सामने खाली पड़ी जमीन को कटीले तार से घेरने से पहले सब्जी दुकानदारों का हल निकाला जाय ताकि उनके सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न न हो सके।तहसील समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने आधा दर्जन से अधिक दिव्यांगों को दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किए और अन्य जरूरत मंद का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए निर्देशित किया।

इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला विकास अधिकारी हेमंत सिंह, डीएफओ कमल कुमार, सीएमओ पियूष राय, एसडीएम निखिल यादव, सीओ राजेश कुमार राय, बीडीओ राम विशाल चैरसिया, दिनेश कुमार मिश्रा, उत्कर्ष सक्सेना, तहसीलदार अंजनी गुप्ता, नायब तहसीलदार ज्ञानेंद्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम ने दुद्धी ब्लॉक का किया निरीक्षण, बीडीओ को दिए निर्देश



सोनभद्र। शनिवार को सोनभद्र जिलाधिकारी बीएन सिंह दुद्धी क्षेत्र के दौरे पर रहे, उन्होंने तहसील समाधान दिवस की सुनवाई के बाद दुद्धी ब्लॉक का गहनता से निरीक्षण किया।डीएम ने सबसे पहले राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय पहुंचकर प्रगति की जानकारी ली, इसके ब्लॉक मे पॉवर सप्लाई के लिए लगे सोलर पैनल सिस्टम के बैटरी कक्ष का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने आवश्यकता से अधिक बैटरी लगे होने की जानकारी ली, इसके बाद बीडीओ आवास, तथा एसआईआर मैपिंग सुनवाई कक्ष, मनरेगा सेल, लेखाकार कक्ष मे फाइल निकलवाकर देखा और आवश्यक दस्तावेज की बारे मे पूछताछ किया। मनरेगा मे मानव कार्य दिवस की कम प्रगति और जॉब कार्ड के वाईसी बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

## कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन



जिला संवाददाता(vol)

करमा,सोनभद्र। स्थानीय विकास खंड के भरकवाह स्थित बाबा बिहारी इंटरमीडिएट कॉलेज के परिसर में को कैरियर गाइडेंस सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिवेताम आयुर्वेद कंपनी की संस्थापक डॉ. प्रियंका ने छात्र-छात्राओं को चिकित्सा क्षेत्र मे कैरियर बनाने की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी और मेडिकल क्षेत्र में करियर की संभावनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि बड़े लक्ष्य को पाने के लिए शुरूआत भले ही छोटे स्तर पर हो, लेकिन सोच हमेशा बड़ी होनी ही चाहिए, तभी बड़े लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। छात्र-छात्राओं को बारहवीं मे दाखिला लेने के साथ ही जो पसन्द आये, अपना लक्ष्य सुनिश्चित कर लेना चाहिए, मन पर बोझ लेकर या छोटे मन से साधा गया लक्ष्य पूरा नहीं हो पाता है। वाराणसी से चलकर आये भारत के प्रसिद्ध आर्टिस्ट आर्यन एवं भारती ने विद्यार्थियों को कला क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों, मेहनत और रचनात्मकता के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अनवरत अभ्यास से प्रविंणता आती है, कला का क्षेत्र बहुत ही ब्यापक है, इस क्षेत्र मे रोजगार के बहुत अवसर उपलब्ध हैं बच्चों को कला के क्षेत्र मे आगे आना चाहिए। तीन सरकारी नौकरियों में सफलता प्राप्त कर चुके विनोद मौर्या ने विद्यार्थियों को सरकारी नौकरी की तैयारी की सही रणनीति, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक बी एन यादव ने सभी विद्यार्थियों को पढ़ाई के महत्व, लक्ष्य निर्धारण और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रबन्ध निदेशक अखिलेश यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन अजय कुमार ने किया, इस अवसर पर प्रवेश कुमार यादव, अनरूध प्रसाद, सुहानी पटेल, बबिता यादव ,ज्ञान प्रकाश, प्रेम पाल, मुकेश कुमार, पूनम, किरन पांडेय, अर्पिता, काजल उपस्थित रहे।

## व्यापार मण्डल ने कैबिनेट मंत्री को दिया ज्ञापन



जौनपुर। व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल जौनपुर नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर के जौनपुर आगमन पर शिष्टाचार मुलाकात करते हुए मुख्यमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन देते हुए अपनी मांगें रखीं। इसमें वृद्ध व्यापारियों के लिए 60 वर्ष के बाद पेंशन योजना शुरू किया जाना चाहिये। साथ में कोई भी व्यापारी अपने व्यापारी जीवन के दौरान जितने रुपये भी आयकर जमा किया हो, उसका कुछ प्रतिशत 60 वर्ष के बाद उसी व्यापारी को जीवन यापन के लिये मिलना चाहिये। चूंकि समय से आयकर जमा करते हुये देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है, इसलिए सरकार को उपयुक्त दोनों मांगों पर गंभीरता से ध्यान देकर अतिशीघ्र मूर्त रूप देना चाहिये।ज्ञापन लेते हुए कैबिनेट मंत्री श्री राजभर ने कहा कि व्यापार मंडल द्वारा सभी मांग न्याय संगत है। देश के विकास में व्यापारी हमेशा सहयोगी रहा है। व्यापारियों को उनका हक अवश्य मिलना चाहिये। उन्होंने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को सदन में उठाने का भी आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री जी को मांगों को गम्भीरतापूर्वक संज्ञान में देते हुये उचित निर्णय के लिए निवेदित भी करूंगा। रमेश बरनवाल , उपाध्यक्ष संतोष साहू, नगर महामंत्री मुन्ना लाल अग्रहरि, शैलेंद्र सिंह, सरदार रंजीत सिंह, जितेंद्र जायसवाल, सरदार मनमोहन सिंह, विशाल बरनवाल, राजेश जायसवाल, चंद्र प्रकाश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## भक्तों की रक्षा के लिए प्रभु अपने वचन तोड़ देते हैं: मनीष शरण



सोनभद्र। गायत्री भवन तेजनगर, उरमौरा में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास मनीष शरण जी महाराज ने कथा करते हुए कहा कि अपने भक्तों की रक्षा के लिए प्रभु अपने भी वचन तोड़ देते हैं। ब्रज वासियों ने भगवान के कहने पर गोवर्धन जी की पूजा किया, परिक्रमा किया और जब इंद्र को पता चला तो साम्वर्त्तक आदि बादलों को ब्रज मण्डल को ही नष्ट करने को भेजा। भयंकर तूफान और बरसात को देख ब्रजवासी भगवान के पास गए तब अपने भक्तों की रक्षा के लिए सात वर्ष के कन्हैया ने सात कोष के गोवर्धन को सात दिन, सात रात्रि तक अपने सबसे छोटी उंगली पर उठाया और संसार को अपने भगवान होने का प्रमाण दिया। प्रभु समय समय पर देते है अपनी भगवत सत्ता का प्रमाण। इस अवसर पर मुख्य यजमान पवन कुमार मिश्र, आचार्य विनय कुमार शुक्ल, महेश शुक्ल, अरुण तिवारी, महेंद्र प्रसाद शुक्ला, चन्द्र किशोर पांडेय, सुरेश सिंह, विनोद शुक्ला, संजीव शुक्ला, ओम कुमार चतुवेर्दी, आनंद ओझा समेत भक्तगण, श्रोतागण, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

## एसडीएम कोर्ट व कार्यालयों का डीएम ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)



दुद्धी, सोनभद्र।जिलाधिकारी सोनभद्र बीएन सिंह ने शनिवार को दुद्धी तहसील स्थित एसडीएम न्यायालयों एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने स्टेनो कार्यालय का निरीक्षण किया और वहाँ से जारी होने वाले पत्रों एवं दस्तावेजों की जानकारी लिया, इसके बाद एसडीएम न्यायालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेशकार राकेश कुमार नवीन से एसडीएम कोर्ट मे चलने वालों मुकदमों के बारे मे जानकारी ली और कहा कि प्रतिदिन फाइल अपडेट होना चाहिए और क्या कार्यवाही हुई उसको अंकित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिस दिन पीओ नही बैठ पाते है उस दिन की भी स्थिति लिखकर मुकदमे मे उपस्थित लोगों के हस्ताक्षर करवाए जाएं। इसके बाद अहलमद कक्ष का निरीक्षण किया। एसडीएम न्यायिक न्यायालय का निरीक्षण करते हुए पेशकार को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मुड़कमों की प्रतिदिन सुनवाई हो ताकि निस्तारण तय समय सीमा के अंदर किया जा सके। अंत मे उन्होंने तहसील मे चल रहे एसआईआर प्रगति की जानकारी ली और मैपिंग से छूटे मतदाताओं की प्रगति और सुनवाई एवं निस्तारण के लिए संबंधित को निर्धारित किया।

## नोडल अधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा



लखीमपुर खीरी। शनिवार को आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, उत्तर प्रदेश एवं नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के तहत लखीमपुर खीरी पहुंची, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में नोडल अधिकारी ने जिले के प्रभारी मंत्री के जनपद भ्रमण और बैठकों के कार्यवृत्त की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जिले के विकास कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की और जरूरी दिशा निर्देश दिए।

नोडल अधिकारी ने बीएसए को निर्देश दिया कि आरटीई के तहत अधिकतम आवेदन सुनिश्चित करें और सभी पात्र बच्चों को योजना से आच्छादित किया जाए।इसके अलावा प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत विद्यालयों के अनुरक्षण कार्यों की प्रगति जानी गई और निर्देश दिए गए कि किसी भी व्यवधान को दूर कर समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराया जाए। नोडल के पूछने पर सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने 10 फरवरी को नेशनल डी-वार्मिंग डे कैंपेन चलेगा। बांकेगंज में आईडीए कैंपेन के तहत दवाओं को खिलाया जाएगा। एमआर कैंपेन के तहत मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से शुरू होगा। नोडल में जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड सहित स्वास्थ्य महकमे की योजनाओं, कार्यक्रमों की प्रगति की ली। नोडल ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी से श्रमिकों के पंजीकरण, योजनावार लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या जानी। सीडीओ ने बताया कि गत वर्ष अटल आवासीय विद्यालय में जनपद की बालिका ने लखनऊ मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। वही इस वर्ष प्रवेश में आवेदन करने में जनपद पूरे मंडल में शीर्ष स्थान पर है। इस पर नोडल ने खुशी जताई। नोडल ने सीवीओ डॉ. दिनेश सचान से गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। साथ ही पीएम हाउस की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का निर्देश भी जारी किया। उन्होंने विभागवार अधिकारियों से हो रहे नवाचारों की जानकारी ली और इसे अनवरत जारी रखने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता (बाढ़खंड) ने बाढ़ एवं कटानरोधी परियोजनाओं के संबंध में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मिनिस्ती एस ने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए और समयबद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। नोडल अधिकारी ने कहा कि इन दोनों परियोजनाओं का सही समय पर पूरा होना जिले के विकास और शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेल गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं से कहा कि वे नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें और किसी भी बाधा का तुरंत समाधान करें।

## सड़क हादसे में भाई बहन समेत तीन की मौत

हरदोई। हरदोई जिले के सुरसा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक डंपर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार भाई-बहन समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के फतियापुर निवासी आदर्श अवस्थी (20) अपनी बहन मधु अवस्थी (23) तथा बावन चुंगी (हरदोई) निवासी कामिनी पाण्डेय के साथ मोटरसाइकिल से हरदोई की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सुरसा क्षेत्र के फार्म पुरवा के पास ढोलिया चौराहा के निकट हरदोई की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार एक डंपर ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध गौतम ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा डंपर को कब्जे में ले लिया गया है। मामले में अग्रिम कानूनी कार्वाई की जा रही है।

## दर्ज मामलों में अपराधी तुरंत भेजे जायें जेल : शैलेन्द्र अग्रहरि

मीरजापुर। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष मुकेश साहू के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। कार्यकताओं ने प्रदेश में वैश्य-व्यापारियों के ऊपर हो रहे लगातार हमले, लूट व अपराध की घटनाओं पर आक्रोश व्यक्त किया कऔर इसके विरोध में ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र अग्रहरि ने कहा कि विगत कई महीनों में विभिन्न जनपदों में व्यापारियों पर कई हमले व लूट की घटनायें हुई हैं। जिनका पूर्ण खुलासा करने में पुलिस विफल साबित हुई है। इनका जल्द से जल्द खुलासा करके व्यापारियों की जान माल की सुरक्षा की जाय।वैश्य-व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस जारी किये जाएं। जिला सोनभद्र में जगजीवन सिंह पटेल जो गैंगेस्टर सहित गंभीर आरोप का बांछित अपराधी है। पुलिस के सांठ गांठ से वैश्य समाज के अभिषेक केसरी व राजेश केसरी जो पेशे से स्वर्णकार हैं। उनकी जमीन पर दूसरी चौहद्दी देकर बैनामा कराने के बाद जमीन हड़पने की कोशिश की जा रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष व मण्डल प्रभारी संतोष गोयल ने कहा कि प्रयागराज जिले के भिटरिया भीरपुर करछना चन्दन सोनी के साथ लूट की घटना हुई साथ ही हत्या की कोशिश में गोली मारा गया। जिसमें पुलिस कार्यवाही में तीन आरोपी गिरफ्तार करने के बावजूद लाखों रूपए के माल में ढेला बरामद न होना संदेह पैदा कर रहा है। वहीं जिला मिजार्पुर के सुगापाख, मढीहान निवासी अरुण सोनी के घर में घुस कर ,हमलावर लूट हत्या की कोशिश जैसे घटना को अंजाम देते हैं। उनके नाबालिक बेटी को मारा पीटा एवं जेवर छिन लिया,जिसमें पुलिस लिपा पोती कर अपराधी को बचाना चाहती है। पुलिस कार्यवाही ना करके ऐसे अपराधियों का मन बढ़ाती हैं। जिलाध्यक्ष मुकेश साहू ने कहा कि संतोष कुमार सोनी जो कि गरेथा, भरारी, मेजा प्रयागराज के निवासी हैं उनके दो बेटों का हत्या हुई। अपराधी आज भी बचे हुए हैं जिसमें पुलिस की भूमिका संदिग्ध है, जिसकी उइउक्ळजांच करा कर न्याय दिलाया जाय। वैश्य समाज पर ऐसे आपराधिक हमलों से समाज में भय व्याप्त है।

## सड़क हादसे में दो की मौत, दो घायल

जालौन। जिले में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी जालौन के पुलिस क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई ने बताया कि शुक्रवार रात लगभग आठ से नौ बजे के बीच दो मोटरसाइकिलों की कुठौंद थाना क्षेत्र में जरहाले गांव के पास आमने-सामने की टक्कर हो गयी। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार चारों लोगों को गंभीर हालत में कुठौंद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान सुदामा सिंह (40) और कुसुम सिंह के रूप में हुई है जबकि हादसे में दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें औरैया स्थित मेडिकल कालेज एवं अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संत फ्रांसिस स्कूल में विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

अनपरा/सोनभद्र। तापीय परियोजना आवासीय परिसर स्थित संत फ्रांसिस स्कूल में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन हुआ। समारोह का शुभारंभ प्रार्थना गीत और प्रार्थना नृत्य के साथ हुआ। जूनियर कक्षाओं के छात्र द्द छात्राओं ने समूह नृत्य और बधाई गीत का मनभावन प्रस्तुतीकरण किया। स्कूल कप्तान आलोक कुमार यादव और अमृता मिश्रा ने विद्यालय से जुड़ी अपनी स्मृतियों को साझा किया द्य विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर रॉबर्ट सुनील नोरोन्हा ने विद्यार्थियों को विद्यालय का स्मृति चिह्न भेंट किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने विद्यार्थी जीवन को जीवन का स्वर्णिम काल कहते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यार्थी गुरुजनों के आशीर्वाद और स्नेह से भाव-विभोर हो उठे।

## कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए लिया संकल्प

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के नेतृत्व में जनपद में विकसित भारत अभियान के अंतर्गत कुष्ठ रोग उन्मूलन को लेकर व्यापक जागरूकता एवं संकल्प कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं , जिसके क्रम में उन्होंने जनपद वासियों को संकल्प दिलाते हुए कहा है कि जनपद के लोग और जिला प्रशासन ह्लविकसित भारत अभियानह्व के अवसर पर यह घोषणा करते हैं कि हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोडेगें। कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है। हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर संम्भव प्रयास करेगें। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करेगें। इसके साथ हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेगें और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने देगें। हम व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुडे कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अपना पूर्ण योगदान देगें। इसके साथ ही प्रतिज्ञा दिलायी कि हम सभी कलंक एवं भेदभाव के प्रति शून्य सहिष्णुता के लिये ह्लभेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करेंगे।

## मुठभेड़ में पशु तस्कर घायल

आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के तरकूलहा के पास शनिवार की भोर में हुई मुठभेड़ में गोली लगने से पशु तस्कर घायल हो गया। पुलिस ने घायल आरोपी को पकड़ा है, उसका साथी अंधेरे में फरार हो गया। घायल बदमाश के पास से तमंचा कारतूस, बिना नंबर की बाइक बरामद हुई। पुलिस ने घायल बदमाश जाकिर उर्फ शैफ निवासी कुरैशी टोला माहुल थाना अहरौला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके विरूद्ध आठ मुकदमें दर्ज हैं।

## विचाराधीन कैदी की चिकित्सालय में मौत

प्रतापगढ़। जिला कारागार में पिता की गैर इरादतन हत्या के आरोप में निरुद्ध विचारधीन कैदी की शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जिला कारागार अधीक्षक ज्षभ द्विवेदी ने बताया कि पिता कि गैर इरादतन हत्या मामले में अंतू थाना क्षेत्र के शुक्लपुर निवासी विनोद कुमार शुक्ला (42) अक्टूबर 2023 से कैद था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सीने में दर्द की शिकायत पर उसे कारागार के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया और बेहर इलाज के लिए एंबुलेंस के जरिये मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि जेल वार्डर विकास यादव द्वारा कारागार के मुख्य गेट से फोन पर बंदी विनोद कुमार शुक्ल के मृत्यु होने की सूचना दी गई। मृतक कैदी के परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## पति की लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर महिला ने दी जान

कौशांबी। जिले के पश्चिम शरीरा थानाक्षेत्र में एक महिला ने शनिवार सुबह अपने पति की लाइसेंसी राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार थानाक्षेत्र के पूरब शरीरा गांव निवासी संगीता देवी (42) पत्नी करण सिंह ने आज सुबह अपने पति की लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मार ली। पुलिस के अनुसार करण सिंह परिजनों के साथ उसे जिला अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक जांच में पता चला है कि संगीता देवी अवसाद में थी, जिसका प्रयागराज में उपचार किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एएसपी ने बताया कि परिजनों से पूछताछ के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## हाईकोर्ट ने कॉलेज के गेट पर 30 दिनों तक खड़ा रहने की सजा पलटी

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने एकल पीठ के उस विवादास्पद निर्देश को दरकिनार कर दिया है जिसमें नोएडा के एक विश्वविद्यालय के छात्र को एक तख्ती लेकर कॉलेज के गेट पर 30 दिनों तक खड़ा रहने का आदेश दिया गया था। मैं कभी किसी लड़की से छेड़खानी नहीं करूंगा लिखी तख्ती के साथ छात्र को 30 दिनों तक कॉलेज के गेट पर खड़ा रहने का आदेश दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने हर्ष अवाना की ओर से दायर एक याचिका को यह कहते हुए निस्तारित कर दिया कि यह आदेशौ अनुचित और अपमानजनक था तथा इससे उसके चरित्र पर एक अमिट दाग लग जाएगा। एक अन्य संस्थान की छात्राओं के साथ छेड़खानी के आरोपों के बाद नोएडा अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय द्वारा उक्त छात्र को मार्च, 2023 में निष्कासित कर दिया गया था। इसके बाद, छात्र ने उच्च न्यायालय में इस निष्कासन को चुनौती दी और 29 अक्टूबर, 2025 को न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ ने निष्कासन के आदेश को रद्द कर दिया, लेकिन साथ ही छात्र को विश्वविद्यालय में पुनः दाखिला देने के लिए कई सख्त शर्तें लगा दीं। इन शर्तों में उक्त शर्त भी शामिल थी जिसके तहत छात्र को कॉलेज के गेट पर तीन नवंबर, 2025 से लगातार 30 दिनों तक सुबह 8:45 से 9:15 बजे तक एक तख्ती लेकर खड़ा रहना था। विश्वविद्यालय को इसकी फोटोग्राफ लेने का निर्देश दिया गया था और इस शर्त का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में छात्र को फिर से निष्कासित करने की विश्वविद्यालय को छूट दी गई थी। इस विशेष निर्देश को चुनौती देते हुए छात्र के अधिवक्ता ने खंडपीठ के समक्ष दलील दी कि यह दंड अत्यधिक अपमानित करने वाला है और इसका छात्र के भविष्य पर एक निरंतर, हानिकारक प्रभाव पड़ेगा। पीठ ने चार फरवरी, 2026 को दिए आदेश में कहा कि हमारा दृढ़तापूर्वक यह मत है कि उक्त निर्देश की प्रकृति किसी भी परिस्थितियों में उचित नहीं है। इस प्रकृति का निर्देश न केवल अपमानजनक है, बल्कि इसका अपीलकर्ता के चरित्र पर एक अमिट दाग लगेगा।

## विचाराधीन कैदी की चिकित्सालय में मौत

प्रतापगढ़। जिला कारागार में पिता की गैर इरादतन हत्या के आरोप में निरुद्ध विचारधीन कैदी की शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जिला कारागार अधीक्षक ने बताया कि पिता कि गैर इरादतन हत्या मामले में अंतू थाना क्षेत्र के शुक्लपुर निवासी विनोद कुमार शुक्ला (42) अक्टूबर 2023 से कैद था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सीने में दर्द की शिकायत पर उसे कारागार के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया और बेहर इलाज के लिए एंबुलेंस के जरिये मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि जेल वार्डर विकास यादव द्वारा कारागार के मुख्य गेट से फोन पर बंदी विनोद कुमार शुक्ल के मृत्यु होने की सूचना दी गई। मृतक कैदी के परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

संक्षेप

## भानवी सिंह के खिलाफ दायर परिवाद खारिज

अयोध्या। सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी को लेकर भानवी सिंह के खिलाफ दायर परिवाद को अदालत ने खारिज कर दिया है। न्यायालय ने सुनवाई के बाद कहा कि परिवादी का इस मामले में कोई विधिक अधिकार (लोकस स्टैंडी) नहीं बनता। 18 सितंबर 2025 को भानवी सिंह ने अपने पति रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक टिप्पणी की थी। इसे आधार बनाते हुए जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश महासचिव राणा अजय सिंह ने अयोध्या न्यायालय में परिवाद दाखिल किया था।

उनका आरोप था कि उक्त टिप्पणी से उनकी तथा पार्टी की प्रतिष्ठा को क्षति पहुंची है। मामले की सुनवाई के दौरान भानवी सिंह की ओर से अधिवक्ता देवेश तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने अदालत को बताया कि संबंधित टिप्पणी केवल राजा भैया के संदर्भ में थी, किसी राजनीतिक दल या उसके पदाधिकारियों के विरुद्ध नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि मानहानि के मामलों में वही व्यक्ति शिकायत दर्ज करा सकता है, जिसके खिलाफ टिप्पणी की गई हो।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसएसपी ने सुनी फरियाद



जिला संवाददाता

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर के साथ तहसील मिल्कीपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

- मिल्कीपुर तहसील में आयी कुल 161 शिकायतें 11 का मौके पर हुआ निस्तारण

जिलाधिकारी ने समाधान दिवस के दौरान व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। तहसील मिल्कीपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता ग्राम पंचायत अगरवा में राशन कार्ड में नाम न जोड़ने की शिकायत की है, जिस पर जिलाधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक को जांच कर राशन कार्ड बनाने को कहा। शिकायतकर्ता ग्राम पंचायत चांदपुर में जमीन की पैमाइस कराने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को टीम बनाकर जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसी तरह ग्राम पंचायत बरईपारा में भूमि विवाद व ग्राम पंचायत तरौली में रास्ते को बंद करने की शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को न्यायोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मिल्कीपुर सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कुल 161 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसील दिवस में मुख्यतः भूमि विवाद, राजस्व, सड़क, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन आदि से संबंधित अधिकतर शिकायतें प्राप्त हुईं, इसके निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला पूर्ति अधिकारी, उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर, क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर, खण्ड विकास अधिकारी मिल्कीपुर, तहसीलदार मिल्कीपुर व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सोहावल में आयी 135 शिकायतें, पांच का मौके पर निस्तारण

सोहावल-अयोध्या। शनिवार को सोहावल तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनवाई कर रहे अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह बंदीदासपुर लेखपाल कृष्णा देवी और राजस्व निरीक्षक शोभा राम यादव पर नाराजगी जताई। इनके विरुद्ध उप जिलाधिकारी को जांच और कार्रवाई के निर्देश देते हुए दोनों को फटकार लगाई। मामला गांव निवासी फूलन देवी बनाम राम चंद्र मामले में धारा 116 के अंतर्गत लेखपाल द्वारा लगाई गई घर बैठे रिपोर्ट को लेकर सामने आया जिसे एडीएम ने पकड़ लिया। भूमि का बैनामा लेकर कब्जा न पाने वाली शिकायतकर्ता की पैमाइश जांच रिपोर्ट में लिखा गया भूमि पर कब्जा न वादी का है ना ही प्रतिवादी का है तब कब्जा किसका है ?यह लेखपाल व राजस्व निरीक्षक नहीं बता पाए। लगभग आधे घंटे फटकार के बाद मामले की जांच और कार्रवाई के लिए एसडीएम को निर्देशित कर दिया। इस दौरान कल 135 शिकायतें आईं। जिसमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।शेष शिकायती पत्रों को निस्तारण के लिये सम्बन्धित को सौंपा गया।इस अवसर पर उप-जिलाधिकारी सोहावल सुश्री सविता देवी, तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह, नायब तहसीलदार रेशू जैन, खण्ड विकास अधिकारी अनुपम वर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी डाक्टर अनीता सोनकर,खाद्य एवं रसद विभाग से पूजा सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी राजस्व कर्मी शामिल रहे।

## डीएम के निरीक्षण में आल इज वेल मिली तहसील नानपारा की व्यवस्थाएं

जिला संवाददाता

बहराइच। तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के उपरान्त जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा तहसील नानपारा का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव, भवन एवं परिसर की साफ-सफाई के साथ-साथ तहसील अन्तर्गत संचालित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर न्यायिक कार्यों, वादो का निस्तारण, राजस्व अभिलेखों, वसूली, अभिलेखागार, आईजीआरएस एवं जनसुनवाई इत्यादि व्यवस्था का गहनता से परीक्षण किया गया।

एसडीएम न्यायालय में दर्ज वादों की स्थिति की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 01 वर्ष से अधिक अवधि का कोई भी वाद लंबित नही है। पत्रावलियों के अवलोकन प्रथम दृष्टया समस्त धाराओं के वादों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण पाया गया। इस स्थिति पर डीएम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में तहसील नानपारा में प्रशासनिक एवं न्यायिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। डीएम ने तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के न्यायालयों का निरीक्षण करते हुए प्रचलित वादों का गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की स्थिति बेहतर पायी गयी। डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिया कि नियमित रूप से समीक्षा करती रहें जिससे वसूली की प्रगति बनी रहे। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों समीक्षा के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि तहसील नानपारा पिछले 06 माह से लगातार आईजीआरएस निस्तारण में जनपद में प्रथम स्थान बनाए हुए है। इस स्थिति पर डीएम ने कहा कि यह उपलब्धि तहसील प्रशासन की संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई एवं शिकायतकर्ता संतुष्टि को दर्शाती है।निरीक्षण में दौरान नजारत पटल, राजस्व लिपिक पटल, संग्रह कार्यालय, अभिलेखागार, निर्वाचन कार्यालय, वीआरसी कार्यालय आदि तहसील के सभी कार्यालयों एवं पटलों का कार्य व्यवस्थित एवं अद्यतन पाया गया साथ ही तहसील परिसर एवं भवन की साफ-सफाई भी संतोषजनक पाई गई। कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों का संधारण एवं कार्य निष्पादन पर डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

डीएम ने एसडीएम से कहा कि इसी प्रतिबद्धता के साथ जनता को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर तहसील नानपारा को प्रशासनिक, न्यायिक, राजस्व एवं शिकायत निस्तारण के क्षेत्र में एक आदर्श तहसील के रूप में स्थापित करने का प्रयास करें।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील नानपारा में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, उप जिलाधिकारी श्रीमती मोनालिसा जौहरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। डीएम ने निर्देशित किया जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित करें।

## गुरु वशिष्ठ की तपोभूमि में 101 बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार

अयोध्या।सनातन संस्कृति और वैदिक परंपरा के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण अध्याय उस समय जुड़ गया जब श्री गुरु वशिष्ठ सेवा न्यास, अयोध्या के तत्वावधान में 101 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार आज विधिवत रूप से सम्पन्न

- वेदमंत्रों से गुंजायमान हुआ गुरुकुल परिसर, सजीव हुई गुरुकुल परंपरा

हुआ। यह पावन आयोजन श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ वेद पाठशाला, दर्शन नगर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। इस अवसर पर संपूर्ण परिसर यज्ञ की वेदियों, धूप-दीप, स्वस्तिवाचन और वैदिक ऋचाओं से गुंजायमान रहा। आचार्यों द्वारा संपन्न कराए गए उपनयन संस्कार ने बटुकों को ब्रह्मचर्य आश्रम में प्रवेश कराते हुए उन्हें वेदाध्ययन, संयम, अनुशासन एवं धर्माचरण के पथ पर



अग्रसर होने का संकल्प प्रदान किया।

गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ के निदेशक एवं श्री गुरु वशिष्ठ सेवा न्यास के मंत्री डॉ. दिलीप सिंह ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार भारतीय संस्कृति का अत्यंत महत्वपूर्ण संस्कार है, जो बालक के जीवन में आध्यात्मिक एवं बौद्धिक चेतना का संचार करता है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल परंपरा आज भी वैदिक ज्ञान, संस्कार और नैतिक मूल्यों की जीवंत प्रयोगशाला बनी हुई है। यज्ञोपवीत संस्कार में बतौर यजमान श्री गुरु वशिष्ठ सेवा न्यास के संरक्षक एवं श्री रामबल्लभा कुंज के अधिकारी राजकुमार दास उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय अधिकारी एवं ह्यविमर्शह्व के राष्ट्रीय संयोजक मुकुल कानितकर, न्यास के अध्यक्ष तथा महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर (राजस्थान) के कुलगुरु आचार्य मनोज दीक्षित विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। संयोजक आचार्य दुःखहरण नाथ मिश्र ने जानकारी दी कि इस सामूहिक संस्कार में बटुकों के साथ उनके माता-पिता, परिजन एवं निकट संबंधी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। इसके अतिरिक्त शिक्षा जगत से जुड़े विद्वान, गुरुकुल के सहयोगी, प्रबंध समिति के सदस्य तथा नगर के अनेक संभ्रांत नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित संत-महात्माओं एवं विद्वानों ने बटुकों को सदाचार, संयम, गुरु-शिष्य परंपरा और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का संदेश दिया। यज्ञ के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया तथा सभी आगंतुकों के लिए भोजन-प्रसाद की व्यवस्था भी की गई।

## विभिन्न मांगों को लेकर वकीलों ने जुलूस निकाल किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन के तत्वाधान मे अधिवक्ताओ ने विभिन्न मांगो को लेकर जुलूस निकाल प्रदर्शन किया। तथा मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह को सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन लागू करने, बाराबंकी को अयोध्या मंडल से हटाकर लखनऊ मे जोड़ने, जूनियर अधिवक्ताओं को प्रोत्साहित करने हेतु नगद भत्ता देने, 70 वर्ष पूर्ण कर चुके अधिवक्ताओं को पेंशन, असमयिक स्वर्गवासी हुए अधिवक्ता की पत्निओं को जीवन यापन हेतु 20,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता दिए जाने, जनपद के तीन टोल सहावपूर, अहमदपुर, हैदरगढ़ के बारा टूल प्लाजा से अधिवक्ताओं का टूल टैक्स माफ करने, कलेक्ट्रेट मे व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाये जाने की मांग की। प्रदर्शन में बार अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष अनुराग शुक्ला, नवीन रस्तोगी, पंकज रावत, सी0बी सिंह, रमन द्विवेदी, कौशल किशोर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## ज्योर्तिविद परिषद अध्यक्ष बनने पर राकेश कांत शुक्ल का अधिवक्ताओ ने किया सम्मानित



बाराबंकी। धर्मजागरण धाम उ0प्र0 संयोजक द्वारा मनोनीत किये गये ज्योतिर्विद परिषद अध्यक्ष राकेश कांत शुक्ल का आज कलेक्टेज्ट परिसर मे वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश चन्द्र गौतम के नेतृत्व मे अधिवक्ताओ ने माला व मिष्ठान खिलाकर स्वागत कर बधाई दी। इस मौके पर ज्योतिर्विद परिषद पूर्व अध्यक्ष उमाकांत द्विवेदी, गुरु प्रसाद सिंह, राजेश मिश्र, पंडित शिव शंकर गोस्वामी, अभिषेक गौतम, रमेश रावत, आर0के0 यादव, जयराम चैरसिया, दीपश्री, रामअवध, पवन मिश्र, नंद किशोर यादव, आसिफ, रहमान, देवेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## निष्पक्ष चुनाव तभी संभव जब निष्पक्ष वोटर लिस्ट होगी: हाफिज अयाज अहमद




बाराबंकी। नेता और कार्यकर्ता के बीच का बंधन संघर्ष और समर्पण का अटूट बंधन होता है जो संगठन की रीढ़ बनकर समाज में बदलाव की नींव रखता है। उक्त उद्गार समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज

- सपा जिलाध्यक्ष ने की कार्यकर्ताओं, ब्लॉक, बूथ व विधानसभा अध्यक्षो के साथ बैठक

अयाज अहमद की अध्यक्षता मे आयोजित बैठक मे जनपद एसआईआर प्रभारी व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने व्यक्त किये। बैठक मे जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव तभी संभव है जब निष्पक्ष वोटर लिस्ट होगी। इसलिए हम सबको वोटर लिस्ट निर्माण कार्य में अपना पूर्ण सहयोग देकर अपने-अपने बूथों वोटर लिस्ट को निष्पक्ष तरीके से तैयार कराना हम सब की जिम्मेदारी है। फॉर्म 7 के माध्यम से जो हेरा फेरी करने का प्रयास किया जा रहा है उसको रोकते हुए गरीब कमजोर प्रवासी अल्पसंख्यक एवं पार्टी समर्थक मतदाताओं के नामों पर विशेष नजर रखनी होगी।

मेरा आप सभी पदाधिकारी, कार्यकताओं, ब्लॉक, बूथ व विधानसभा अध्यक्षों सहित सभी पार्टी समर्थकों से निवेदन है कि आप सब एक एक वोट की रक्षा सुरक्षा के लिए अपने-अपने बूथ पर सजग रहकर किसी पात्र मतदाता का वोट कटने न दे। और जिन मतदाताओं के वोट बढ़ाने वाले हैं उनके फार्म भरवा कर बीएलओ के पास जमा कर उनके वोट बढ़ाने का काम करें। तभी हमारे नेता अखिलेश यादव 2027 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बन प्रदेश वासियों की तकदीर और तस्वीर संवारने का काम कर सकेंगे। बैठक मे जिला महासचिव हिमांशु यादव, रामगोपाल रावत, हुमायूं नईम खान, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, ज्ञान सिंह यादव, पूनम यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, उमेश रावत, अमरनाथ सिंह रावत, कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा मौजूद रहे।

## इंटेलिजेंस का डिप्टी डायरेक्टर बताने वाला नटवरलाल मनोज चौहान पहुंचा जेल

शहजाद अंसारी



बिजनौर। मेरठ एसटीएफ ने धामपुर पुलिस को साथ इंटेलिजेंस विभाग का फर्जी डिप्टी डायरेक्टर बनकर अधिकारियों पर रौब गालिब करने वाले एक नटवरलाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी मनोज चोहान ने एसटीएफ की पूछताछ में अपने फजीर्वाडे का कबूलनामा करते हुए अपने कारनामें की कई कहानियां उजागर की है। मेरठ एसटीएफ की यूनिट ने शुक्रवार की शाम थाना धामपुर क्षेत्र से एक ऐसे नटवरलाल को गिरफ्तार किया है, जो खुद को इंटेलिजेंस विभाग का डिप्टी डायरेक्टर बताकर पुलिस व अन्य सरकारी विभागों के अधिकारियों के अलावा गांव के सम्मानित लोगो पर रौब गालिब करता था। एसटीएफ टीम ने जब आरोपी को हिरासत में लिया तो उसने खुद पहले अधिकारी बताया। लेकिन किसी भी प्रकार का सरकारी पहचान पत्र या नियुक्ति संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। एसटीएफ टीम की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मनोज चैहान पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम मौहम्मदपुर त्रिलोक उर्फ त्रिलोकावाला थाना नगीना देहात जिला बिजनौर बताया। जबकि आरोपी इस समय महेन्द्रजीत सिंह निवासी मौहल्ला साकेत विहार कालोनी धामपुर के यहां किराये के मकान में रह रहा है। फर्जी इंटेलिजेंस विभाग के डिप्टी डायरेक्टर मनोज चैहान ने बताया कि उसके गांव स्थित जूनियर हाई स्कूल का निर्माण उसके दादा हरस्वरूप सिंह द्वारा कराया गया था, जो पूर्व में मैनेजर जमशेद अली के कार्यकाल में खराब स्थिति में चला गया था। बाद में अभियुक्त व विद्यालय समिति द्वारा जमशेद अली को हटाकर उसके पिता नरेन्द्र सिंह को विद्यालय का मैनेजर बनाया गया। आरोपी की जामातलाशी में पहने कोट की जेब से दो मोबाइल फोन मिले जिसमें एक मोबाइल फोन रियलमी कम्पनी रंग नीला है, जिसको चेक करने पर मोबाइल की व्हाट्सएप चैटिंग में मनोज कुमार सिंह डिप्टी डायरेक्टर इंटर नेशनल सिक्योरिटी (एनएसए) ऑफिस नई दिल्ली प्रेषक व्यक्ति दशार्ते हुए विभिन्न अधिकारियों को चैटिंग मैसिज भेज रखे है। जबकि दूसरा मोबाइल फोन वन प्लस कम्पनी काले रंग के कवर को खोलकर चेक किया गया तो इसमें एक आई कार्ड मिला है। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक रविन्द्र कुमार एसटीएफ यूनिट मेरठ, जयवीर सिह एसटीएफ, उ0नि0 साजिद अली थाना धामपुर, हे0का0 रकम सिह एसटीएफ, हे0का0 प्रदीप धनकड एसटीएफ, हे0का0 रोमिश तोमर एसटीएफ, हे0का0 आकाशदीप एसटीएफ, हे0का0 चालक भूपेन्द्र सिंह एसटीएफ, का0 सतेन्द्र कुमार, विपिन कुमार थाना धामपुर शामिल रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



बहराइच। मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। *निम्नलिखित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी गई* अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## पारिवारिक कारणों से युवती ने नहर में लगायी छलांग

अयोध्या। गोसाईंगंज अयोध्या। पारिवारिक कारणों से नाराज होकर घर से निकली युवती ने शारदा सहायक बड़ी नहर में छलांग लगा दी। काफी प्रयासों के बाद उसे बरामद नहीं किया जा सका है।मामला पूरा बाजार विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सभा खानपुर पुरसाए गोविंदपुर का है। यहां की निवासी सविता गौड (20) पुत्री स्वर्गीय बजरंगी गौड शुक्रवार शाम करीब तीन बजे घर से निकली थी। वह बिल्हार घाट स्थित शारदा सहायक बड़ी नहर पहुंची और अचानक नहर में कूद गई। मौके से गुजर रहे राहगीरों को जब तक घटना का अंदेशा हुआ, तब तक युवती पानी में डूब चुकी थी। सूचना मिलने पर महाराजगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शुक्रवार शाम 6:00 से एनडीआरएफ की टीम रात ग्यारह बजे तक खोज की परंतु सफलता नहीं मिली थी। एसएचओ राजेश सिंह के मुताबिक शनिवार सुबह नौ बजे से एनडीआरएफ की टीम खोज कर रही है।

# उद्यानिकी खेती से सुधीर ने जिले का नाम किया रोशन

अयोध्या। जिले में एक प्रगतिशील किसान की सफलता की प्रेरणादायक कहानी ने सबका ध्यान खींचा है। तारुन विकासखंड के ग्राम सिहोरिया के निवासी राजित राम सुधीर ने अपनी मेहनत, नवीन तकनीकों और योगी सरकार की किसान-समर्थक नीतियों के सहारे मात्र 4.09 हेक्टेयर

- राज्य स्तर पर मिली पहचान, राजभवन में राज्यपाल ने किया सम्मानित
- अमरूद व शिमला मिर्च का बड़ा उत्पादन कर कमाया पांच लाख का मुनाफा
- ड्रिप इरिगेशन का प्रयोग कर 4.09 हेक्टेयर में लगाई थी अमरूद और शिमला मिर्च की फसल

भूमि पर अमरूद और शिमला मिर्च की खेती से पांच लाख रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ कमाया है। यह उपलब्धि न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने में सफल रही, बल्कि जिले के अन्य किसानों के लिए भी एक मिसाल बन गई है। जिला उद्यान अधिकारी अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद अयोध्या में प्रगतिशील किसानों की आय बढ़ाने के लिए उद्यान विभाग लगातार कार्य कर रहा है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि वे पारंपरिक खेती से हटकर बागवानी और उच्च मूल्य वाली फसलों की ओर रुख करें। राजित राम जैसे किसान अब अन्य साथी किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। वे ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अपनी तकनीकों और अनुभव साझा कर रहे हैं। बता दें कि योगी सरकार ने पिछले वर्षों में किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। ड्रिप इरिगेशन, मल्चिंग और अन्य सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं पर सब्सिडी, बागवानी मिशन के तहत सहायता और बाजार उपलब्धता बढ़ाने के प्रयासों से किसानों की स्थिति मजबूत हुई है।

राजित राम ने बताया कि उन्होंने इस सीजन में 4.09 हेक्टेयर क्षेत्र में अमरूद और शिमला मिर्च की फसल लगाई। इसमें ड्रिप इरिगेशन, मल्चिंग, इंटरक्रॉपिंग और स्टेप क्रॉपिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का भरपूर उपयोग किया गया। सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (ड्रिप इरिगेशन) के कारण पानी की बचत हुई और फसल की गुणवत्ता बेहतर बनी। कुल निवेश लगभग 3.40 लाख रुपये रहा, जबकि उत्पादन से कुल आय 8.50 लाख रुपये हुई। इससे शुद्ध लाभ 5.10 लाख रुपये प्राप्त हुआ। उत्पादन में 20 टन अमरूद और 14 टन शिमला मिर्च शामिल थी। उन्होंने स्थानीय मंडियों के साथ-साथ मंडलीय स्तर पर भी विपणन किया, जिससे अच्छे भाव मिले। राजित राम की इस सफलता को राज्य स्तर पर भी सराहा गया। राजभवन में शुक्रवार को आयोजित फल-फूल एवं शाकभाजी प्रदर्शनी में उन्होंने भाग लिया, जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उनकी पीठ थपथपाई और सम्मानित किया। यह सम्मान उनके नवाचारपूर्ण कार्य



और किसानों की आय बढ़ाने में योगदान के लिए दिया गया। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे किसान प्रदेश की प्रगति के प्रतीक हैं और सरकार किसानों की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत है। अयोध्या जैसे पवित्र स्थल में जहां राम मंदिर के कारण पर्यटन और आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं, वहां बागवानी अमरूद और शिमला मिर्च जैसी फसलें न केवल स्थानीय बाजार में अच्छा दाम पाती हैं, बल्कि आसपास के शहरों में भी निर्यात की जा रही हैं। राजित राम कहते हैं कि मैंने लघु कृषक के रूप में औद्यानिक फसलों से शुरूआत की थी। पहले आर्थिक स्थिति सामान्य थी, लेकिन नवीन तकनीकों और सरकारी सहायता से आय कई गुना बढ़ गई। अब हमारी परिवार की स्थिति आशातीत रूप से बेहतर हो गई है। उनकी सफलता से सिहोरिया गांव और तारुन ब्लॉक के अन्य किसान भी प्रेरित हो रहे हैं।

## राज्य मंत्री खाद्य और रसद का जनपद आगमन आज

बहराइच। राज्यमंत्री, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार श्री सतीश चन्द्र शर्मा का 08 फरवरी 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. मंत्री 08 फरवरी 2026 को अपरान्ह 01:30 बजे किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच में आयोजित गुरू गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मा. राज्य मंत्री श्री शर्मा अपरान्ह 02:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

संक्षेप

## एमए की छात्रा लापता, केस दर्ज

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** कोतवाली जयसिंहपुर क्षेत्र से परीक्षा देने गई एक युवती लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कोतवाली जयसिंहपुर क्षेत्र के निवासी एक युवती बीते 27 जनवरी को सुबह करीब आठ बजे राजपति सिंह स्मारक कालेज डीहडग्गूपुर में एमए की परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी। बताया गया कि युवती कॉलेज में परीक्षा देने गई थी, लेकिन परीक्षा समाप्त होने के बाद वह देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारी व संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन युवती का कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों का शक है कि एक युवक तथा उसके परिजनों द्वारा युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने की आशंका है। आरोप है कि युवती को अज्ञात स्थान पर ले जाकर अवैध रूप से रोके जाने के साथ उसके साथ शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किए जाने की भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। पीड़ित परिवार ने किसी गंभीर अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 87 एवं 61(2) के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और युवती की बरामदगी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## इंडिया एंटी करप्शन फोर्स ने किया रक्तदान

**सुलतानपुर।** इंडिया एंटी करप्शन फोर्स ने मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर के मिश्रा और ब्लड बैंक प्रभारी डॉ संजय सिंह की उपस्थिति में रक्तदान किया। रक्त दाताओं में राजीव तिवारी उपाध्यक्ष, उमेश तिवारी सचिव, पंकज तिवारी सचिव शामिल हुए।संघ के महासचिव विपिन मिश्रा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। किसी का जीवन बचाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। राजीव तिवारी उपाध्यक्ष ने बताया कि किसी के शरीर में रक्त के रूप में प्रवाहित होकर प्राण सुरक्षित रखना बहुत परोपकार का कार्य है। सभी को बढ़चढ़ कर रक्तदान करना चाहिए।इस अवसर पर महासचिव विपिन मिश्र एडवोकेट, मीडिया प्रभारी संतोष पाण्डेय, एडवोकेट देवेंद्र पाठक विधिक सलाहकार, संतोष मिश्र सचिव, दिलीप सिंह नेताजी आदि उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से मामा-भांजे की मौत

**सुलतानपुर।** जयसिंहपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसके कारण मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। मृतक मामा-भांजे थे।जयसिंहपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी आर के चतुर्वेदी ने बताया कि मृतकों की पहचान अमित कुमार (22) और रघुवीर (20) के रूप में हुई है। दोनों शहर में मजदूरी करते थे और अपनी मोटरसाइकिल से दोस्तपुर से अपने घर लौट रहे थे। अमित मामा और रघुवीर उसका भांजा था।यह घटना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिंक रोड पर कालीगंज अंडरपास के पास की है। जानकारी के अनुसार सामने से आ रही एक कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बिरसिंहपुर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला



**कृषि के आधुनिकीकरण, किसानों की आय बढ़ाने, ऊर्जा क्षेत्र और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया है : विधायक**

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र के जयसिंहपुर विकासखंड मुख्यालय पर शनिवार को केंद्रीय बजट चौपाल कार्यक्रम में विधायक राज प्रसाद उपाध्याय उर्फ राजबाबू ने कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के साथ संवाद किया। उन्होंने केंद्रीय बजट को देश हित और जनकल्याणकारी बताया।चौपाल के माध्यम से विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला है और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम है। विधायक ने बताया कि बजट में ग्रामीण विकास, कृषि के आधुनिकीकरण, किसानों की आय बढ़ाने, ऊर्जा क्षेत्र और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया है, जिसका सीधा लाभ लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सड़क, सिंचाई, आवास और रोजगार से जुड़े प्रावधान क्षेत्र की प्रगति में मील का पत्थर साबित होंगे। विधायक ने कार्यकर्ताओं से बजट की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने और आमजन को लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।पत्रकारों से बात करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र की चीनी मिल को पूर्ववर्ती सरकारों ने लंबे समय तक नजरअंदाज किया, जिसके चलते उसकी स्थिति कमजोर हुई। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वर्तमान सरकार मिल और किसानों के हित में गंभीर प्रयास कर रही है। एसआईआर को लेकर सपा के पूर्व विधायक अरुण वर्मा द्वारा लगाए गए आरोपों को विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि फार्म सात का उपयोग पूरी तरह निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है और किसी भी वर्ग या समाज के साथ भेदभाव का सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता के लिए यह प्रक्रिया आवश्यक है। इस दौरान समाजसेवी प्रभाकर शुक्ल रिंकू भैया, भाजपा नेता रत्नेश तिवारी, शेष कुमार सिंह, अवधेश सिंह, विवेक सिंह, प्रधान बृजेश यादव, अंजनी यादव, विजयपाल सिंह, अरुण दुबे सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मेडिकल छात्रों ने ज्वैलरी शॉप पर किया हमला

**सिद्धार्थनगर।** माधव प्रसाद तिवारी मेडिकल कॉलेज के एनुअल फंक्शन के दौरान शुरू हुआ विवाद अब गंभीर हिंसा और कानून-व्यवस्था के सवाल में बदलता नजर आ रहा है। शुक्रवार को मुख्यालय स्थित श्री धनलक्ष्मी ज्वैलरी शॉप पर मेडिकल कॉलेज के छात्रों द्वारा किए गए हंगामे और मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद मामला और ज्यादा तूल पकड़ गया है। वीडियो में छात्रों द्वारा एक व्यक्ति को बेरहमी से पीटते हुए साफ देखा जा सकता है, वहीं एक महिला पीड़ित को बचाने के लिए बीच में हस्तक्षेप करती नजर आ रही है। ज्वैलरी शॉप के मालिक पंकज वर्मा ने बताया कि 29 जनवरी को मेडिकल कॉलेज में आयोजित एनुअल फंक्शन में उन्होंने प्रायोजक के तौर पर अपनी दुकान की स्टॉल लगाई थी स्टॉल पर उनके दो कर्मचारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सीट को लेकर मेडिकल छात्रों से विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। पंकज वर्मा के अनुसार, उस समय कॉलेज से जुड़े एक डॉक्टर द्वारा छात्रों को उकसाया गया, जिसके बाद कर्मचारियों की पिटाई हुई थी। शुक्रवार को दोबारा मामला पंकज वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को उसी विवाद की कड़ी में कुछ मेडिकल छात्रों ने उनकी ज्वैलरी शॉप पर हमला किया। छात्रों ने कर्मचारियों से बदसलूकी शुरू की। विरोध करने पर उन्होंने अपने अन्य साथियों को फोन कर बुला लिया। थोड़ी ही देर में दर्जनों छात्र दुकान पर जमा हो गए और जमकर हंगामा करने लगे। आरोप है कि छात्रों ने दुकान में घुसने की कोशिश की और मेन गेट तोड़ने का प्रयास किया। दुकान मालिक पर भी अभद्रता और मारपीट दुकान मालिक ने बताया कि जब उन्होंने छात्रों को समझाने की कोशिश की, तो उनके साथ भी अभद्रता की गई और मारपीट करने के लिए छात्र उन्हें मारने की कोशिश की गई। इस दौरान बाजार में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के दुकानदार दहशत में आ गए।

वीडियो में कैद हुई हिंसा घटना का वीडियो सामने आने के बाद पूरे घटनाक्रम पर सवाल उठने लगे हैं। वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि कुछ छात्र एक व्यक्ति को घेरकर लात-घूंसे मार रहे हैं, जबकि एक महिला पीड़ित को बचाने का प्रयास कर रही है। पुलिस जांच और सबूत पीड़ित पक्ष ने वीडियो फुटेज को सबूत के तौर पर पुलिस को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। वीडियो फुटेज सहित सभी साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है।

# निमिषा कान्वेंट स्कूल के छात्रों को मिली भावभीनी विदाई



**सलोन, रायबरेली।** निमिषा कान्वेंट स्कूल मटका में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह का उद्देश्य आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए छात्रों को शुभकामनाएं देना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विवेक शुक्ला और कोषाध्यक्ष नीलू शुक्ला के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या रीना मिश्रा ने विद्यार्थियों को भविष्य का मशाल वाहक बताते हुए उन्हें निरंतर मेहनत और ईमानदारी के साथ सफलता की ओर बढ़ने की सीख दी। इस अवसर पर कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गानों और रैंप वॉक के जरिए कार्यक्रम को रंगीन बना दिया। कार्यक्रम में हर्षमीत के गायन और अंजली सिंह के विदाई भाषण ने सभी को भावुक कर दिया। समारोह के दौरान, कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को यादगार चिन्ह और सैशे देकर सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में श्रेयष शुक्ला , अनुष्का सिंह ,रूद्र प्रताप सिंह, अपूर्वा मौर्य, सूर्यांश तिवारी, अंशिता पांडेय, आस्था ने शिक्षकों और जूनियर छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम धन्यवाद प्रस्ताव के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में कक्षा 11वीं की छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों प्रियंका सिंह कंचन लता राठौड़ संजय त्रिवेदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## रक्त की कमी होने पर गर्भवती महिलाओं को जिला मुख्यालय की नहीं लगानी होगी दौड़

**लालगंज, रायबरेली।** रक्त की कमी के चलते अब गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए जिला अस्पताल की दौड़ नहीं लगानी होगी। लालगंज अस्पताल में भी रक्त चढ़ाने की सुविधा उपलब्ध हो गई है। यह जानकारी देते हुए लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमल पटेल ने बताया कि लालगंज अस्पताल में पहली बार प्रसूता को सफलतापूर्वक चिकित्सकों ने रक्त चढ़ाया है और यह सब अधीक्षक डॉ अमल पटेल के अथक प्रयासों से संभव हो पाया है। उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में ब्लड बैंक की स्थापना हुई थी , जहां 24 नवंबर 2025 को पहली बार तीन यूनिट ब्लड भी भेजा गया था लेकिन जरूरी सुविधा न होने के चलते ब्लड बैंक में आए ब्लड को वापस जिला मुख्यालय भेज दिया गया था। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अमल पटेल की सजगता के चलते जरूरी सुविधाएं पूरी कराते हुए फिर से ब्लड भेजे जाने की डिमांड की गई थी। एक बार फिर से तीन यूनिट ब्लड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित ब्लड बैंक भेजा गया था। दो दिन पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के लिए भर्ती हुई महिला सुमन पत्नी प्रदीप का सकुशल प्रसव तो कराया गया लेकिन खून की कमी के चलते उसे स्वास्थ्य संबंधी समस्या सामने आ रही थी। उसका हीमोग्लोबिन लेवल जांच में केवल 7 था जिसके चलते उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही ए पाजिटिव ग्रुप का रक्त चढ़ाया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अमल पटेल ने बताया कि महिला पूरी तरह से स्वस्थ है। अब रक्त की कमी के चलते किसी मरीज को जिला मुख्यालय नहीं जाना होगा।

## गेगासो संकठा देवी मंदिर का होगा सुंदरीकरण पर्यटन विभाग की टीम ने किया सर्वे



**लालगंज, रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी के विशेष अनुरोध पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पर्यटन विभाग की टीम ने गेगासो गंगा घाट पहुंचकर मां संकठा देवी मंदिर परिसर का सर्वे किया है। पर्यटन विभाग का निरीक्षण कार्य मंदिर के आसपास सौंदर्यीकरण के बाबत हुआ है। जिला अध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने मुख्यमंत्री से मिलकर संकठा देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण के बाबत पत्र सौपा था और विशेष अनुरोध भी किया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शनिवार को दोपहर बाद पर्यटन विभाग की टीम गेगासो पहुंची और मंदिर क्षेत्र का अवलोकन किया। पर्यटन विभाग की टीम में मौजूद आर्किटेक्ट इंजीनियर सैफ खुर्शीद और हिमांशु दिवाकर ने बताया कि मंदिर के सामने विशेष प्रकार का छायादार शेड बनाया जाएगा। इसके अलावा इंटरलॉकिंग सहित शौचालय और नाली निर्माण के कार्य भी होंगे। मंदिर के सामने शेड बन जाने और सौंदर्यीकरण से निश्चित रूप से मंदिर की जहां शोभा बढ़ेगी वहीं श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलेगी। जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने बताया कि हमारी सरकार धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण के लिए विशेष रूप से कार्यकर रही है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे, सत्येंद्र बहादुर सिंह, राजेश निर्मल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गन्ना तौल के लिए किसानों को दो दिन तक करना पड़ रहा इंतजार



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** जयसिंहपुर क्षेत्र के गन्ना क्रय केंद्रों पर अव्यवस्थाओं के चलते किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है। गन्ना तौल न होने के कारण किसानों को दो-दो दिन तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। दिन-रात ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदे गन्ने की रखवाली करते हुए किसान खुले आसमान के नीचे डटे हुए हैं। किसान सहकारी चीनी मिल सुल्तानपुर में गन्ने की तौल बंद होने से हालात और बिगड़ गए हैं। धनऊडीह गन्ना क्रय केंद्र, जो लखनऊ बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे रामपुर के पास संचालित होता रहा है, पिछले दो वर्षों से यहीं लगाया जा रहा है, लेकिन इस बार मिल में तौल बंद होने और केंद्र को हैदरगढ़ स्थानांतरित किए जाने से किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। शनिवार को स्थिति यह है कि किसान हाईवे के किनारे ही गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां खड़ी कर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बाधित हो रहा है और किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। किसान विक्रम वर्मा ने बताया कि उन्होंने एक दिन पहले ही नंबर लगाया था, लेकिन अत्यधिक भीड़ के चलते दूसरे दिन तौल हो पाई। उन्होंने कहा कि चीनी मिल की दूरी अधिक होने के कारण तौल और लोडिंग की प्रक्रिया में काफी समय लग रहा है। वहीं जोनल इंचार्ज अभिजीत सिंह ने बताया कि प्रतिदिन तीन ट्रेलर गन्ने की लोडिंग कराई जा रही है। मिल गेट से भी काम किया जा रहा है और रात्रि आठ बजे तक लोडिंग की व्यवस्था चल रही है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**सुलतानपुर।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में जेल में निरुद्ध अमेठी के गौरीगंज थाने के सब्जी मंडी चौराहा निवासी सचिन जायसवाल को कोर्ट से राहत नहीं मिल पाई है। एफटीसी प्रथम के न्यायाधीश राकेश ने बचाव पक्ष व अभियोजन पक्ष के वकील अंकुर पांडेय की बहस सुनने के बाद आरोपी सचिन जायसवाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। बीते 14 जनवरी को पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि अमेठी कोतवाली के एक गांव की पीड़िता के साथ आरोपी ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था।

## आलमारी का ताला तोड़ जेवरात व नगदी चोरी

**परशदेपुर, रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर अलमारी का ताला तोड़कर बीस लाख के जेवरात व दस बोरी धान लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने परशदेपुर पुलिस चैकी में चोरी की तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल कर जल्द मामले के खुलासे का आश्वासन दिया। जानकारी के मुताबिक परशदेपुर चैकी क्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी हरेन्द्र सिंह बृहस्पतिवार को आशापुर गांव में परिवार सहित एक शादी कार्यक्रम में गए थे। शुक्रवार देर शाम घर पहुचे तो देखा कि कमरे का दरवाजा खुला था और अलमारी का सारा सामान इधर उधर बिखरा पड़ा हुआ था, अलमारी में रखे जेवरात गायब थे और बरामदे में रखा दस बोरी धान भी गायब था।इसकी सूचना परशदेपुर चैकी पुलिस को दी। सूचना पर पहुचे चैकी इंचार्ज मोहित कुमार भारद्वाज ने मामले की गहनता से जांच पड़ताल की। पीड़ित के मुताबिक सभी लोग एक शादी में शामिल होने गए थे वापस घर लौटे तो घर मे चोरी होने की जानकारी हुई। चोरों ने घर के दूसरे हिस्से में लगे दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी में रखे लगभग बीस लाख रुपए के जेवरात लेकर फरार हो गए। परशदेपुर चैकी में चोरी की तहरीर दी है। डीह थानाध्यक्ष जितेन्द्र मोहन सरोज ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है कार्यवाही की जा रही है

# फॉर्म 7 का दुरुपयोग करा रही भाजपा : वीरेंद्र यादव




**रायबरेली।** निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूचियों में एसआईआर के तहत जनपद रायबरेली के बूथों पर निर्वाचन कर्मियों द्वारा मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने, काटने, संशोधन हेतु क्रमशः फॉर्म 6, 7 व 8 भरे जा रहे हैं। सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा एसआईआर प्रक्रिया में फॉर्म 7 का सहारा लेकर बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी समर्थित मतदाताओं के नाम साजिशन वोटर लिस्ट से काटने का कुचक्र किया जा रहा है। यह आरोप समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव ने एक प्रेस वार्ता में लगाया।

उन्होंने कहा कि इसमें समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों के नाम भी फर्जी फॉर्म 7 भरे गये हैं इस अलोकतांत्रिक कार्य में भाजपा के नेताओं, पदाधिकारियों द्वारा बड़ी संख्या में फर्जी रूप से मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से कटवाने के लिए फॉर्म 7 कंप्यूटर से प्रिंटेड फॉर्म भराकर समाजवादी पार्टी समर्थित मतदाताओं के नाम काटने हेतु बूथों-बूथों पर बड़े बड़े बंडलों में बीएलओ एवं सुपरवाईजर के पास जमा करा रहें हैं इसकी लगातार शिकायत निर्वाचन से संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों से की जा रही है परन्तु प्रशासन अभी तक इस अनैतिक कार्य को रोकने में नाकाम है। विधानसभा क्षेत्र सलोन के 12 बूथों, विधान सभा सदर रायबरेली में 16 बूथों, ऊँचाहार विधानसभा क्षेत्र में पाँच बूथों, हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के 8 बूथों, सरेनी विधानसभा क्षेत्र के चार बूथों एवं बछरावां विधानसभा क्षेत्र के अनेको बूथों पर फर्जी फॉर्म 7 भरवाकर भारी संख्या में एक ही समुदाय के वोट काटने के लिए भाजपा नेताओं द्वारा निर्वाचन के अधिकारियों के पास जमा कराए गए हैं।

विधायक हरचंदपुर राहुल लोधी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र हरचंदपुर के बूथ संख्या 90,115,118,235,240,250,252 सहित कई बूथों पर बड़ी मात्रा में पीडीए मतदाताओं के फर्जी फॉर्म 7 जनपद के ताकतवर भाजपा नेता के द्वारा सपा का वोट काटने के लिये भराये गये हैं। प्रेस वार्ता को प्रदेश सचिव डा.शशिकांत शर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जब फॉर्म 7 भरने वाले आवेदक/शिकायतकर्ता की पहचान गलत मिल रही है।

# सदर तहसील में एसडीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**गोरखपुर।** सदर तहसील सभागार में आयोजित तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी सदर दीपक गुप्ता ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। तहसील दिवस में राजस्व, भूमि विवाद, कब्जा, चकरोड, पोखरी, निर्माण अवरोध समेत विभिन्न प्रकार के कुल 156 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 20 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश के साथ भेजा गया। तहसील दिवस में बड़ी संख्या में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से आए लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा, पैमाइश के बाद निशान मिटाए जाने, चकरोड खाली कराने, पोखरी की जमीन से अतिक्रमण हटाने, निर्माण कार्य में बाधा तथा पुरानी आदेशों के अनुपालन न होने जैसी शिकायतें दर्ज कराईं। एसडीएम दीपक गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में पूर्व में आदेश पारित हो चुके हैं, उनमें तत्काल प्रभाव से अमल सुनिश्चित कराया जाए। सार्वजनिक उपयोग की जमीन, पोखरी, रास्ते और सरकारी संपत्तियों पर कब्जे के मामलों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया।उन्होंने कहा कि फरियादियों को अनावश्यक दौड़ नहीं लगनी चाहिए। हर प्रार्थना पत्र पर पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण हो। जहां राजस्व और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई जरूरी है, वहां समन्वय बनाकर कार्यवाही की जाए। इस दौरान नायब तहसीलदार नीरू सिंह, नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने संबंधित मामलों में प्रार्थियों से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।तहसील दिवस में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे एसडीएम के सामने रखीं, जिससे कई मामलों में तत्काल राहत भी मिली।

## संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई कर राजस्व न्यायालयों का किया गया निरीक्षण



**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर के निदेर्शानुसार एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ द्वारा तहसील महराजगंज में, अपर जिलाधिकारी (विरा) अमृता सिंह द्वारा तहसील सदर में, डीएम (न्यायिक) विशाल कुमार यादव द्वारा तहसील डलमऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग कर जनसुनवाई की गई एवं राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण किया गया, जिसमें तहसीलदार/नायब तहसीलदार के न्यायालयों में लंबित अविवादित नामांतरण के प्रकरणों पर विशेष समीक्षा की गई। इसके साथ ही उपजिलाधिकारी न्यायालय में लंबित धारा 24 पैमाइश एवं खतौनी सुधार के लंबित मामलों की गहन समीक्षा की गई तथा समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये गये एवं सम्बन्धित पीठासीन अधिकारियों को एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों की प्रतिदिन सुनवाई कर वाद का गुणदोष के आधार पर निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये। सलोन तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम एसपी के न पहुंचने से फरियादियों को मायूस होकर लौटना पड़ा। समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश गौतम ने की । शनिवार को तहसील के सभागार में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और एसपी रवि कुमार को पहुंचना था।लेकिन वह किसी कारणवश नहीं पहुंच सके। उनके न पहुंचने से दूर दराज से अपनी समस्या लेकर पहुंचे फरियादियों को दिक्कते हुई, और उन्हें बैरंग लौटना पड़ा।

## गरीब, किसान, युवा महिला, और माध्यम वर्ग को समर्पित है यह बजट : राकेश सचान

**रायबरेली।** केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के बजट पर प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत संकल्प की दिशा में गरीब, किसान, महिला, युवा के सशक्तिकरण के लिए करीब 53.5 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक बजट के लिए प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री निर्मला सीता रमन का हार्दिक अभिनन्दन है। केन्द्रीय बजट उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति देने वाला बजट है। यह बजट गरीब, किसान, युवा महिला, और माध्यम वर्ग को समर्पित है। उन्होंने कहा कि बजट में खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहलश शुरू करने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी और बुनकरों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। एमएसएमई क्षेत्र के लिए 10,000 करोड़ रुपये के एसएमइ ग्रोथ फंड और जेम को टेन्ड्स से जोड़ने की घोषणा से छोटे उद्यमों को वित्तीय सहायता मिलेगी।

## भागवत कथा के माहात्म्य की अमृतवर्षा में डूबा सरैया मझौवा

**कूरेभार, सुलतानपुर।** कूरेभार क्षेत्र के सरैया मझौवा गांव में चल रही संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और ज्ञान की त्रिवेणी प्रवाहित होती रही। वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास पूज्य श्री मुकेश आनंद जी महाराज के श्रीमुख से भागवत महात्म्य की अमृतवर्षा होते ही पूरा कथा पंडाल भक्तिरस से सराबोर हो उठा। भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा श्रवण करते नजर आए।कथा व्यास ने भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीव के कल्याण का दिव्य मार्ग है। भागवत कथा सुनने मात्र से मन, बुद्धि और आत्मा का शुद्धिकरण होता है तथा जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने राजा परीक्षित और शुकदेव जी के संवाद का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि कलियुग में भक्ति ही सबसे सरल और प्रभावी साधन है, जो मनुष्य को भवसागर से पार लगाती है। पूज्य महाराज ने कहा कि भागवत कथा सुनने से मनुष्य के भीतर छिपे विकार समाप्त होते हैं और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास जागृत होता है। उन्होंने गृहस्थ जीवन में भक्ति, सदाचार और सेवा भाव अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि जिस घर में भागवत का पाठ होता है, वहां साक्षात श्रीहरि का वास होता है। कथा के दौरान भजनों की संगीतमय प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।कथा में मुख्य यजमान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे मौजूद रहे। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कथा के समापन पर आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। पूरे क्षेत्र में कथा को लेकर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और आगामी दिनों में श्रीकृष्ण लीलाओं के प्रसंगों के श्रवण को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना ही सफलता की कुंजी है

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन भावनात्मक एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह का शुभारंभ न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य एनएसपीएस सलेथू राजीव सिंह, प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति एवं उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। सरस्वती वंदना के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया।




कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में बिताए गए अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों, सहपाठियों एवं विद्यालय परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। अपने संघर्ष, उपलब्धियों और यादगार पलों को स्मरण कर कई विद्यार्थियों की आंखें नम हो गईं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में मिला मार्गदर्शन उनके व्यक्तित्व निर्माण में मील का पत्थर साबित हुआ है। विदाई समारोह में कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य एवं मधुर गायन ने समां बांध दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां समारोह का प्रमुख आकर्षण रहीं। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी विद्यार्थियों ने मिलकर उल्लासपूर्ण माहौल में कार्यक्रम का आनंद लिया।

संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना ही सफलता की कुंजी है। यह विद्यालय एक परिवार है, जहां प्रत्येक विद्यार्थी की प्रतिभा को निखारना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे समय का सदुपयोग करते हुए आगामी परीक्षाओं की तैयारी करें और सफलता के नए आयाम स्थापित करें। विदाई समारोह 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। एनएसपीएस मोस्ट एंटरटेनर स्टूडेंट का खिताब दीपशिखा जायसवाल, मोस्ट पॉपुलर स्टूडेंट कृतिका यादव, ऑल टाइम फेवरेट स्टूडेंट संयुक्त रूप से मोयना सिंह एवं जाह्नवी रस्तोगी, बेस्ट पर्सनालिटी स्टूडेंट वासिफा, बेस्ट स्पोर्ट्स पर्सन कृष्ण प्रताप सिंह, बेस्ट स्टूडेंट ऑफ एनएसपीएस रौनक सिंह तथा शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए पुष्पेंद्र शुक्ला एवं अर्पित यादव को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्राथमिक से कक्षा 12 तक की शिक्षा एनएसपीएस से प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नितिन सिंह, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, राकेश अवस्थी, शुभी सिंह, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## मनरेगा का नाम बदलने व बजट में कटौती के विरोध में कांग्रेस को प्रदर्शन

**मथुरा।** शनिवार दोपहर एक बजे मथुरा जिला मुख्यालय कांग्रेस के नारों से गूंज उठा। राष्ट्रीय आह्वान पर मथुरा जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार के खिलाफ मनरेगा का नाम बदलने और इसके बजट में कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार अपनी ह्लकुदृष्टिह्न से मनरेगा जैसी विश्वप्रसिद्ध जनहितकारी योजना को खत्म करने पर तुली है। पार्टी का कहना है कि सरकार ने अपनी सांप्रदायिक सोच के कारण न केवल योजना का स्वरूप बदला है, बल्कि इसके बजट और प्रावधानों को कमजोर करके ग्रामीणों को रोजगार के अधिकार से वंचित कर दिया है। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजा। इसमें मनरेगा का नाम बदलने का फैसला तुरंत वापस लेने और मजदूरों को 500 रुपये की न्यूनतम दिहाड़ी देने की मांग की गई है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा और सूचना के अधिकार के बाद अब रोजगार के अधिकार पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि ग्रामीण भारत की जीवनरेखा कही जाने वाली मनरेगा योजना को बचाने की गुहार लगाई जा रही है।

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। ग्राम नगला हुलासी निवासी युवक की अज्ञात ट्रक की टक्कर से मौत हो गई, जिससे गांव सहित आसपास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। ग्राम नगला हुलासी के करीब 25.30 ग्रामीण जसवंतनगर स्थित एमएस मैरिज होम में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होकर भोजन करने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली मॉडल तहसील से पहले हाईवे पर पहुंची, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आए एक अज्ञात ट्रक ने ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रॉली के पीछे बैठे महेंद्र प्रताप पुत्र विनोद, निवासी नगला हुलासी, गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी। घायल युवक को तत्काल सीएचसी जसवंतनगर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# यूजीसी के नियम ध्रुवीकरण व जातिवाद को बढ़ावा देने वाले



**मथुरा।** राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी शनिवार को वृन्दावन पहुंची। जहां ब्रज तीर्थ देवालय न्यास ने उनका स्वागत किया। तेजतर्रार राजनेता के रुप में जानी जाने वाली प्रियंका ने यूजीसी नियमों को लेकर सरकार का मुखर विरोध किया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि यूजीसी के नियम सामाजिक संतुलन और समावेश के लिए चिंताजनक हैं, जो ध्रुवीकरण और जातिवाद को बढ़ावा देने वाले हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि न्यायपालिका इसकी गंभीरता को समझते हुए दूरदर्शी फैसला देगी।

राज्यसभा सांसद और शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे की नेता प्रियंका चैधरी का शनिवार को तीर्थनगरी में गर्मजोशी से स्वागत हुआ। ब्रज तीर्थ देवालय न्यास की ओर से ब्रजमंडल के मंदिरों के सेवायतों द्वारा उन्हें राष्ट्र और जनहित में यूजीसी नियमों का संसद में जोरदार विरोध करने के लिए शॉल ओढ़कार सम्मानित किया गया। इससे पूर्व उन्होंने ठाकुर बांकेबिहारी महाराज के दर्शन किए। उन्होंने भगवान को माला और प्रसाद अर्पित किया। सेवायतों द्वारा उन्हें ठाकुरजी का प्रसादी चंदन, प्रसादी और अंगवस्त्र भेंट किया। न्यास की बैठक में उन्होंने कहा कि न्याय समावेशी होना चाहिए, जो सभी के हितों को साधने वाला हो।

यूजीसी के नियम यदि लागू होते तो यह छात्रों के बीच जातिगत आधार पर ध्रुवीकरण और असमानता के साथ ही छात्रों की सुरक्षा के लिए भी चिंताजनक होंगे। इसीलिए मैंने दृढ़ता से संसद में जनता का पक्ष रखा। अभी न्यायपालिका ने नियमों पर स्थगनादेष लगा रखा है। उन्हें भरोसा है कि नियम स्पष्ट और भेदरहित होंगे। भारत अमेरिका डील पर उन्होंने माना कि यह डील बराबरी की शर्तों पर नहीं हुई। उन्होंने कहा कि एनर्जी और एग्रीकल्चर सेक्टर में देशहित को ताक पर रखकर और तथ्यों को छिपाकर सरकार वाहवाही बटोरना चाहती है। मैंने दोनों ही मुद्दों पर सरकार को संसद मे घेरा है। प्रयागराज में हुए शंकराचार्य विवाद पर उन्होंने कहा कि वे हमारे धर्म के पथप्रदर्शक हैं। बटुकों के साथ मारपीट करना और शंकराचार्य को कालनेमि कहकर अपमानित करना नितांत गलत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धर्मपूर्वक अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। शंकराचार्य को प्रताड़ित करना बिल्कुल ठीक नहीं। जनता देख रही है और अब 2027 भी दूर नहीं।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसों को लेकर मण्डलायुक्त और डीआईजी ने की समीक्षा

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के संबंध में मण्डलायुक्त नगेन्द्र प्रताप और पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा मांट टोल प्लाजा पर यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी और मथुरा जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली गयी। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, एस0पी0 यातायात मनोज कुमार, क्षेत्राधिकारी मांट संदीप सिंह सहित यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी के अधिकारी मौजूद रहे।

यमुना एक्सप्रेसवे पर होने वाले सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा के दौरान मण्डल आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गए कि आगरा-नोएडा एक्सप्रेसवे पर दौड़ने वाले भारी वाहनों के परमिट की वैधता की जांच की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन वाहनों का परमिट नहीं है, उन वाहनों को एक्सप्रेसवे से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाए। साथ ही टोल पर स्कैनर और वाहन परमिट डाटाबेस संबंधित सॉफ्टवेयर इन्सटाल किया जाए, जिससे कोई बिना परमिट वाला वाहन टोल से गुजरे तो सॉफ्टवेयर पर अलर्ट अलार्म आ जाए, ताकि उस पर एक्शन लिया जा सके। एक्सप्रेस-वे के एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर गाइडलाइंस व हेल्पलाइन नंबर का विवरण लिखे तथा बड़े साइनेज बोर्ड लगाएं जाएं। इस दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक ने यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी द्वारा की जाने वाली प्रवर्तन कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि ओवरलोड और ओवरस्पीड वाहनों के विरुद्ध जुर्माने सहित कड़ी कार्रवाई की जाए। इमरजेंसी एग्जिट प्वाइंट को क्रियाशील बनाया जाए। डबल डैकर/स्लीपर बसें मानकों के अनुसार हों, मानकों के विपरीत चलने वाली



बसों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही अमल में लायी जाए। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस विभाग से समन्वय कर आपेक्षित कड़ी कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने निर्देश दिए कि समस्त अवैध कट को बंद करे, फेसिंग को दुरुस्त करे, लाइटिंग व्यवस्था बढ़ाए तथा पी0आर0वी0 की गस्त बढ़ाए।

## निषाद पार्टी ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**टूंडला।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश पर विधानसभा टूंडला के विधायक प्रेमपाल धनगर को निषाद पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारियो ने मझवार तुरैया आरक्षण की आवाज विधानसभा में उठाने हेतु ज्ञापन सौंपा। इस दौरान निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष श्रीनिवास निषाद ने कहा कि अब निषाद समुदाय जाग चुका है, और अपना संवैधानिक अधिकार लेकर रहेगा। मछुआ समुदाय उत्तर प्रदेश में 18 परसेंट की आबादी में निवास करता है, जिन जिन पूर्व की सरकारों ने मछुआ समुदाय के संवैधानिक अधिकार पर डाका डालने का काम किया उन सरकारों को मछुआ समुदाय ने सत्ता से हटाने का काम किया है। भाजपा सरकार केंद्र व प्रदेश में है भाजपा सरकार समय अनुसार मछुआ समुदाय का अनुसूचित जाति का आरक्षण लागू करती है, तो भाजपा को आने वाले चुनाव में बहुत बड़ा फायदा देखने को मिलेगा। इसी क्रम में टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर ने विधानसभा सत्र में मझवार, तुरैहा आरक्षण की आवाज उठाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालो में राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद के जिला अध्यक्ष बृजेश निषाद, जिला महासचिव प्रताप सिंह निषाद, मनोज निषाद, सावरेन सिंह निषाद, कालीचरण निषाद, चंद्रभान निषाद, बॉबी निषाद, सुनील निषाद आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एनडीडी कार्यक्रम के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया

**टूंडला।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एनडीडी कार्यक्रम 10 से 13 फरवरी तक तथा एमआर विशेष टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी तक बुधवार एवं शनिवार को छोड़कर के सफल क्रियान्वयन हेतु खंड शिक्षा अधिकारी के सहयोग से समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों के शिक्षकों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। जिसमें राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एनडीडी कार्यक्रम का उद्देश्य एवं महत्वएल्बेंडाजोल टैबलेट की आयु वार खुराक एवं सेवन की सही विधि, एमआर विशेष टीकाकरण अभियान की कार्य योजना, पात्र बच्चों की पहचान की प्रक्रिया, संभावित दुष्प्रभावों की पहचान एवं उनका प्रबंधन अभिलेख संधारण एवं रिपोर्टिंग की निर्धारित प्रक्रिया। प्रशिक्षण उपरांत सभी शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विद्यालयों में निर्धारित तिथियों पर शासन द्वारा निर्गत दिशा-निदेशों के अनुरूप कार्यक्रम का सुचारू, प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक सोनू चतुवेर्दी, डा. संजय सिंह, डा. संजीव, होतेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने किया कान्हा गौशाला का लोकार्पण

● प्रोजेक्ट अलंकार के तहत शिक्षा क्षेत्र को मिली करोड़ों की सौगात, विकास और सुशासन पर दिया जोर



**फिरोजाबाद।** उ0प्र0 सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने नगर पंचायत एका के ग्राम मछिरयाई में 165 लाख की लागत से नव निर्मित कान्हा गौशाला का भव्य लोकार्पण किया। 500 गौवंशों की क्षमता वाली यह आधुनिक गौशाला क्षेत्र में निराश्रित पशुओं के संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगी गौशाला के साथ-साथ पर्यटन मंत्री ने प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यो का लोकार्पण किया, इनमें टूण्डला स्थित राजकीय हाईस्कूल नियामतपुर जो 47.46 लाख की लागत से यहां मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण, 47.46 लाख की लागत से नगला सिरसागंज स्थित राजकीय बालिका इ0 कॉलेज में मल्टिपर्पज हॉल का निर्माण, इन निर्माण कार्यों से स्थानीय छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और बहुउद्देशीय गतिविधियों के लिए आधुनिक ढांचा प्राप्त होगा, इस दौरान पर्यटन मंत्री ने उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार अंतिम पायदान पर खडे.व्यक्ति तक विकास पहुचाने के लिए प्रतिबद्ध है, आज उत्तर प्रदेश भयमुक्त शासन की मिशाल बन चुका है, जिसके कारण देश-विदेश के उद्यमी यहां निवेश करने हेतु लालायित है, हम न केवल पीड़ितों को न्याय दे रहें है, बल्कि प्रदेश को नये वैभव और उपलब्धियों के पथ पर ले जा रहें है, उन्होंने अधिकारियों और जिम्मेदार नागरिको को निर्देश दिये कि वह नव निर्मित गौशाला का नियमित निरीक्षण, परीक्षण और अवलोकन करते रहें, ताकि गौवंशों की सेवा में कोई कमी न आऐ, उन्होने क्षेत्र में पर्यटन को बढावा देने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों को भी रेखांकित किया, उन्होने कहा कि आज जनपद में विश्व स्तरीय ग्लास म्यूजियम बन रहा है, रपडी जैसा पर्यटन स्थल विकसित हो रहा है, बाबा नीम करौली और सामौर धाम जैसे धार्मिक पर्यटन स्थल भी विकसित हो रहे है, इस अवसर पर बोलेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जितना सम्मान लोगों का है, उतना सम्मान गौवंशों का भी होना चाहिए, जिलाधिकारी ने कहा कि हम इस बात के लिए कटिबद्ध है कि विकास कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुचायें और जनपद को विकास के शीर्ष पर ले जाए, इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और मुख्य विकास अधिकारी ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए, इस अवसर पर पर्यटन मंत्री और जिलाधिकारी के हाथों विभिन्न क्षेत्रों के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी सौपे गए, जिनमें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत विपनेश कुमार और इब्राहिम खान को चैक वितरित किया गया, जबकि सपना ललिता और उषा देवी को जो स्वय सहायता समूह से जुडी है उन्हे चैक और प्रशस्ति पत्र दिया गया, जबकि रीता देवी और अजय बाबू को प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत चाबी वितरित की गयी, जबकि धनबती, रहमत और सलामत को सीएमआवास योजनान्तर्गत चाबी वितरित की गयी, जबकि पीएम आवास योजनान्तर्गत रूपादेवी, धनपाल और संजय को पीएम आवास योजना शहरी के अंतर्गत चाबी भेंट की गयी, इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ ब्लॉक पंचायत अध्यक्ष कमलेश राजपूत, चैयरमेन मायादेवी आदि उपस्थित रहें। इसके अलावा सभी स्टॉलों का मंत्री जी ने अवलोकन किया और स्कूली बच्चों ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।


## पर्यटन मंत्री ने किया गौशाला का उद्घाटन

**फिरोजाबाद।** नगर पंचायत शिकोहाबाद में कांशीराम कॉलोनी के पास स्थित नवनिर्मित गौशाला का पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने डीएम रमेश रंजन के साथ उद्घाटन किया, सौ गौवंशों से युक्त यह गौशाला गौ संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, इस आधनिक गौशाला में बेसहारा गौवंशों के आश्रय और सेवा के समर्पण हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधाऐं व्याप्त है, इस गौशाला की सबसे बडी विशेषता है कि इसमें शहर के संभ्रांत नागरिकों स्थानीय उद्यमियों और जनता ने बढ़चढ़ कर आर्थिक योगदान दिया है, इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने कहा गौ सेवा भारतीय संस्कृति का मूल आधार है, यह गौशाला न केवल बेसहारा पशुओं को छत प्रदान करेगी, बल्कि यह समाज की एकजुटता का भी प्रतीक है, जिस तरह यहां के उद्यमियों और नागरिकों ने इसके निर्माण में सहयोग किया है, वह सराहनीय है, इस अवसर पर बोलते हुए डीएम ने कहा कि इस गौशाला को न केवल एक सरकारी भवन न मानकर इसे सामाजिक स्वरूप दिया जाये।

## दुष्कर्म, जबरन गौमांस खिलाने और पीड़िता का गर्भपात कराने के सह आरोपी को भेजा जेल

**सलोन, रायबरेली।** शादी का झांसा देकर होटल में दुष्कर्म जबरन गौमांश खिलाने और पीड़िता का गर्भपात कराने के प्रकरण में सलोन पुलिस एक्शन में है। घटना के सह आरोपी मोहम्मद मुकीम को पुलिस ने गिरफ्तार करके उसे जेल भेज दिया है। कोतवाली अंतर्गत पकसरावा निवासी एक दलित युवती को रसूलपुर के रहने वाले झोलाछाप डाक्टर मोहम्मद मुकीम ने शादी का झांसा देकर सलोन के ओयो होटल में ले गया था। आरोप था कि आरोपी द्वारा एक नही कई बार दुष्कर्म और गर्भ धारण होने पर बच्चा गिराया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उसने युवक पर शादी का दबाव बनाया तो आरोपी युवक उसे अपने घर के गया था जिसके बाद जबरन उसे गौमांश खिलाया गया। शादी करना है तो इस्लाम अपनाने के लिए मजबूर किये जाने लगा। वहीं पीड़िता की माँ की शिकायत पर हरकत में आई पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुख्य आरोपी समेत सात लोगों के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी मोहम्मद मुकीम को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

# गोवर्धन में मंडल आयुक्त, डीआईजी व महावन में डीएम-एसएसपी ने शिकायतें सुनीं







**मथुरा।** महावन तहसील में 7 फरवरी को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने फरियादों की शिकायत सुनी। वहीं गोवर्धन संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त और डीआईजी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं।

गोवर्धन तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मंडल आयुक्त नागेन्द्र प्रताप एवं डीआईजी शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 21 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन से जुड़ी रहीं। जमीनों पर अवैध कब्जा, अवैध कॉलोनी निर्माण और स्कूल की सरकारी जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा अतिक्रमण जैसे गंभीर मामले सामने आए। कमिश्नर ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए। प्राप्त 21 शिकायतों में से 7 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को लेकर कमिश्नर नागेंद्र प्रताप सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त अल्टीमेटम दिया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने तहसील महावन में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस/ तहसील दिवस में कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाना ही प्रशासन की प्राथमिकता है।

डीएम ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मुआयना करने तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करके पीड़ित लोगों को राहत पहुँचाने हेतु अधिकारियों को कडे.निर्देश दिये। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील महावन स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने साफ सफाई का विशेष जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सहायक रजिस्ट्रार कानूनगो / बी0आर0सी0 कक्ष, प्रभारी कंप्यूटर नकल खतौनी कक्ष, राजस्व अभिलेखागार सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी महावन कंचन ने अवगत कराया है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील महावन में कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसीलदार मांट ने अवगत कराया कि मांट तहसील में 37 शिकायतें प्राप्त हुई और 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी ने बताया कि गोवर्धन तहसील में 26 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसीलदार सदर ने अवगत कराया है कि तहसील दिवस में 17 शिकायतें प्राप्त हुई है तथा 01 का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता ने अवगत कराया कि छाता तहसील में 29 शिकायतें प्राप्त हुई है।

## जाम के झाम से त्रस्त है इटावा शहर

**इटावा।** जाम के झाम से त्रस्त इटावा शहर। नगर पालिका चौराहा हो या तिकोनिया, विजय नगर चैराहा हो या नौरंगाबाद चौराहा, भरथना चैराहा को या बस स्टैंड चौराहा हर जगह जाम ही जाम, अगर आप जल्दी में कही जाना चाहते है आपका कोई बीमार है तो समय से निर्धारित स्थान पर पहुंचे कि उम्मीद छोड़ दीजिए। जब तक चैराहों के किनारों पर फैला अतिक्रमण साफ नहीं होता जाम से मुक्ति नहीं मिल सकती। हर तरफ सड़कों पर फैला अतिक्रमण और काल बन कर दौड़ते ई रिक्शा, नगर के जाम में चार चांद लगा रहे है। व्यापारी दुकानों के आगे फुटपाथ और कही कही सड़कों पर कब्जा करना जन्मसिद्ध अधिकार मानते है तो वही राहगीरों के खून के प्यासे ई रिक्शा अपने रंग में दौड़ रहे है, इसके बाद भी जिम्मेदार चैन की बंसी बजा रहे है। क्योंकि जब जिम्मेदारों की गाड़ियों हूटर बजाते हुए निकलती है तो रास्ते खाली हो जाते है इस लिय उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।

## 35 शिकायतों में 7 का मौके पर ही निस्तारण





**फिरोजाबाद।** तहसील सिरसागंज में जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के साथ समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस दौरान राजस्व, पुलिस विकास समाज कल्याण जल निगम पंचायती राज से संबंधित कुल 35 मामले आए जिसमें 7 का मौके पर निस्तारण किया गया, जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को कडे.शब्दों में निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें, जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इस दौरान प्रेमचंद नामक प्रार्थी ने मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को तत्काल आदेशित कर उनकी समस्या का समाधान करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह प्रार्थी नीरज कुमार ने चारागाह भूमि से अवैध कब्जा हटाने की बात कही, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिरसागंज को सम्पूर्ण मामले की जांच कर उसकी समस्या से निजात दिलाने हेतु आदेशित किया, इसी तरह परवीन नामक महिला ने राशन कार्ड से अपने परिवारजन के नाम कटने की शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाई करने के आदेश दिए, इसी तरह जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को गंभीरतापूर्ण सुनते हुए, उनके तत्काल निस्तारण के आदेश दिए, इस दौरान उपजिलाधिकारी सिरसागंज तहसीलदार आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## राज्यपाल ने प्रादेशिक फल-पुष्प प्रदर्शनी 2026 का किया उद्घाटन

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति, उ.प्र. पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान (दुवासू), मथुरा, श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जन प्रांगण, लखनऊ में आयोजित 57वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2026 का उद्घाटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान एवं कृषि विपणन, दिनेश प्रताप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में किया।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदया ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। राज्यपाल ने प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित गोवर्धन पर्वत की आकर्षक प्रतिकृति की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने प्रदर्शनी में भाग लेने वाले प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित कर उनके योगदान की प्रशंसा की। अपने संबोधन में राज्यपाल महोदया ने कहा कि खेती, पशुपालन एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में वैज्ञानिक ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग समय की आवश्यकता है। उन्होंने डेयरी विकास, महिला सहभागिता तथा तकनीक आधारित कृषि को सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, बचत की आदत विकसित करने तथा पोषणयुक्त आहार को बढ़ावा देने की अपील की। राज्यपाल ने कहा कि किसानों, विशेषकर महिलाओं एवं युवाओं को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान कर कृषि एवं पशुपालन को अधिक लाभकारी एवं सतत बनाया जा सकता है। उन्होंने विश्वविद्यालयों एवं अनुसंधान संस्थानों से किसानों तक नवीन तकनीकों एवं ज्ञान के प्रभावी प्रसार का भी आह्वान किया।

# बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निर्णायक कदम





**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी महानगर एवं जिला इकाइयों द्वारा शहर के एक स्थानीय होटल में केंद्र सरकार द्वारा संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। वहीं पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री एवं मथुरा प्रभारी संदीप सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट देश के सर्वांगीण विकास का स्पष्ट रोडमैप है। यह बजट आर्थिक मजबूती के साथ-साथ सामाजिक संतुलन को भी साधने वाला है।

महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए स्वरोजगार, कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है, जिससे महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी।

वहीं मथुरा-वृंदावन नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि बजट में शहरी विकास, स्वच्छता, आवास और बुनियादी सुविधाओं के लिए किए गए प्रावधान नगर निकायों को और सशक्त बनाएंगे। इससे शहरों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट सुविधाएं और नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध होंगी। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि केंद्र का बजट मथुरा सहित देशभर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के संतुलित विकास को सुनिश्चित करता है। इसमें युवाओं के लिए रोजगार, स्टार्टअप और कौशल विकास के लिए किए गए प्रावधान भविष्य को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट मध्यम वर्ग को राहत देने के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा। उसी क्रम में जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला है। यह बजट आमजन के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने की मजबूत नींव रखता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और यह बजट उसी विजन को आगे बढ़ाने वाला है।

इस अवसर पर महापौर विनोद अग्रवाल जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे जिला महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर जिला सहकारी बैंक चेयरमैन निरंजन सिंह धनगर उपाध्यक्ष मंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी चंद्रपाल कुंतल ज्ञानेंद्र राणा संजय शर्मा अंकुर अग्रवाल जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा रामकिशन पाठक सत्यपाल चैधरी अनिल चैधरी विनीत शर्मा पार्षद विजय शर्मा नितिन चतुर्वेदी ललित गौतम मनोज सौनोठ हरिओम शर्मा एड. आदि मौजूद थे।

## संत प्रेमानंद के दर्शन के लिए खड़ी महिला को कार ने मारी टक्कर

**मथुरा।** वृंदावन श्रीराधा केलिकुंज के समीप संत प्रेमानंद के दर्शन के इंतजार में सड़क किनारे बैठे श्रद्धालुओं में उस समय हड़कंप मच गया जबकि एक तेज गति कार दौड़ती आई। इस घटना में गाजियाबाद से आई एक महिला श्रद्धालु घायल हो गई। कार सवार भाग खड़ा हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। रमनरेती पुलिस चैकी के समीप परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीराधा केलिकुंज के रास्ते में संत प्रेमानंद के दौरान दर्शन को बीतीरात श्रद्धालुओं की भीड़ सड़क किनारे बैठी थी। इसी दौरान तेज गति कार आई और श्रद्धालुओं की ओर जा पहुंची। परिक्रमा मार्ग में लगी रेलिंग से जा टकराई। इसे में





गाजियाबाद के थाना मुरादनगर के गांव बोहापुर निवासी श्रद्धालु महिला 40 वर्षीय नीलम गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए पुलिस ने एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है।

# सेमीकंडक्टर 2.0 को प्राथमिकता देगा भारत

## चिप डिजाइन, पारिस्थितिकी साझेदार, प्रतिभा को मिलेगा अवसर : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

बेंगलुरु। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 (आईएसएम 2.0) स्वदेशी चिप डिजाइन, उनके उत्पादन, पारिस्थितिकी साझेदार को आकर्षित करने और प्रतिभा के विकास को प्राथमिकता देगा।



मंत्री ने कहा कि सरकार सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने पर काम जारी रखेगी और दो नैनोमीटर नोड आकार तक के छोटे चिप्स का उत्पादन करने का लक्ष्य रखेगी। वैष्णव ने क्वालकॉम के एक कार्यक्रम में कहा सेमीकॉन 2.0 में सबसे पहली प्राथमिकता डिजाइन कंपनियां होंगी। ऐसी डिजाइन कंपनियां और स्टार्टअप जो उत्पाद डिजाइन कर सकें, उसे बाजार में ला सकें और भारत से अगले क्वालकॉम बन सकें। हमारा ध्यान स्टार्टअप की उस ऊर्जा को डीप-टेक में बदलने पर होगा। यह कार्यक्रम क्वालकॉम द्वारा भारत में विकसित अपनी 2-नैनोमीटर चिप की घोषणा के लिए आयोजित किया गया था। सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आईएसएम 2.0 के लिए I,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसका मुख्य जोर उद्योग के नेतृत्व वाले अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्रों पर है ताकि तकनीकी विकास को गति दी जा सके और भविष्य के लिए कुशल कार्यबल तैयार किया जा सके। वैष्णव ने कहा कि सरकार उपकरण निर्माताओं, रसायन निर्माताओं, गैस निर्माताओं और चिप के उत्पादन में सुधार करने वालों को साथ जोड़ने पर ध्यान देगी। मंत्री ने बताया कि सरकार ने 10 वर्षों में 85,000 सेमीकंडक्टर प्रशिक्षित प्रतिभाएं तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन केवल चार वर्षों के भीतर ही 67,000 प्रशिक्षित इंजीनियर तैयार हो गए हैं। उन्होंने बताया कि अब 315 विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को ईडीए टूल्स (चिप डिजाइन करने वाली प्रणाली) दिए गए हैं। छात्र अब खुद चिप डिजाइन कर रहे हैं और मोहाली की सेमीकंडक्टर लैब में उनका सत्यापन करा रहे हैं। क्वालकॉम इंडिया के प्रमुख सावी सोइन ने कहा कि कंपनी के चिप्स में इस्तेमाल होने वाली वैश्विक स्तर की बौद्धिक संपदा का एक बड़ा हिस्सा भारत में विकसित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका और भारत के बीच शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा को अंतिम रूप देने की घोषणा के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत सरकार इलेक्ट्रॉनिक्स और बौद्धिक संपदा (आईपी) से संबंधित मामलों पर अमेरिका के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है। भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने का आह्वान किया गया है। इसमें विशेष रूप से अमेरिकी चिकित्सा उपकरणों और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) वस्तुओं के व्यापार से जुड़ी बाधाओं का उल्लेख है। बयान के प्रभाव और इसके अपेक्षित असर के बारे में पूछे जाने पर वैष्णव ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय इस पर विवरण साझा करने वाला नोडल निकाय है, लेकिन जहां तक इलेक्ट्रॉनिक्स का सवाल है, भारत चर्चा में गहराई से शामिल है।

# आरएसएस किसी के खिलाफ नहीं : भागवत

एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भगवत ने शनिवार को कहा कि संघ किसी के खिलाफ नहीं है और ना ही वह सत्ता या लोकप्रियता चाहता है। भागवत ने जनसभा को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उभरी विभिन्न विचारधाराओं का उल्लेख किया, जिनका प्रतिनिधित्व राजा राम मोहन रॉय, स्वामी विवेकानंद और दयानंद सरस्वती सहित सुधारकों और नेताओं ने किया। उन्होंने कहा हालांकि फिर भी यह देखा जा रहा है कि समाज को दिशा देने और अनुकूल वातावरण बनाने का काम नहीं हो रहा है। भागवत ने कहा कि आरएसएस किसी के खिलाफ नहीं है, और किसी घटना की प्रतिक्रिया के रूप में काम नहीं करता है, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य देश में जारी सकारात्मक प्रयासों का समर्थन और उन्हें मजबूत करना है। भगवत ने कहा कि संघ कोई अर्धसैनिक बल नहीं है, भले ही वह नियमित पथ संचलन करता है और उसके स्वयंसेवक लाठी चलाते हैं, लेकिन इसे एक अखाड़े के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरएसएस राजनीति में भी शामिल नहीं है, हालांकि संघ से जुड़े कुछ लोग राजनीतिक जीवन में सक्रिय हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने वर्ष 1925 में आरएसएस की स्थापना से पहले के देश की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को एकै सुरक्षा वाल्वै के रूप में स्थापित किया, लेकिन भारतीयों ने इसे स्वतंत्रता संग्राम का शक्तिशाली साधन बना दिया। भागवत ने आरएसएस के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार का उल्लेख करते हुए उनके बचपन की



कठिन परिस्थितियों का वर्णन किया, जिसमें 13 वर्ष की उम्र में प्लेग से माता-पिता का निधन और उसके बाद हुई आर्थिक कठिनाइयां शामिल थीं। भागवत ने कहा कि हेडगेवार ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें उनके स्कूल के दिनों में वंदे मातरम् आंदोलन भी शामिल था। भागवत ने कहा कि जब उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की, तो नागपुर के कुछ लोगों ने उन्हें मेडिकल की पढ़ाई के लिए कोलकाता भेजने हेतु धन जुटाया, जहां वह क्रांतिकारी समूहों के सम्पर्क में आये। भागवत ने उस दौर की एक घटना को याद करते हुए कहा कि हेडगेवार नै कोकेनै नाम के कोडनेम से काम किया, जो कोकेनचंद्र नामक व्यक्ति से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि एक बार पुलिस की टीम, जो कोकेनचंद्र को गिरफ्तार करने आई थी, गलतफहमी में हेडगेवार को ही हिरासत में ले गई और यह घटना रास बिहारी बोस की किताब में दर्ज है।

## संक्षेप

### रिवोल्ट मोटर्स के ब्रांड एंबेसडर बने हार्दिक पांड्या

नई दिल्ली। रिवोल्ट मोटर्स ने आज भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। यह सहयोग एक महत्वपूर्ण समय पर हुआ है क्योंकि रिवोल्ट मोटर्स ने कई मॉडलों के विविध पोर्टफोलियो, देशव्यापी उपस्थिति, मजबूत सेवा बुनियादी ढांचे और अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से स्केलेबल विकास के लिए एक मजबूत नींव बनाई है।ब्रांड एंबेसडर के रूप में हार्दिक पांड्या ब्रांड की दृश्यता को बढ़ाएंगे, भारत के युवाओं और प्रदर्शन-उन्मुख दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ेंगे।

### टीटीके प्रेस्टीज का बीएलडीसी चिमनी रेंज लॉन्च

नयी दिल्ली। घरेलू और किचन अप्लायंसेज के क्षेत्र में भरोसेमंद नाम, टीटीके प्रेस्?टीज ने अपनी नई प्रीमिया बीएलडीसी चिमनी रेंज लॉन्च की है। यह रेंज खास तौर पर आधुनिक भारतीय रसोइयों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जिसमें दमदार परफॉर्मेंस, कम बिजली खपत और प्रीमियम डिजाइन का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है। यह तकनीक हैवी कुकिंग के दौरान भी धुआं, तेल और बदबू को तेजी से बाहर निकालती है। इसमें लगा उन्नत बीएलडीसी मोटर कम आवाज में ज्यादा असरदार काम करता है, जिससे किचन का माहौल शांत बना रहता है और बिजली की खपत भी काफी कम होती है। आसान इस्तेमाल के लिए इसमें जेस्चर और टच कंट्रोल्स के साथ आकर्षक कलर डिस्प्ले भी दिया गया है।

### डी एस पी मल्टी ऐसेट ओमनी फंड ऑफ फंड्स लॉन्च किया

नयी दिल्ली। डी एस पी म्यूचुअल फंड ने आज डी एस पी मल्टी ऐसेट ओमनी फंड ऑफ फंड्स लॉन्च करने की घोषणा की है, जो फंड स्कीम का एक ओपन-एंडेड फंड है, जिसका उद्देश्य उन व्यक्तियों के लिए इंवेस्ट को आसान बनाना है, जिन्हें बाजारों, टाइम ऐसेट आवंटन निर्णयों को ट्रैक करना या साइकिल में कई इंवेस्टमेंट का प्रबंधन करना कठिन लगता है। नया फंड ऑफर 5 फरवरी, 2026 को खुलेगा और 19 फरवरी, 2026 को बंद होगा।

### हरित मोबिलिटी से बदलेगा ब्रज का चेहरा

नयी दिल्ली । वृंदावन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को अब जाम, धुएं और अव्यवस्थित ट्रैफिक से जल्द राहत मिल सकती है। ग्रीन मोबिलिटी जोन (जीएमजेड) की शुरूआत को लेकर जिलाधिकारी मथुरा चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि यह योजना केवल यातायात सुधार की नहीं, बल्कि ब्रज की आध्यात्मिक शांति और पर्यावरणीय पवित्रता को लौटाने की दिशा में बड़ा कदम है। यह बातें उन्होंने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राहगीरी फाउंडेशन द्वारा आयोजित उच्चस्तरीय कार्यशाला में कहीं। मौके पर उन्होंने कहा कि श्रद्धालु यहां सुकून और भक्ति की भावना लेकर आते हैं, लेकिन भीड़ और प्रदूषण उनके अनुभव को प्रभावित करता है। जीएमजेड से यह स्थिति बदलेगी।

### शबद - रीत और रिवाज' जी5 पर शुरू

नयी दिल्ली। जी5 की ओरिजिनल सीरीज, 'शबद झ रीत और रिवाज' छह एपिसोड की दिल को छू लेने वाली बेहद शानदार कहानी है। जिसमें बाप-बेटे के रिश्ते के पीछे छिपे जज्बातों, पुरानी और नई पीढ़ी के अरमानों और अपनी दिल की आवाज सुनने के लिए जरूरी हिम्मत को बड़ी संजीदगी से दिखाया गया है।

# बाइक सवार की मौत मामला : दुर्घटना की सूचना न देने का आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी


नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा खोदे गए गड्ढे में बाइक सवार के गिरने की सूचना अधिकारियों को न देने के आरोप में एक उप-ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) दराडे शरद भास्कर ने बताया कि जांच के अनुसार, इस मामले की जानकारी पुलिस के संज्ञान में आने से कुछ घंटे पहले ही राजेश कुमार प्रजापति (47) को पता था कि कोई व्यक्ति गड्ढे में गिर गया है। पुलिस के अनुसार, एक प्रत्यक्षदर्शी विपिन सिंह, जो एक शादी में शामिल होने के बाद सागरपुर स्थित अपने घर लौट रहे थे, ने देखा कि एक मोटरसाइकिल खाई में गिर गई है और उन्होंने पास के एक गैरेज के सुरक्षा गार्ड को इसकी सूचना दी। पुलिस अधिकारी ने बताया, गार्ड ने तुरंत योगेश नामक एक मजदूर को सूचित किया, जिसने खाई में झांका और पाया कि मोटरसाइकिल की हेडलाइट जल रही थी और अंदर एक व्यक्ति दिखाई दे रहा था। पुलिस ने बताया कि फोन पर बातचीत के रिकॉर्ड से पता चला कि योगेश ने रात करीब 12:22 बजे प्रजापति को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद वह 15-20 मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गया।

# 100 एकड़ की परियोजना शुरू करेगी एमईटी झज्जर

एजेंसी

नयी दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआइएल) की अनुषंगी कंपनी मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप लिमिटेड (एमईटी) ने शनिवार को हरियाणा के झज्जर में अपनी एकीकृत टाउनशिप रिलायंस एमईटी सिटी के भीतर 100 एकड़ की एक नयी परियोजना शुरू करने की घोषणा की।

रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह ने रिलायंस एमईटी सिटी विकसित करने के लिए 8,250 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। इस एकीकृत स्मार्ट सिटी में जापान सहित 11 देशों की 650 से अधिक कंपनियां पहले ही अपने उद्योग स्थापित कर चुकी हैं। कंपनी ने एक बयान में मेट्रोपोलिस बाय एमईटी सिटी की शुरुआत करने की घोषणा की, जिसमें आवासीय और औद्योगिक दोनों तरह के भूखंड शामिल होंगे। यह नयी परियोजना कुल 140 एकड़ में फैली हुई है, जिसके पहले चरण में कंपनी ने 100 एकड़ जमीन बिक्री के लिए पेश की है। आवासीय श्रेणी में 112 वर्ग गज से लेकर 179 वर्ग गज तक के भूखंड उपलब्ध कराए गए हैं।




# तीसरी तिमाही में एसबीआई का एकल शुद्ध लाभ रिकॉर्ड 21,028 करोड़ रहा

मुंबई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शनिवार को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के वित्तीय नतीजे जारी किए, जिसके अनुसार बैंक का एकल शुद्ध लाभ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच कर 21,028 करोड़ रुपये रहा है।

शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक एकीकृत आधार पर सार्वजनिक क्षेत्र के इस बैंक का शुद्ध लाभ 13.06 प्रतिशत बढ़कर 21,317 करोड़ रुपये रहा। बैंक की एकल शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) सालाना आधार पर 9.04 प्रतिशत बढ़कर 45,190 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 41,446 करोड़ रुपये थी। ज्ञ ण में 15.14 प्रतिशत की वृद्धि से इसे समर्थन मिला, हालांकि घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 0.03 प्रतिशत घटकर 3.12 प्रतिशत रह गया। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की गैर-ब्याज आय 15.65 प्रतिशत बढ़कर 8,404 करोड़ रुपये रही। बैंक का कुल खर्च I,08,052 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान तिमाही में I,04,917 करोड़ रुपये था। जमा के मोर्चे पर बैंक ने इस तिमाही के दौरान 9.02 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। बैंक का ताजा स्लिपेज (फंसा हुआ कर्ज) 4,458 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल इसी तिमाही में 3,823 करोड़ रुपये था।

# हीरे, रत्नों के शुल्क मुक्त प्रवेश को उद्योग ने बताया ऐतिहासिक

एजेंसी

मुंबई। भारतीय रत्न एवं आभूषण उद्योग ने शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका में हीरे और रंगीन रत्नों के लिए शुल्क मुक्त प्रवेश की घोषणा का स्वागत किया है। उद्योग का कहना है कि यह एक टर्निंग पॉइंट है जिससे इस क्षेत्र को नयी मजबूती मिलेगी। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अध्यक्ष किरीट भंसाली ने एक बयान में कहा हम हीरे और रंगीन रत्नों के लिए शुल्क मुक्त पहुंच की घोषणा से बेहद उत्साहित हैं। पिछला साल हमारे लिए काफी मुश्किल रहा है, जिसमें हमारे सबसे बड़े बाजार (अमेरिका) को होने वाले कटे और पॉलिश किए गए हीरों का निर्यात 60 प्रतिशत से अधिक गिर गया था। भारत और अमेरिका ने शनिवार को एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति बनने की घोषणा की है, जिसके तहत दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर



आयात शुल्क कम करेंगे। इस ढांचे के तहत जेनरिक दवाओं, रत्नों, हीरों और विमान के पुर्जों सहित कई वस्तुओं पर शुल्क घटकर शून्य हो जाएगा। इससे भारतीय उत्पादों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता और मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा। भंसाली ने बताया कि इस समझौते के तहत आभूषणों पर शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे तत्काल राहत मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पूर्ण समझौता होने के बाद हीरे और रंगीन रत्नों पर शुल्क पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि परिषद ने लैब में तैयार हीरों (एलजीडी) और कृत्रिम रत्नों को भी अमेरिकी शुल्क छूट की सूची में शामिल करने का मुद्दा सरकार के सामने उठाया है। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा कि शुल्क शून्य होने से भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में अभूतपूर्व पहुंच मिलेगी। उन्होंने कहा यह सफलता हमारी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करती है और यह सुनिश्चित करती है कि हमारे कारीगरों की कला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उचित कीमतों पर पहुंचे।

# मणिपुर में प्रदर्शन के बाद सामान्य हो रहे हालात

एजेंसी

इंफाल/चुराचांदपुर। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में दो दिन के विरोध प्रदर्शनों के बाद शनिवार सुबह कुछ हिस्सों में सामान्य स्थिति बहाल होने लगी। पुलिस ने यह जानकारी दी। कुकी-जो और हमार समुदायों से ताल्लुक रखने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन विधायकों ने जातीय संघर्ष से प्रभावित राज्य में सरकार बनाने के लिए मेइती विधायकों के साथ हाथ मिलाया, जिसके बाद बृहस्पतिवार को हिंसक प्रदर्शनों की शुरुआत हुई। वाई खेमचंद सिंह के नेतृत्व वाली सरकार में विधायक नेमचा किपगेन उपमुख्यमंत्री बनीं जबकि एल एम खौंते और एन सनाते ने उनका समर्थन किया। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन मुख्य रूप से चुराचांदपुर कस्बे में



तुइबोंग और कांगवाई के बीच के क्षेत्र तक ही सीमित रहे, जबकि पहले हिंसा जिला मुख्यालयों तक फैल गई थी। चुराचांदपुर कस्बे के अधिकांश इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियां फिर से शुरू हो गईं लेकिन तुइबोंग क्षेत्र में कई दुकानें बंद रहीं। पुलिस के मुताबिक, किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। कुकी बहुल चुराचांदपुर में दो आदिवासी संगठनों ने पूर्ण बंद का आह्वान किया जबकि कांगपोकपी और तेंगनुपाल जिलों में रैलियां निकाली गईं, जिनमें विधायकों पर अपने समुदाय के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया गया। कुकी-जो समूह अपने लिए एक अलग प्रशासनिक इकाई की मांग कर रहे हैं। मई 2023 में भड़की हिंसा ने राज्य को जातीय आधार पर बुरी तरह से विभाजित कर दिया और दोनों समुदायों के सदस्य एक-दूसरे के क्षेत्रों में जाने से कतराते हैं। जातीय संघर्षों में 260 से अधिक लोग मारे गए थे और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। बुधवार को सिंह के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले राज्य में एक वर्ष से राष्ट्रपति शासन लागू था। इस बीच, जोमी जनजाति की सर्वोच्च संस्था जोमी परिषद ने सरकार में शामिल हुए तीनों विधायकों को तीन दिनों के भीतर कार्यालय में पेश होने के लिए तलब किया है। चुराचांदपुर स्थित नागरिक संगठन ने शुक्रवार रात को जारी एक बयान में कहा कि इन विधायकों को इस उम्मीद के साथ चुना गया था कि वे समुदाय के अधिकारों, आवाजों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## पेज एक का शेष

### उत्तराखंड दौरे

अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम किया। शनिवार सुबह उन्होंने अपने गांव के बड़े-बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बालप्रेम उमड़ आया। उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी दी। सीएम योगी ने एक बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसे प्रेम से खिलाया। बच्चों ने भी सहज भाव से मुख्यमंत्री से बातचीत की। इस दौरान, गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ सेल्फी भी ली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अपने परिजनों से भी मिले, सभी का कुशलक्षेम जाना। सीएम योगी की विनम्रता, सरलता व सहजता देखकर स्थानीय लोग भी भाव-विभोर हो गए। इसके बाद अपने गांव में भ्रमण पर निकले मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों व परिचितों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को दुलार किया। भ्रमण के दौरान मार्ग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक बच्चे ने फूल भेंट किया तो उन्होंने मासूम को खाने का सामान दिया। बच्चे ने वह सामान वहां खड़े अपने दादा को दे दिया। इस पर मुख्यमंत्री ने मुस्कुराते हुए प्यार भरे शब्दों में बच्चे से कहा, ह्यहम भी तेरे दादा लगते हैं। ह्ल गांव में भ्रमण के दौरान योगी आदित्यनाथ ने ग्रामीणों को गांव में रहने और खेतीबाड़ी करने के लिए प्रेरित किया।

### भारत की

है। उन्होंने कहा कि भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण और एल मुरुगन तमिलनाडु से हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, तमिल प्रवासी कई सदियों से यहां रह रहे हैं। इस इतिहास से प्रेरित होकर, हमें मलय विश्वविद्यालय में तिरुवल्लुवर चेयर की स्थापना करने पर गर्व है। अब हम अपनी साझा विरासत को और मजबूत करने के लिए अपना तिरुवल्लुवर केंद्र स्थापित करेंगे। मोदी ने कहा कि उन्हें मलेशिया में आकर बहुत खुशी हो रही है, जो 2026 में उनकी पहली विदेश यात्रा है। उन्होंने कहा भारत हमेशा आपका खुले दिल से स्वागत करेगा। इसीलिए, कुछ महीने पहले ही हमने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए भारतीय मूल के मलेशियाई नागरिकों को छठी पीढ़ी तक ओसीआई कार्ड के लिए पात्र घोषित किया है।

### भारत के

वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क पहले के 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। अमेरिका ने अगस्त, 2025 में रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा दिया था। यह पहले से लगाए गए 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क के अलावा था। इस वजह से भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया था। इससे भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ था, क्योंकि अमेरिका उनका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। शुल्क में कमी से वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबर, जैविक रसायन, गृह सज्जा, हस्तशिल्प उत्पाद जैसे भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों और कुछ मशीनरी के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, जेनेरिक दवाइयों, रत्नों और हीरों, तथा विमान के कल-पुर्जों सहित कई प्रकार की वस्तुओं पर शुल्क शून्य हो जाएगा, जिससे भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धी क्षमता और मेक इन इंडिया को और बढ़ावा मिलेगा।

### 44 अरब डॉलर

घोषणा की है कि वे एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमत हो गए हैं, जिसके तहत दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे। इसके तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को मौजूदा 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, वहीं भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं। गोयल ने संवाददाताओं से कहा, लगभग 44 अरब डॉलर मूल्य का भारतीय निर्यात (अमेरिका को) शून्य जवाबी शुल्क पर जाएगा।

जहां लगभग 30 अरब डॉलर मूल्य की भारतीय वस्तुओं पर 18 प्रतिशत शुल्क लगता रहेगा (जिसमें श्रम-प्रधान क्षेत्रों की वस्तुएं शामिल हैं), वहीं 12 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं (इस्पात, तांबा और कुछ वाहन घटक सहित) के शुल्क में कोई बदलाव नहीं होगा। इस्पात, एल्युमीनियम, तांबा और वाहन घटक पर ये शुल्क सभी देशों पर समान रूप से लागू होते हैं। इसलिए ये केवल भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रभावित नहीं करते हैं। इन उत्पादों पर अमेरिका में 50 प्रतिशत शुल्क लगता है। गोयल ने कहा कि शुल्क में कमी से कपड़ा, परिधान, चमड़ा और जूते-चप्पल जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात को तत्काल बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, जिस अंतरिम समझौते को अंतिम रूप दिया गया है, उसे जल्द ही हमारे संभावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली किस्त में बदल दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि यह समझौता 2030 तक 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा।

### एमएसएमई को

वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे। अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को मौजूदा 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, वहीं भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। सीतारमण के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, भारत ने अपने कृषि और पशुपालन क्षेत्रों की संवेदनशीलता को सुरक्षित रखा है। यह ढांचा प्रमुख कृषि और डेयरी उत्पादों, मसालों और मुख्य खाद्य पदार्थों की रक्षा करता है, जिससे किसानों की आय मजबूत होगी। इसमें कहा गया है कि यह ढांचा डिजिटल सेवा क्षेत्र में भारत के नेतृत्व को मजबूत करेगा। साथ ही संयुक्त प्रौद्योगिकी सहयोग भारत को एआई, डेटा और डिजिटल सेवाओं के केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

### एपस्टीन

दिया गया है। एपस्टीन के साथ संबंधों के बारे में पूर्व में हुए खुलासों के बाद स्टार्मर ने सितंबर में मैंडेलसन को पद से हटा दिया था। अब ब्रिटेन की पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या मैंडेलसन ने एपस्टीन को संवेदनशील सरकारी जानकारी देकर कार्यालय में कदाचार किया था। स्टार्मर ने एपस्टीन के पीड़ितों से माफ़ी मांगी है और सार्वजनिक दस्तावेज़ जारी करने का वादा किया है जो दिखाएगा कि जब मैंडेलसन को राजदूत पद के लिए चुना जा रहा था तो उसने झूठ बोला था। एपस्टीन फाइल राजघरानों, नेताओं, अरबपतियों, बैंकरों और शिक्षाविदों के उस वैश्विक नेटवर्क का खुलासा करती हैं जो अमीर फाइनेंसर ने अपने आसपास बनाया था। संयुक्त राष्ट्र में स्वीडिश अधिकारी जोआना रुबिनस्टीन ने 2012 में एपस्टीन के कैरेबियाई द्वीप की यात्रा के खुलासे के बाद पद छोड़ दिया। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मिरोस्लाव लाजकैक ने एपस्टीन के साथ अपने संवाद को लेकर इस्तीफा दे दिया, जिसमें दोनों ने खूबसूरत लड़कियों पर चर्चा की थी।

लातविया, लिथुआनिया और पोलैंड ने दस्तावेजों की व्यापक आधिकारिक जांच शुरू की है। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा कि एक टीम संभावित पोलिश पीड़ितों और एपस्टीन और रूसी गुप्त सेवाओं के बीच किसी भी संबंध की फाइल की जांच करेगी। नॉर्वे जैसे कुछ देश एपस्टीन के खुलासों से काफी प्रभावित हुए हैं। देश की आर्थिक अपराध इकाई ने एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री थोरबजर्न जगलैंड के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच शुरू कर दी है। जगलैंड एक बार नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान करने वाली समिति के प्रमुख भी थे। नब्बे के दशक के इज़राइल-फलस्तीनी शांति प्रयासों में प्रमुख भूमिका निभाने वाले नॉर्वे के राजनयिक टेरजे रोड-लार्सन और मोना जूल भी जांच के दायरे में हैं। अमेरिका में भी कई चर्चित हस्तियों को एपस्टीन के साथ अपने मैत्रीपूर्ण संबंधों को लेकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। पूर्व अमेरिकी कोषागार मंत्री लैरी समर्स को पिछले साल के अंत में हार्वर्ड विश्वविद्यालय में शैक्षणिक पदों से छुट्टी पर जाना पड़ा। नयी फाइल जारी होने के बाद ब्रैड कार्प ने पिछले हफ्ते शीर्ष अमेरिकी लॉ फर्म पॉल वीस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया, और नेशनल फुटबॉल लीग ने कहा कि वह न्यूयॉर्क जाइंट्स के सह-मालिक स्टीव टिश के साथ एपस्टीन के संबंधों की जांच करेगी। एपस्टीन के कुछ पूर्व सहयोगियों को अभी तक गंभीर प्रतिबंध का सामना नहीं करना पड़ा है, जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व रणनीतिकार स्टीव बैनन शामिल हैं। कारोबारी एलन मस्क का भी नाम फाइल में आया है, जिन्होंने ईमेल में द्वीप का दौरा करने की चर्चा की, लेकिन उनका कहना है कि उन्होंने कभी यात्रा नहीं की।

### उत्तराखण्ड के

हो चुका है। इसी अवधि में राज्य की सकल घरेलू उत्पाद 2.54 लाख करोड़ से बढ़कर 4.74 लाख करोड़ हो गई है, जो मजबूत होती अर्थव्यवस्था का संकेत है। संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विशेषज्ञों, विभागीय अधिकारियों और सामाजिक संगठनों ने विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े व्यावहारिक सुझाव रखे। ग्रामीण अंचलों के लिए संसाधन बढ़ाने, पंचायतों को और अधिक सक्षम बनाने, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली लागू करने पर विशेष जोर दिया गया। शहरी विकास के संदर्भ में नगर निकायों की वित्तीय सशक्तता, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग, आधारभूत सुविधाओं के रखरखाव और राजस्व साझेदारी जैसे प्रस्ताव सामने आए। कृषि एवं बागवानी क्षेत्र में उच्च मूल्य फसलों को प्रोत्साहित करने, आधुनिक भंडारण एवं प्रसंस्करण सुविधाओं का विस्तार, किसानों और विभागीय कर्मियों का तकनीकी प्रशिक्षण तथा दूरस्थ क्षेत्रों के कृषकों के लिए विशेष सहायता की आवश्यकता रेखांकित की गई। फल उत्पादन पर दी जाने वाली सब्सिडी में उल्लेखनीय वृद्धि का सुझाव भी दिया गया। उद्योग क्षेत्र में पर्वतीय इलाकों में उद्योग स्थापना, लघु एवं मध्यम उद्यमों को समर्थन और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन पर बल दिया गया।

### अखिलेश दास

सफल आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पैराशूट ड्रिल ने कार्यक्रम की गरिमा एवं सौंदर्य में उल्लेखनीय वृद्धि की। अभिभावकों की सहभागिता हेतु आयोजित माताओं एवं पिताओं की विशेष दौड़ ने आयोजन को और अधिक आनंददायक बना दिया। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह, दृढ़ संकल्प एवं अनुकरणीय खेल भावना का परिचय दिया। अभिभावको के उत्साहवर्धन से वातावरण अत्यंत जीवंत एवं प्रेरणादायी बना रहा। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. आर.पी. सिंह ने विद्यार्थियों को खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाने हेतु प्रेरित किया तथा अनुशासन, टीम भावना एवं आत्मसंयम के महत्व पर बल दिया। इसके पश्चात आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजयी प्रतिभागियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजना स्वामी द्वारा सभी अतिथियों एवं आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ। निस्संदेह, यह वार्षिक खेल दिवस विद्यालय की समग्र एवं संतुलित शिक्षा की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है, जिसने विद्यार्थियों में शारीरिक दक्षता, आत्मविश्वास एवं सुदृढ़ खेल भावना के विकास को प्रोत्साहित किया।




# भारत ने अमेरिका को 29 रन से हराया

## टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत से शुरूआत,कप्तान सूर्या की फिफ्टी, सिराज को 3 विकेट

एजेंसी

मुंबई। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में जीत से शुरूआत की है। टीम ने शनिवार के आखिरी मैच में वरअ को 29 रन से हराया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत ने टॉस हारकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 162 रन बनाए। टीम इंडिया के शुरूआती 4 विकेट महज 46 रन पर गिर गए थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 49 बॉल पर 84 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। 162 रन का टारगेट चेज करते हुए वरअ की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 132 रन ही बना सकी। शुभम रंजने और संजय कृष्णमूर्ति ने 37-37 रन बनाए। जबकि मिलिंद कुमार ने 34 रन स्कोर किए। भारत से मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट झटके।



अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। टी-20 वर्ल्ड कप के ओपनिंग मैच में टीम इंडिया अमेरिका के खिलाफ 161 रन ही बना सकी। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 46 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 49 बॉल पर 84 रन बनाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। अमेरिका ने 2.1 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर 11 रन बना लिए हैं। टीम से साईतेजा मुक्कामाला और मिलिंद कुमार क्रीज पर हैं। मोहम्मद सिराज ने एंड्रीज गौस को दूसरे ओवर में कैच कराया। तीसरे ओवर में अर्शदीप सिंह ने मोनांक पटेल को भी पवेलियन भेज दिया। टीम इंडिया ने दूसरे ओवर में ही अभिषेक शर्मा का विकेट गंवा दिया था। छठे ओवर में वान शल्कविक ने ईशान किशन, तिलक वर्मा और शिवम दुबे को आउट किया।



पावरप्ले के बाद रिंकू सिंह, हार्दिकं पंड्या और अक्षर पटेल भी सस्ते में पवेलियन लौट गए। तीसरे ओवर में अमेरिका ने दूसरा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल अर्शदीप सिंह फुलर लेंथ आउट स्विंगर फेंकी। मोनांक पटेल फ्लिक करने गए, लेकिन मिड ऑफ पोजिशन पर कैच हो गए। अमेरिकी कप्तान खाता भी नहीं खोल सके। दूसरे ओवर में मोहम्मद सिराज के खिलाफ एंड्रीज गौस ने लॉन्ग ऑन की दिशा में छक्का लगा दिया। सिराज ने अगली गेंद डॉट कराई और फिर गौस को कवर्स पोजिशन पर कैच करा दिया। गौस 6 रन बनाकर आउट हुए। अमेरिका ने पहले ओवर में अर्शदीप सिंह के खिलाफ 2 रन बनाए। एक रन वाइड से और एक रन लेगबाय से बना। अमेरिका ने 162 रन के टारगेट का पीछा करना शुरू कर दिया है।

टीम से साईतेजा मुक्कामाला और एंड्रीज गौस क्रीज पर हैं। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने पहला ओवर फेंका। भारत ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 161 रन बना लिए हैं। सूर्यकुमार यादव ने 49 बॉल पर 84 रन की कप्तानी पारी खेली। वरुण चक्रवर्ती पारी की आखिरी गेंद पर 0 के स्कोर पर रन आउट हुए। भारत ने 140 रन पर 8वां विकेट गंवाया। 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर अर्शदीप 4 रन बनाकर आउट हुए। सूर्यकुमार यादव 43 गेंद पर 63 रन बनाकर नाबाद हैं। वान शल्विक ने 4 विकेट लिए। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 35 गेंद पर 50 रन बनाए। 18वें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की। 17वें भारत ने 7वां विकेट भी गंवा दिया है। यहां अक्षर पटेल 14 रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें हिम्मत सिंह ने कैच आउट कराया। हिम्मत को दूसरा विकेट मिला है। 16वें ओवर में भारतीय टीम ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। सूर्यकुमार यादव ने सौरभ नेत्रवलकर की पहली बॉल पर छक्का लगाकर टीम इंडिया का स्कोर 100 पार पहुंचाया। 16वें ओवर में नेत्रवलकर की गेंद पर 21 रन बनाए। अक्षर पटेल ने लगातार 2 चौके लगाए। कप्तान सूर्यकुमार आखिरी गेंद पर छक्का जड़ा। भारत ने 15 ओवर के बाद 6 विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव 36 रन और अक्षर पटेल 2 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत ने 14 ओवर के बाद 6 विकेट खोकर 86 रन बनाए हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव 28 गेंद पर 30 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ अक्षर पटेल खेल रहे हैं। भारत ने 77 रन पर 6वां विकेट गंवाया। हार्दिक पंड्या 6 गेंद पर 5 रन बनाकर हरमीत सिंह की गेंद पर कैच आउट हुए। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में भारतीय बल्लेबाजी बिखरी। मोहम्मद मोहसिन ने भारत को एक और झटका दे दिया। रिंकू सिंह भी पवेलियन लौट गए और अब आधी भारतीय टीम आउट हो चुकी है। ऑफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ पर गेंद डाली गई। रिंकू ने लॉन्ग-ऑन के ऊपर से बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही।

# श्रीलंका का सामना आयरलैंड से आज



कोलंबो। खराब दौर से गुजर रही श्रीलंकाई टीम टी20 विश्व कप ग्रुप बी के अपने पहले मैच में रविवार को आयरलैंड से खेलेगी तो पिछली निराशाओं को भुलाकर अपने घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने का मौका देने का इरादा होगा। भारत के साथ टूर्नामेंट की सह मेजबान श्रीलंका की तैयारी अच्छी नहीं रही है। उसे घरेलू टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड ने 3 . 0 से हराया। अब श्रीलंका उन गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगा। श्रीलंका की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रही है। इंग्लैंड के खिलाफ दबाव के हालात में उसके बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों नहीं चल सके। बारह साल पहले टी20 विश्व कप जीत चुकी श्रीलंका को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा और कागजों पर उसकी टीम मजबूत भी दिख रही है। श्रीलंका को पेचीदा ग्रुप मिला है जिसमें आस्ट्रेलिया भी है। आयरलैंड और जिम्बाब्वे उलटफेर कर सकते हैं और ओमान भी ग्रुप में है। दासुन शनाका की कप्तानी वाली टीम को हरफनमौला प्रदर्शन करना होगा और सीनियर खिलाड़ियों पर बड़ी जिम्मेदारी रहेगी। श्रीलंका के पास शीर्षक्रम में पाथुम निसांका और कुसल मेंडिस जैसे बल्लेबाज हैं। उनके अलावा कामिल मिशारा भी हैं जो बड़े टूर्नामेंट में अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। कुसल परेरा पर काफी कुछ निर्भर होगा जबकि मध्यक्रम में कामिंदु मेंडिस, चरित असलंका और जनिथ लियानागे भी हैं। तेज गेंदबाजी में दुष्मंता चामीरा और मथीषा पथिराना जिम्मा संभालेंगे लेकिन कंधे की चोट के कारण बाहर हुए ईशान मलिंगा की कमी खलेगी जिनकी जगह प्रमोद मधुशान खेल रहे हैं। स्पिन गेंदबाजी का मोर्चा वानिंदु हसरंगा संभालेंगे जबकि टीम में दुनिथ वेलालागे और महीष तीक्षणा भी हैं। दूसरी ओर आयरलैंड के प्रदर्शन का दारोमदार अनुभवी पॉल स्टर्लिंग , हैरी टेक्टर और जोश लिटिल पर रहेगा। आयरलैंड आठवीं बार टी20 विश्व कप खेल रहा है और 2009 के बाद से सारे टूर्नामेंट खेला है। उसने हाल ही में इटली और यूएई को हराया है और जीत की लय कायम रखना चाहेगा। अगर वह श्रीलंका को हरा देता है तो इस ग्रुप से सुपर आठ में पहुंचने का दावेदार हो सकता है।

## संक्षेप

### उत्तराखंड ने झारखंड पर कायम की बढ़त

जमशेदपुर। अवनीश सुधा, कुणाल चंदेला और जगदीश सुचित की अर्धशतकीय पारियों से उत्तराखंड ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन का समापन पांच विकेट पर 282 रन के साथ कर पहली पारी में झारखंड पर बढ़त कायम कर ली है। झारखंड की टीम पहली पारी में 235 रन पर आउट हो गयी थी। उत्तराखंड ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के चार रन से आगे से की। सलामी बल्लेबाज अवनीश सुधा ने 120 गेंदों में 64 रन की संयमित पारी खेली। उन्होंने साथी भूपेन लालवानी (24) के साथ पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। कप्तान कुणाल चंदेला ने 112 गेंदों में 68 रन की पारी के दौरान अवनीश के साथ 99 रन की साझेदारी कर झारखंड के गेंदबाजों को परेशान किया। इसके बाद स्पिन हरफनमौला जगदीश सुचित ने 135 गेंदों में 60 रन की नाबाद पारी के दौरान सौरभ रावत (70 गेंदों में 32) के साथ 64 रन की साझेदारी की। उत्तराखंड ने पांच विकेट रहते पहली पारी में झारखंड पर 47 रन की बढ़त कायम कर ली है। स्टंप्स के समय जगदीश के साथ शाश्वत डंगवाल (नाबाद 14) क्रीज पर मौजूद थे। उत्तराखंड के सभी बल्लेबाजों ने बेहद संयमित बल्लेबाजी की और झारखंड के गेंदबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिये। टीम के लिए इकलौता छक्का डंगवाल ने लगाया।

### जम्मू-कश्मीर पर मध्यप्रदेश ने की वापसी

इंदौर। जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां पूर्व चैंपियन मध्य प्रदेश के सात विकेट लेकर अपनी टीम को रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन पहली पारी में बढ़त दिलाई। जम्मू-कश्मीर के 29 वर्षीय तेज गेंदबाज नबी ने 40 रन देकर सात विकेट लिए और अकेले दम पर मध्य प्रदेश को 152 रन पर ढेर कर दिया। इससे जम्मू-कश्मीर को पूर्व रणजी चैंपियन के खिलाफ पहली पारी में 42 रन की बढ़त मिली। हालांकि इसके बावजूद जम्मू-कश्मीर अब भी मुश्किल में है क्योंकि दूसरी पारी में उसने स्टंप तक 84 रन पांच विकेट गंवा दिए थे। इससे उसकी कुल बढ़त सिर्फ 126 रन की है। इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए दिल्ली कैपिटल्स के साथ कई करोड़ का करार हासिल करने के बाद नबी जोश में थे। उन्होंने दिन में बेहतरीन खेल दिखाया और शीर्ष के साथ मध्यक्रम में कहर बरपाया। उन्होंने 14वें ओवर में हर्ष गावड़ी (10) और हिमांशु मंत्री (0) को आउट करके शुरूआत की।

# टी20 : अफगानिस्तान व न्यूजीलैंड आमने-सामने



एजेंसी

चेन्नई। उलटफेर करने में माहिर अफगानिस्तान जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के पहले मैच में रविवार को खेल के हर विभाग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

विश्व कप से पहले इस प्रारूप में न्यूजीलैंड का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है और भारत ने उसे श्रृंखला में 4-1 से हराया। टिम सीफर्ट और फिन एलेन के आने से शीर्षक्रम मजबूत लग रहा है लेकिन रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेवोन कोंवे को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत के खिलाफ मध्यक्रम की नाकामी न्यूजीलैंड को बहुत खली है। ऐसे में कोई कोताही महंगी पड़ सकती है क्योंकि इस ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका भी है। न्यूजीलैंड को अपने गेंदबाजों के भी फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी जो भारत के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए थे। लॉकी फर्ग्युसन ने भारत के खिलाफ एक ही मैच खेला लेकिन उनकी गेंदों में अतिरिक्त रफ्तार और विविधता देखी गई।

उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ अहम भूमिका निभानी होगी जबकि मिचेल सेंटनेर और लेग स्पिनर ईश सोढी उनका साथ देंगे। दूसरी ओर अफगानिस्तान काफी दमदार टी20 टीम है जिसने पिछले सप्ताह वेस्टइंडीज का श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। उसके पास काफी मैच विनर खिलाड़ी है लेकिन सबसे बड़ा स्टार राशिद खान है। दुनिया भर में टी20 लीग खेलने वाले राशिद की गेंदें अब उतनी रहस्यमयी भले ही नहीं रह गई हों लेकिन वह बेहद खतरनाक गेंदबाज हैं। उनका साथ देने के लिये मुजीबुर रहमान और नूर अहमद होंगे।

## पाकिस्तान ने नीदरलैंड को तीन विकेट से हराया

कोलंबो। निचले क्रम के बल्लेबाज फहीम अशरफ के 11 गेंद में 29 रन की मदद से पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के पहले मैच में शनिवार को नीदरलैंड को तीन विकेट से हराया। जीत के लिये 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान का स्कोर दस ओवर के बाद दो विकेट पर 90 रन था लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाये। एक समय 16 .। ओवर में सात विकेट पर स्कोर 114 रन था और उसे जीत के लिये 34 रन की जरूरत थी। आखिरी दो ओवर में पाकिस्तान को 29 रन चाहिये थे। अशरफ ने लोगान वान बीक की गेंद पर तीन छक्के और एक चौका लगाया और आखिरी ओवर में चौका जड़कर मैच तीन गेंद बाकी रहते पाकिस्तान के नाम किया। इससे पहले ओडाउड ने अशरफ का कैच 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर छोड़ा था जब वह सात रन पर थे। नीदरलैंड को इस कैच के छूटने की भारी कीमत चुकानी पड़ी। टी20 विश्व कप से पहले मैदान के बाहर की सुर्खियों ने पाकिस्तान की तैयारी को प्रभावित किया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाला मैच नहीं खेलने का फैसला किया है। पाकिस्तान के लिये साहिबजादा फरहान ने 31 गेंद में सर्वाधिक 47 रन बनाये जबकि सलामी बल्लेबाज सईम अयूब ने 13 गेंद में 24 रन का योगदान दिया।

# वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को हराया



एजेंसी

कोलकाता। शिमरोन हेटमायर की तूफानी अर्धशतकीय पारी और रोमारियो शेफर्ड की हैट्रिक सहित पांच विकेट से वेस्टइंडीज ने शनिवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में स्कॉटलैंड को 35 रन से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ने हेटमायर के 36 गेंद में 64 रन की आक्रामक पारी के दम पर पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 18.5 ओवर में 147 रन पर आउट कर दिया। शेफर्ड ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए तीन ओवर में 20 रन देकर इस प्रारूप में पहली बार पांच विकेट झटके। उन्होंने इस दौरान पांच गेंद के अंदर चार विकेट लिये जिसमें मैथ्यू क्रॉस, माइकल लीस्क और ओलिवर डेविडसन के विकेटों के साथ हैट्रिक पूरी की। यह शेफर्ड की चार महीने में दूसरी टी20 अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक है। उन्होंने इससे पहले अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ हैट्रिक ली थी। बांग्लादेश के हटने के बाद स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में भाग लेने की जानकारी केवल दो सप्ताह पहले मिली थी। उसकी गेंदबाजी अनुशासित दिखी लेकिन लक्ष्य का पीछा करते समय उनकी तैयारी की कमी साफ नजर आयी। वेस्टइंडीज ने इसके साथ ही 2022-23 में इस टीम से मिली हार का बदला भी चुकता किया।

टीम को कुछ दिनों पहले नेपाल से भी हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में टी20 में यह वेस्टइंडीज की एसोसिएट देश पर पहली जीत है। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंग्टन ने 24 गेंदों में 42 रन (तीन चौके और दो छक्के) की तेज पारी खेली, जबकि टॉम ब्रूस ने 28 गेंदों में 35 रन (एक चौका और दो छक्के) बनाए। इन दोनों की चौथे विकेट के लिए 47 गेंद में 78 रन की साझेदारी टूटने के बाद लगातार विकेट गिरने के कारण टीम काफी पीछे रह गयी। जेसन होल्डर बेरिंगटन को धीमी गेंद पर आउट कर 100 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने वाले वेस्टइंडीज के पहले गेंदबाज बने। हेटमायर ने भी शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए कवर पर जॉर्ज मन्सी एक हाथ से कैच लपका। इससे पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज हेटमायर ने 36 गेंदों में 64 रन की पारी के दौरान महज 22 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर टीम को धीमी शुरुआत से उबारा। वेस्टइंडीज की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही।

## राष्ट्रीय चैंपियनशिप में राजा को स्वर्ण, जेरेमी को कांस्य

मोदीनगर। तमिलनाडु के एम राजा ने शनिवार को यहां राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन जेरेमी लालरिननुंगा सहित मजबूत प्रतिस्पर्धियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता 26 वर्षीय राजा ने कुल 302 किग्रा (130 किग्रा स्नैच में, 172 किग्रा क्लीन एंड जर्क में) वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के चारु पेसी ने 296 किग्रा (129 किग्रा और 167 किग्रा) के कुल वजन के साथ रजत पदक हासिल किया। मिजोरम के जेरेमी का प्रदर्शन फीका रहा। 2018 युवा ओलंपिक चैंपियन कुल तीन प्रयासों में असफल रहे जिसमें दो स्नैच में रहे। उन्हें 295 किग्रा (133 किग्रा और 167 किग्रा) के कुल वजन के साथ कांस्य पदक पर संतोष करना पड़ा। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता शुभम टोडकर का अभियान निराशाजनक रहा। वह 263 किग्रा (118 किग्रा और 145 किग्रा) के कुल वजन के साथ सातवें स्थान पर रहे।

# टेनिस : बैगल झेलने के बाद नागल ने की वापसी

एजेंसी



बेंगलुरु। भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल ने पहले सेट में बिना कोई गेम जीते (बैगल) झेलने के बाद शानदार वापसी की, लेकिन लय बरकरार नहीं रख सके और शनिवार को यहां डेविस कप क्वालीफायर्स के पहले राउंड के मुकाबले में नीदरलैंड के गाए डे ओडेन के खिलाफ शुरुआती एकल मैच हार गए। इसके साथ ही भारत मुकाबीले में 0-1 से पीछे हो गया। नागल को दो घंटे 28 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 0-6, 6-4, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। अब भारत को मुकाबले में वापसी दिलाने की जिम्मेदारी दक्षिणेश्वर सुरेश पर है जिन्हें नीदरलैंड के नंबर एक और विश्व रैंकिंग में 73 नंबर पर काबिज जेस्पर डे जोंग से होगा।

पहले सेट में नागल पूरी तरह दबाव में नजर आए। डे ओडेन ने अपनी सर्विस पर सिर्फ एक अंक गंवाया और 38 मिनट में सेट अपने नाम कर लिया। नीदरलैंड के खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में बिना कोई अंक गंवाए सर्विस बरकरार की और तुरंत ही नागल पर दबाव बना दिया। 40-0 की बढ़त के बावजूद नागल ने दो डबल फॉल्ट और कई अनफोर्स्ड गलती करते हुए अपनी सर्विस गंवा दी। नागल फिर लड़खड़ा गए। अगली सर्विस गेम में फोरहैंड की गलतियों के चलते कई ब्रेक पॉइंट दे बैठे। इससे नीदरलैंड खिलाड़ी को 4-0 की मजबूत बढ़त मिल गई। सेट में बने रहने के लिए सर्व करते हुए नागल ने एक सेट प्वाइंट बचाया, लेकिन अगला गंवा बैठे और घरेलू दर्शकों के सामने 0-6 से सेट हार गए। दूसरे सेट में नागल ने ज्यादा जुझारूपन दिखाया। उन्होंने शुरुआती सर्विस गेम बिना कोई अंक गंवाए जीता। सातवें गेम तक दोनों खिलाड़ी सर्विस बचाते रहे। तीन ब्रेक पॉइंट गंवाने के बाद नागल ने चौथे मौके का फायदा उठाया। उन्होंने आक्रामक खेल दिखाया। इस बढ़त से उत्साहित नागल ने बिना कोई अंक गंवाए सर्व करते हुए 5-3 की बढ़त बनाई और आसानी से सेट जीतकर मुकाबले को 1-1 से बराबरी पर ला दिया।

निर्णायक तीसरा सेट बेहद रोमांचक रहा। दूसरे गेम में नेट की ओर तेजी से बढ़ते हुए फोरहैंड वॉली चूकने पर नागल सर्विस गंवा बैठे। बाद में उन्हें पांच ब्रेक प्वाइंट मिले जिनमें से एक को भुनाकर वे मुकाबले में बने रहे। लेकिन निर्णायक क्षणों में डे ओडेन ने फिर बढ़त बना ली। फिर नीदरलैंड को निर्णायक ब्रेक मिला और नागल के बैकहैंड वॉली नेट पर मारने से इसे जीत लिया। इसके बाद डे ओडेन ने सर्व करते हुए मैच जीत लिया और नीदरलैंड को ।-0 की बढ़त दिला दी।

इस मुकाबले का विजेता सितंबर में होने वाले क्वालीफायर्स के दूसरे राउंड में पहुंचेगा जबकि हारने वाली टीम विश्व ग्रुप एक में खेलेगी। वहीं दूसरी ओर भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल डीएलटीए पर 16 से 22 फरवरी तक होने वाले दिल्ली ओपन एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे जबकि ब्रिटेन के जे क्लार्क भी इसमें भाग ले रहे हैं। एकल मुख्य ड्रॉ में भारत से सिर्फ नागल को सीधे प्रवेश मिला है। चैलेंजर सर्किट पर लगातार खेलने वाले नागल घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहेंगे। प्रतिभाशाली मानस धामने और करण सिंह 15 फरवरी को एकल क्वालीफायर खेलेंगे। जापान के रेइ साकामातो रियो नोगुची और कजाखस्तान के बेइबित झुकायेव भी इसमें भाग ले रहे हैं।

# लखनऊ के अरुण कक्कड़ ने जीता दोहरे खिताब

खेल संवाददाता



लखनऊ। वेटरन खिलाड़ी लखनऊ के अरुण कक्कड़ ने अनिल कुमार ध्यानी की स्मृति में आयोजित योनेक्सझ्सनराइज यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में बेहतरीन कोर्ट कवरेज की बदौलत दोहरे खिताब अपने नाम कर लिए। अरुण कक्कड़ ने पुरुष एकल 70 वर्ष से अधिक में खिताबी जीत के साथ पुरुष युगल 65 वर्ष से अधिक की ट्रॉफी गोरखपुर के संजय श्रीवास्तव को हराते हुए जीत ली। दूसरी ओर लखनऊ की मधु ज्ञानचंदानी ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए महिला एकल 45 वर्ष से अधिक का खिताब अपने नाम किया। महिला एकल 50 वर्ष से अधिक में लखनऊ की सुषमा सिंह विजेता रही। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशसन के तत्वावधान में लखनऊ बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव एवं ख्याति प्राप्त बैडमिंटन खिलाड़ी स्वर्गीय अनिल कुमार ध्यानी की स्मृति में इस चैंपियनशिप का आयोजन बीबीडी यूपी बैडमिंटन एकेडमी, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में किया जा रहा है।

❍ योनेक्स-सनराइज यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026




चैंपियनशिप के तीसरे दिन पुरुष एकल 70 वर्ष से अधिक के फाइनल में लखनऊ के अरुण कक्कड़ ने पिछड़ने के बाद बेहतरीन खेल दिखाकर वापसी करते हुए बरेली के अनिल मेहरोत्रा को 15-21, 21-11, 21-7 से हराकर चैंपियन होने का गौरव हासिल किया। पुरुष युगल 65 वर्ष से अधिक के फाइनल में लखनऊ के अरुण कक्कड़ व गोरखपुर के संजय श्रीवास्तव ने अनिल कुमार भटनागर व पंकज गुप्ता (नोएडा/कानपुर) को 21-10, 21-16 से हराकर खिताब जीता। महिला एकल 45 वर्ष से अधिक में शीर्ष वरीय लखनऊ की मधु ज्ञानचंदानी ने गाजियाबाद की अनुराधा शर्मा को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 8-21, 21-13, 21-17 से हराकर खिताब जीता। मधु एक दिन पूर्व युगल खिताब जीत चुकी हैं। महिला एकल 50 वर्ष से अधिक के फाइनल में लखनऊ की सुषमा ने उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीय गाजियाबाद की सुनीता यादव को 21-4, 21-6 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की। मिश्रित युगल 60 वर्ष से अधिक के फाइनल में महेंद्र सिंह व रेखा सिंह (लखनऊ/गाजियाबाद) ने मृदुल बत्रा व ममता रानी यादव (बरेली/नोएडा) को 21-12, 21-13 से हराया। पुरुष एकल 55 वर्ष से अधिक के फाइनल में दूसरी वरीय कानपुर के पवन गुप्ता ने शीर्ष वरीय जौनपुर के धर्मेंद्र शर्मा को 21-18, 21-8 से हराया। पुरुष एकल 75 वर्ष से अधिक के फाइनल में वाराणसी के योगेंद्र कुमार जायसवाल ने लखनऊ के जगदीश सिंह कुशवाहा को 21-6, 21-2 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया ।मिश्रित युगल 45 वर्ष से अधिक के फाइनल में रविंद्र सिंह व कल्पना सिंह (नोएडा/लखनऊ) की जोड़ी चैंपियन बनीं जिन्होंने दूसरी वरीय लखनऊ के शैलेंद्र पावाह व मधु ज्ञानचंदानी की जोड़ी को 21-18, 21-11 से हराकर उलटफेर के साथ खिताब अपने नाम किया। चैंपियनशिप में चौथे व अंतिम दिन रविवार को भी कई मुकाबलों का आयोजन किया जाएगा।

❍ महिला वर्ग में लखनऊ की मधु की भी दोहरी खिताबी सफलता

# संविधान व लोकतंत्र पर भरोसा रखें

## माओवादियों के खिलाफ कार्रवाई से बस्तर में भय का अंत, विकास का नया सवेरा हो रहा:

एजेंसी



जगदलपुर (छत्तीसगढ़)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि माओवादियों के खिलाफ सरकार की निर्णायक कार्वाई ने बस्तर क्षेत्र में भय व अविश्वास के माहौल का अंत कर दिया है और विकास का एक नया सवेरा हो रहा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में तीन दिवसीय संभागीय स्तर के बस्तर पंडुम उत्सव का उद्घाटन करने के बाद हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल हुए लोगों से अपील कि वे संविधान और लोकतंत्र पर भरोसा रखें तथा शांति के मार्ग से विचलित करने की कोशिश करने वालों के बहकावे में नहीं आएं।

उन्होंने कहा, बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं ने हमेशा लोगों को आकर्षित किया है लेकिन दुर्भाग्य से यह क्षेत्र वर्षों तक माओवाद के खतरे से पीड़ित रहा। मुर्मू ने कहा कि नक्सलवाद ने युवाओं, आदिवासियों और दलितों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि माओवादी गतिविधियों से जुड़े लोग अब हिंसा छोड़ रहे हैं, जिससे क्षेत्र में शांति लौट रही है। राष्ट्रपति ने कहा भारत सरकार द्वारा माओवादियों के खिलाफ की गई निर्णायक कार्वाई के परिणामस्वरूप भय और अविश्वास का माहौल खत्म हो गया। मुर्मू ने कहा कि उन्हें सूचित किया गया है कि बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है और सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि मुख्यधारा में लौटने वाले लोग सामान्य और गरिमापूर्ण जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं और छत्तीसगढ़ सरकार की नियाद नेल्लानार पहल ग्रामीणों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुर्मू ने कहा कि गांवों में बिजली, सड़कें और पीने का पानी उपलब्ध हो रहा है जबकि वर्षों से बंद पड़े स्कूल फिर से खुल रहे हैं। उन्होंने इसे बेहद उत्साहजनक तस्वीर करार दिया। राष्ट्रपति ने कहा, सरकार के प्रयासों और जनता के सहयोग से बस्तर में विकास का एक नया सवेरा उदय हो रहा है। उन्होंने लोगों से व्यवस्था पर भरोसा रखने और कड़ी मेहनत एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया तथा लोकतंत्र को शक्ति का स्रोत बताया। राष्ट्रपति ने कहा, हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल हुए लोगों से मैं अपील करती हूं कि वे संविधान और लोकतंत्र में विश्वास रखें तथा गुमराह करने वालों के बहकावे में नहीं आएं। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से पिछड़े गांवों को विकास से जोड़ा जा रहा है। राष्ट्रपति ने व्यक्तिगत और सामुदायिक विकास की नींव के रूप में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आदिवासी बच्चों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आदिवासी क्षेत्रों में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय शुरू किए गए हैं। मुर्मू ने संविधान के सर्वोच्च पद तक पहुंचने की अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र की ताकत को दर्शाता है कि ओडिशा के एक छोटे से गांव की बेटी आज राष्ट्रपति के रूप में आपको संबोधित कर रही है। उन्होंने कहा, आपमें और भी अधिक साहस एवं शक्ति है। सरकार आपके प्रति समर्पित है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार समाज के गरीब, वंचित और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस बात पर जोर दिया कि इन वंचित तबकों का उत्थान सर्वोच्च प्राथमिकता बना हुआ है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ को पिछड़ा हुआ माना जाता था लेकिन ऐसा नहीं है।

इसकी भव्यता देखिए। छत्तीसगढ़ वैभव और समृद्ध संस्कृति से परिपूर्ण राज्य है। यह छत्तीसगढ़ के आदिवासी लोगों के कारण है। उनकी संस्कृति अमूल्य है।मुर्मू ने कहा, यह प्राचीन है, फिर भी बेहद खूबसूरत है। जिन लोगों ने इस समावेशिता और समानता को नहीं देखा है, उन्हें पांडुम उत्सव देखना चाहिए और इससे सीखना चाहिए। उन्होंने बस्तर क्षेत्र की अपार पर्यटन क्षमता पर प्रकाश डाला और इसका श्रेय उत्साही लोगों, प्राचीन संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता, झरनों व गुफाओं को दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि बेहतर सुविधाएं अधिक पर्यटकों को आकर्षित करेंगी। उन्होंने विश्व स्तर पर होमस्टे की लोकप्रियता को देखते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने इस दिशा में उचित कदम उठाए हैं। मुर्मू ने छत्तीसगढ़ के सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में दशकों तक निःस्वार्थ सेवा करने के लिए पद्म पुरस्कार 2026 के वास्ते चयनित डॉ. बुधी ताती, डॉ. रामचंद्र गोडबोले और उनकी पत्नी सुनीता गोडबोले को बधाई दी।

# जम्मू-कश्मीर आने वाले पर्यटकों का उत्साह बढ़ा : अमित शाह

एजेंसी



जम्मू। पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के कारण पर्यटन उद्योग को लगे झटके के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर आने के लिए देश भर से पर्यटकों का उत्साह कम नहीं हुआ है।

शाह केंद्र शासित प्रदेश में विकास परियोजनाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए जम्मू में एक समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, देश भर से जम्मू-कश्मीर आने वाले पर्यटकों का उत्साह कम नहीं हुआ है। जम्मू-कश्मीर की पर्यटन संभावनाओं को उजागर करने के लिए अन्य राज्यों में इसके पर्यटन स्थलों का जोर शोर से प्रचार करने की आवश्यकता है।

शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में नए पर्यटन स्थल विकसित करने की योजना में हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पिछले साल 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाया, जिसमें 26 लोग मारे गए।

इस घटना से जम्मू-कश्मीर में पर्यटन उद्योग को गंभीर झटका लगा। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को तीन दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे। शाह इस दौरान वामपंथी उग्रवाद पर केंद्रित एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे और बस्तर पंडुम-2026 महोत्सव के समापन समारोह में भी शामिल होंगे।

शाह शाम 4.15 बजे के करीब रायपुर के स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे पर उतरे जहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अन्य राज्य मंत्रियों ने उनका स्वागत किया।

वे नवा रायपुर के अटल नगर स्थित एक होटल में ठहरेंगे, जहां शाम को उन्हें एक बैठक की अध्यक्षता करनी है। रविवार को शाह उसी होटल में सुबह 10.30 बजे से वामपंथी उग्रवाद पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

केंद्र सरकार ने इस वर्ष 31 मार्च तक देश से नक्सलवाद को समाप्त करने का संकल्प लिया है। रविवार को ही बाद में वे एक साप्ताहिक पत्रिका के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

सोमवार को केंद्रीय मंत्री जगदलपुर में बस्तर पंडुम-2026 महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होने के बाद दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इस महोत्सव का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को किया।








# व्यापार समझौता दबाव में हुआ पीएम ने किया समर्पण : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार दावा किया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते से भारत को फायदा नहीं हुआ, बल्कि अमेरिका का लाभ हुआ है क्योंकि यह समझौता दबाव में किया गया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समर्पण कर दिया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि नमस्ते ट्रंपै हाउडी मोदी पर भारी पड़ गया है।

नमस्ते ट्रंपै और हाउडी मोदी ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान भारत एवं अमेरिका के रिश्तों से जुड़े दो बड़े राजनीतिककूटनीतिक कार्यक्रम थे, जिनका आयोजन क्रमशः अहमदाबाद और ह्यूस्टन में हुआ था। रमेश ने वीडियो से कहा, अभी तक इस समझौते के विवरण घोषित नहीं किए गए हैं, उनके बारे में शायद आने वाले कुछ महीनों में बताया जाए। लेकिन जो संयुक्त बयान जारी हुआ है, उससे कुछ बातें बिल्कुल साफ़ हैं। पहली, हम अमेरिका से आने वाले कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क को खत्म करेंगे या कम करेंगे। यह साफ़ तौर पर अमेरिकी किसानों के लिए फ़ायदे की बात है, भारतीय किसानों के लिए नहीं। उन्होंने कहा, दूसरी बात, जो बिल्कुल स्पष्ट है, वह यह है कि हम रूसी तेल का आयात बंद करने जा रहे हैं और अलग से अमेरिकी सरकार ने यह भी ऐलान कर दिया है कि अगर हम रूस से सीधे या परोक्ष रूप से तेल आयात करते हैं, तब भी हम पर 25 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क लगाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते में भारत के हितों की पूर्ति नहीं हुई है।

रमेश ने दावा किया, प्रधानमंत्री संसद में घबराए हुए नज़र आए, वह असहज थे। वे लोकसभा में नहीं आए। वे राज्यसभा में आए और वहां 97 मिनट का चुनावी भाषण दिया, जिसमें उन्होंने सिर्फ़ कांग्रेस को निशाना बनाया और विपक्ष द्वारा उठाए गए किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया।




# बहस लोकतंत्र का हिस्सा, सदन की मर्यादा बनी रहनी चाहिए

पटना। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि बहस और चर्चा लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं, लेकिन सदन की मर्यादा हर हाल में बनाए रखी जानी चाहिए। बिहार विधानसभा के स्थापना दिवस के अवसर पर विधानमंडल के केंद्रीय कक्ष में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा, निर्वाचित प्रतिनिधियों को सदन की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। विधानसभा और संसद के सदस्यों को अपने विचार व्यक्त करने का विशेषाधिकार है। उन्हें अपने विचार साझा करने चाहिए, लेकिन ऐसा करते समय गरिमा बनाए रखनी होगी। बहस और चर्चा लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं, लेकिन सदन की मर्यादा हर हाल में बनी रहनी चाहिए।

# योग, आयुर्वेद को कैंसर विज्ञान में शामिल कर मरीजों की मुश्किलें कम कर रहा एआईआईए गोवा

नयी दिल्ली। गोवा स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के विशेषज्ञ इंटिग्रेटिव ऑनकोलॉजी के तहत योग और आयुर्वेद को आधुनिक ऑन्कोलॉजी (कैंसर विज्ञान) में शामिल कर रहे हैं, जिससे कैंसर से जूझ रहे मरीजों को इस बीमारी से उत्पन्न होने वाली रोजमर्रा की चुनौतियों से निपटने और अपने दैनिक जीवन की गुणवत्ता में आवश्यक सुधार लाने में मदद मिल रही है। अधिकारियों ने बताया कि इंटिग्रेटिव ऑनकोलॉजी का बाह्यरोगी विभाग नवंबर 2025 में शुरू हुआ था और तब से यह कैंसर देखभाल के लिए एक बहु-विषयक एवं रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण प्रदान करके 150 से अधिक मरीज को लाभ पहुंचा चुका है। एआईआईए गोवा के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार प्रजापति ने कहा कि द इंटीग्रेटिव ऑन्कोलॉजी केयर एंड रिसर्च सेंटर आयुर्वेद को आधुनिक कैंसर विज्ञान के साथ जिम्मेदारीपूर्वक एकीकृत करके रोगी-केंद्रित और साक्ष्य-आधारित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के दृष्टिकोण को रेखांकित करता है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com